जबलपुर, शनिवार
दिनांक 21 फरवरी 2026
वर्ष 31 अंक 239
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

**सुविचार**
'आप अगर किसी की खुशियां लिखने वाली पेंसिल नहीं बन सकते तो एक अच्छा सा इरेजर बनो जो उनका दुख मिटा सके'

2 रिलायंस सीबीएम प्रोजेक्ट द्वारा...
5 ककैया डोलामाईट माईन्स क्षेत्र में...
7 अब सीमा पर रोबोट आर्मी तैनात...
11 तकनीक तभी सार्थक जब वह मानव...

# अनोखा अविष्कार: अब जूते ट्रैक करेंगे लैंडमाइन, लापता नहीं होंगे जवान

## जवानों के चलने पर अपने आप चार्ज होंगे जूते, दो मीटर पहले पता लगा लेंगे लैंडमाइन

मंडी

मंडी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव में भारतीय सेना के लिए एक ऐसे जूते का मॉडल प्रदर्शित किया गया, जो सुरक्षाबलों के लिए काफी मदद हो सकते हैं। महोत्सव में पीएम श्रीरावमापा सरकाघाट स्कूल के छात्रों ने भारतीय सेना के जवानों की सुरक्षा के लिए विशेष जूते दिखाए। ये जूते दो मीटर पहले लैंडमाइन का पता लगा सकते हैं, स्वयं चार्ज होते हैं। इसके साथ ही अगर कोई जवान कहीं लापता होता है तो उसकी लोकेशन भी ट्रैक हो जाएगी। सरकाघाट स्कूल के वैष्णवी, सोफियान, पूनम और अंशिका ने अपने शिक्षक विजय शर्मा के मार्गदर्शन में इन जूतों का निर्माण किया है। टीचर विजय ने बताया कि इन जूतों में बहुत कम वजन के सेंसर लगाए गए हैं। साथ ही जब सेना के जवान इनको पहनकर चलेंगे तो यह अपने आप चार्ज भी होंगी और लैंडमाइन या अन्य खतरा होने पर जवान को सिग्नल देंगे। इन जूतों को मोबाइल एप से भी जोड़ा गया है, ताकि अगर जवान भटक जाएं तो उनकी लोकेशन आसानी से मिल जाए। भविष्य में इन जूतों में मेटल डिटेक्टर लगाने की योजना है। वहीं इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव में इस स्टॉल पर बच्चों ने स्वचलित बांध के गेट खोलने की तकनीक, जिसमें पानी के स्तर पर गेट अपने आप खुलेंगे। कपड़े धूप के अनुसार



सुखाने की रोबोटिक तकनीक, जिसमें धूप होने पर कपड़े अपने आप बाहर आएंगे और वर्षा पर अंदर। साथ ही रोबोटिक डस्टबिन, जो सेंसर से चलता है और मौसम के पूर्वानुमान का यंत्र भी लगाया गया है। साथ ही कोडिंग भी यहां सिखाई जा रही है। इस स्टॉल का संचालन मंडी डाइट के विजय शर्मा, कमलेश महाजन, छविंद्र पाल व अनिल कुमार कर रहे हैं।

### डीआरडीओ भी बना चुका है

भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की इकाई रक्षा सामग्री एवं भंडार अनुसंधान एवं विकास स्थापना द्वारा भी बीते साल खास बूट तैयार किया गया था जिसे पहने जवान का पैर माइन पर पड़ने पर विस्फोट तो होगा पर जवान को कोई खास नुकसान नहीं पहुंचा पाएगी। दुश्मन के इलाके में घुसने पर सेना की इंफेंट्री बटालियन के सामने सबसे बड़ी चुनौती जवानों को लैंडमाइंस से बचाने की रहती है। अक्सर दुश्मनों द्वारा बिछाई गई माइंस में ब्लास्ट होने पर जवानों की जान चली जाती या फिर वह अपने पैर गंवा बैठते। डीएमएसआरडीई के तीन साल तक चले शोध के बाद तैयार एंटी माइन बूट पहनने पर 125 किग्रा तक के वजन के माइन के विस्फोट होने पर जवान की जान को खतरा नहीं होगा उनके पैर भी सुरक्षित होंगे।

### राहुल-खड़गे 24 को भोपाल आएंगे

**भोपाल।** कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 24 फरवरी को भोपाल आएंगे। कांग्रेस ने ऐलान किया है कि अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील के विरोध में राष्ट्रव्यापी आंदोलन की शुरुआत मध्य प्रदेश से की जाएगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि इस समझौते से सोयाबीन, कपास और मक्का उत्पादक किसान सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। उन्होंने बताया कि किसानों के हितों की इस लड़ाई को राहुल गांधी और खड़गे के नेतृत्व में देशभर में आगे बढ़ाया जाएगा, जिसकी शुरुआत मध्य प्रदेश से होगी।

### चाइल्ड पोर्नोग्राफी मामले में जेई व पत्नी को सजा-ए-मौत

**बांदा।** विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट की अदालत ने बच्चों के साथ यौन शोषण कर पोर्न वीडियो इंटरनेट में प्रचलित करने वाले चित्रकूट में सिंचाई विभाग में तैनात जेई रामभवन व उनकी पत्नी दुर्गावती को शुक्रवार शाम फांसी की सजा सुनाई है। दोषी जेई व उनकी पत्नी को चाइल्ड पोर्नोग्राफी की आनलाइन मानीटरिग के लिए गठित सीबीआई दिल्ली की विशेष यूनिट ने गहन छानबीन के बाद गिरफ्तार कर नई दिल्ली में मुकदमा दर्ज किया था। साथ में एक पैन ड्राइव भी सीबीआई ने विवेचना में शामिल की थी जिसमें 779 बच्चों के पोर्न फोटो शामिल रहे हैं। जांच में 34 बच्चों के साथ यौनशोषण करने का मामला सामने आया था। जूनियर इंजीनियर रामभवन 10 वर्षो से बच्चों का यौन शोषण करके अश्लील वीडियो बनाकर बेच रहा था।

### ट्रक-कार की भिड़ंत, परिवार के 5 की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात के वलसाड में शुक्रवार दोपहर को कार और ट्रक की भिड़ंत में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। घायलों की हालत भी गंभीर बनी हुई है। हादसे का शिकार हुए सभी लोग एक ही परिवार के हैं।

# दबाव में किया गया आत्मसमर्पण है व्यापार समझौता : राहुल गांधी

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर प्रधानमंत्री पर फिर साधा निशाना

नई दिल्ली (वार्ता)

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को आत्मसमर्पण बताते हुए कहा है कि यह कदम देश हित को नजरअंदाज कर दबाव में उठाया गया है। राहुल गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, व्यापार समझौते पर संसद में अपने भाषण में मैंने जिउ जित्सु (जिउ-जित्सु एक जापानी मार्शल आर्ट है, जिसमें प्रतिद्वंदी की ताकत को उसी के खिलाफ इस्तेमाल करना होता है) का उदाहरण क्यों इस्तेमाल किया। उन्होंने सवाल किया कि आखिर अमेरिकियों को खुश करने के लिए हमारे किसानों की कुर्बानी क्यों दी गयी और उसे हमारे तेल आयात तय करने की इजाज़त देकर भारत की ऊर्जा सुरक्षा से समझौता



क्यों किया गया? बिना किसी पारस्परिक वादे के, हर साल 100 अरब डॉलर का अमेरिकी आयात बढ़ाने पर सहमति क्यों दी गयी? कांग्रेस नेता ने कहा, मैंने यह क्यों कहा कि यह समझौता भारत को एक डेटा कॉलोनी (जहां किसी देश का नियंत्रण विदेशी शक्ति के पास हो) बना सकता है? श्री मोदी ऐसा समझौता क्यों मानेंगे?, जिसमें भारत इतना कुछ दे रहा और बदले में बहुत कम मिलता दिख रहा है। राहुल गांधी ने इसे शर्मनाक स्थिति बताया और कहा कि इस आत्मसमर्पण का रहस्य प्रधानमंत्री पर डाले गये ग्रिप्स या पकड़ और चोक्स या गला घोंटने वाली स्थिति में छिपा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि आखिर प्रधानमंत्री मोदी ऐसे समझौते पर क्यों सहमत हुए, जिसमें भारत इतना कुछ देता है और बदले में इतना कम मिलता है। उन्होंने इसे आत्मसमर्पण बताया और कहा कि इस घोर आत्मसमर्पण का कारण प्रधानमंत्री पर बनाये गये 'दबाव' में निहित है।

### ज्यादा देकर कम पा रहा भारत

राहुल ने कहा कि इस समझौते से ऐसा लगता है जैसे भारत ज्यादा दे रहा है और बदले में कम पा रहा है। राहुल ने इसे अमेरिका के सामने पूरी तरह झुक जाना बताया। राहुल ने कहा कि इस समझौते से भारत डेटा कॉलोनी बन सकता है। यानी देश का डेटा दूसरे देश के हाथ में चला जाएगा। भारत का डेटा बहुत कम कीमत पर अमेरिकी कंपनियों को दिया जा रहा है। राहुल ने अमेरिका में चल रहे अडानी मामले और एपस्टीन मामले का जिक्र किया और कहा कि कुछ फाइलें जारी नहीं की गई हैं, जिनसे जुड़े नाम सामने आ सकते हैं।

### मुझ पर लगे आरोप राजनीतिक हैं

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में बयान दर्ज करवाने सुल्तानपुर पहुंचे। वे जिले की एमपी-एमएलए कोर्ट में पहुंचे। पेशी के बाद राहुल गांधी ने कहा कि मुझ लगे सभी आरोप राजनीतिक हैं। कोर्ट ने राहुल गांधी को आखिरी मौका देकर तलब किया था। अदालत की ओर से उन्हें बयान दर्ज कराने के लिए 20 फरवरी को आखिरी मौका दिया गया था। कोर्ट ने सफाई सबूत के लिए अगली तारीख 9 मार्च दी है। राहुल गांधी आज करीब आधे घंटे कोर्ट में मौजूद रहे। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने यह जानकारी दी है। वादी अधिवक्ता संतोष पाण्डेय भी सुनवाई के दौरान मौजूद रहे।

### दबावों की वजह से समझौता हुआ

राहुल गांधी ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पर अलग-अलग तरह के दबाव हैं। एक तरफ अमेरिका का दबाव और दूसरी तरफ चीन सीमा पर खड़ा है। राहुल के मुताबिक, इन दबावों की वजह से यह समझौता हुआ। कांग्रेस का कहना है कि यह समझौता किसानों, कपड़ा उद्योग और देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा सकता है। पार्टी ने कहा कि किसी भी व्यापार समझौते में देश के हित और आजादी से समझौता नहीं होना चाहिए।

## हेमंत कटारे का उपनेता प्रतिपक्ष पद से इस्तीफा

**भोपाल।** भिंड जिले की अटेर सीट से कांग्रेस विधायक हेमंत कटारे ने मध्य प्रदेश विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। कटारे ने इस्तीफा पत्र में लिखा कि परिवार और क्षेत्र की जनता को पर्याप्त समय नहीं दे पाने के कारण वे यह जिम्मेदारी छोड़ रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजे पत्र में लिखा कि संगठन जिसे चाहे इस पद की जिम्मेदारी दे, वे पूर्ण सहयोग करेंगे। पार्टी ने उन्हें इस योग्य समझा, इसके लिए वे हमेशा आभारी रहेंगे। वे कांग्रेस पार्टी के साथ थे, हैं और आगे भी पूरी निष्ठा के साथ पार्टी के साथ रहेंगे। हेमंत कटारे की शुक्रवार को ही मैरिज एनिवर्सरी भी रही। वे शाम करीब 4 बजे तक विधानसभा की कार्यवाही में मौजूद रहे थे, फिर अचानक बाहर आ गए। शाम करीब 7 बजे मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कटारे के इस्तीफे की पुष्टि कर दी। पार्टी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा- मध्य प्रदेश विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। यह इस्तीफा उन्होंने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार को सौंपा है।



### सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प के आयात शुल्क आदेशों को कानून का उल्लंघन करार दिया

**वॉशिंगटन (वार्ता)।** अमेरिका की संघीय शीर्ष अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा 1977 के एक कानून के तहत प्राप्त आपातकालीन अधिकारों का प्रयोग करते हुए विभिन्न देशों के खिलाफ आयात शुल्क लगाने के लिए जारी आदेशों को शुक्रवार को गैर कानूनी करार दिया है। ट्रम्प ने पिछले साल विभिन्न देशों के खिलाफ 1977 के अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक अधिकार अधिनियम के तहत ऊंचे शुल्क लगाने के आदेश जारी किये थे, जिसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गयी थी। अमेरिकी मीडिया की प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने व्यवस्था दी है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने राष्ट्रीय आपातकाल के समय के लिए आरक्षित अधिकारों का प्रयोग कर जिस तरह देशों पर मनमाने शुल्क लगाये वह कानून का उल्लघंन है।

## अब विरासत में मिली संपत्ति भी होगी कुर्क

### मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत कार्रवाई में पुश्तैनी संपत्ति को जब्त करने के पहलू पर दिल्ली हाईकोर्ट ने अहम निर्णय सुनाया है। न्यायमूर्ति नवीन चावला व न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा की पीठ ने कहा कि मनी लॉड्रिंग की कार्रवाई में कुर्की के मामलों में पुश्तैनी या विरासत में मिली संपत्ति के लिए कानून में कोई छूट नहीं है। पीएमएलए के तहत अपीलेट ट्रिब्यूनल के 2025 के आदेश के खिलाफ दायर अपील याचिका को खारिज करते हुए पीठ ने कहा कि पुश्तैनी संपत्ति होने के कारण पीएमएलए के



तहत कुर्की से अपने आप छूट नहीं मिल जाता। कानून पुश्तैनी या विरासत में मिली संपत्ति के लिए कोई छूट नहीं देता। अदालत ने उक्त टिप्पणी करते हुए एक आदमी की अपील याचिका खारिज कर दी। अपीलीय ट्रिब्यूनल ने आदेश में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा सैनिक विहार में अपीलकर्ता की संपत्ति की प्रोविजनल कुर्की की पुष्टि को सही ठहराया था। अपीलकर्ता ने कहा कि संपत्ति उसने कभी नहीं खरीदी थी और उसके पिता ने 1991 में अपनी आय से उनके नाम पर संयुक्त रूप से खरीदी थी, इसलिए उसे कुर्क नहीं किया जा सकता था। हालांकि, अदालत ने माना कि अपील करने वाले का यह पक्ष कि पुश्तैती संपत्ति तब तक कुर्क नहीं की जा सकती जब तक कि वह गैर-कानूनी पैसे से न खरीदी गई हो, गलत है। पीठ ने देखा कि फैसला देने वाली अथारिटी ने सुबूतों के तहत यह पाया था कि उक्त संपत्ति की कीमत अपराध से हुई आय के बराबर है।

## एआई समिट में यूथ कांग्रेस ने किया अर्द्धनग्न प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली में चल रहे इंडिया एआई समिट 2026 में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने अर्द्धनग्न प्रदर्शन किया है। यूथ कांग्रेस के 8 से 10 कार्यकर्ता क्यूआर कोड के जरिये भारत मण्डपम में पहुंच गए। अंदर पहुंचते ही कांग्रेस के इन कार्यकर्ताओं ने अपने कपड़े उतार दिए और मंच के पास जाकर हंगामा करने लगे। इस दौरान कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने शर्ट और बनियान दोनों ही उतार दिए। कांग्रेस कार्यकर्ता भारत मण्डपम के अंदर अपना टी-शर्ट लहराने लगे। इस टीशर्ट पर पीएम कम्प्रोमाइज्ड लिखा हुआ था। इसके अलावा यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता अंदर में नारेबाजी कर रहे थे। मौके पर तुरंत पहुंची दिल्ली की टीम ने यूथ कांग्रेस के इन



कार्यकर्ताओं को तुरंत हिरासत में ले लिया। रिपोर्ट के मुताबिक सभी को तिलक मार्ग थाने ले जाया गया है। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने कहा है कि इनके खिलाफ लीगल एक्शन लिया जाएगा। पुलिस के अनुसार इस मामले में यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कृष्णा हरि, बिहार सचिव कुंदन यादव, तेलंगाना प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार और नरसिम्हा यादव को हिरासत में लिया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस प्रदर्शन के लिए कांग्रेस की तीखी आलोचना की है। उन्होंने कहा है कि जब पूरा विश्व भारत को नई दिल्ली में मौजूद भारत मंडपम में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट की मेजबानी करते हुए देख रहा था और तकनीक व नवाचार के क्षेत्र में हमारे बढ़ते वैश्विक नेतृत्व का साक्षी बन रहा था, उस समय कांग्रेस ने देश का सम्मान बढ़ाने के बजाय आयोजन में व्यवधान उत्पन्न करने का रास्ता चुना। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा जिस शर्मनाक तरीके से कार्यक्रम स्थल पर अनुचित व्यवहार करते हुए हंगामा किया गया है वह न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि भारत की प्रतिष्ठा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर धूमिल करने का प्रयास भी है।

# सीईओ की कमी से जूझ रहे विभाग को मिले अफसर

भोपाल

पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित किए गए 2023 बैच के 13 विकासखंड अधिकारियों की पदस्थापना प्रभारी मुख्य कार्य पालन अधिकारी के पदों पर की गई है। इन सभी अधिकारियों की पदस्थापना 2 वर्ष की परिवीक्षा अवधि के आधार पर की गई है। विकासखंड अधिकारी के पद पर चयनित जिन अधिकारियों को प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी पदस्थ किया है उसमें रोहित कुमार उपाध्याय को समनापुर जिला डिंडोरी, शिवम दीक्षित को करंजिया जिला डिंडोरी, भारती धाकड़ को घाटीगांव जिला ग्वालियर, भारती ठाकुर को लवकुश नगर जिला छतरपुर, सचिन कुमार अग्रवाल को बजाग जिला डिंडोरी, शालू दोहरे को भिंड, स्वराज सांवलिया को निवाली जिला बड़वानी, झलकन को भैंसदेही जिला बैतूल, ऋतिक सोलंकी को डही जिला धार, संदीप मुझाल्दा को खरगोन, मनीषा रावत को कुक्षी जिला धार, प्रवीण डाबर को नर्मदापुरम, शुभम निनामा को खंडवा पदस्थ किया है। विभाग द्वारा राज्य सेवा परीक्षा 2023 के मुख्य सूची से चयनित 12 मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर जिनकी पदस्थापना की गई है उसमें सिद्दी कौरव को शुजालपुर जिला शाजापुर, अंकित सिंघई को लांजी जिला बालाघाट, लोकेश साहू को सिवनी, आकाश जैन को घंसौर जिला सिवनी, रवि पाटीदार को रहली जिला सागर, मुस्कान गुप्ता को विजयपुर जिला श्योपुर, शिवानी कौरव को बंडा जिला सागर, अश्वनी को खातेगांव जिला देवास, राजेश्वरी को हरदा, निलेश मौर्य को राहतगढ़, निलेश बर्मन को लखनादौन जिला सिवनी तथा शिवम वर्मा को शाहनगर जिला पन्ना पदस्थ किया है। इसके अलावा राज्य सेवा परीक्षा 2024 की मुख्य सूची में चयनित मुख्य कार्य पालन अधिकारी के पद पर जिनकी 5 अफसरों की पोस्टिंग की गई है उसमें अंकित कुमार सिरोठिया को मानपुर जिला उमरिया, लक्ष्मी नारायण रावत को मझगंवा जिला सतना, सोनम जैन को शिवपुरी योगिता परमार को गुना तथा विकास राव को बल्देवगढ़ जिला टीकमगढ़ पदस्थ किया गया है।

**ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर कानून से खिलवाड़**

# धड़ल्ले से बिक रहे ड्रोन-जैमर, नोटिस जारी

नई दिल्ली

ऑनलाइन बाजार में ऐसे उपकरण धड़ल्ले से बेचे जा रहे थे, जिनपर सरकार का सख्त नियंत्रण है। लाइसेंस और मंजूरी के बिना ऐसी छह ई-कामर्स कंपनियों की चोरी पकड़ी गई है, जो एंटी ड्रोन सिस्टम और जैमर की बिक्री कर रही थीं। ये उपकरण सामान्य इलेक्ट्रानिक सामान नहीं होते। ये रेडियो फ्रीक्वेंसी सिग्नल को बाधित करते हैं, जिससे ड्रोन या जीपीएस सिस्टम काम करना बंद कर सकते हैं। इन उपकरणों को अगर चालू किया जाए तो आसपास उड़ रहे ड्रोन या जीपीएस आधारित सिस्टम काम करना बंद कर सकते हैं। इसी वजह से सुरक्षा के लिहाज से इन उपकरणों की बिक्री और उपयोग पर कड़ा नियंत्रण रखा जाता है। आम नागरिक इन्हें न तो खरीद सकते हैं और न ही इस्तेमाल कर सकते हैं। आमतौर पर इनकी अनुमति केवल अधिकृत सरकारी एजेंसियों या सुरक्षा बलों को दी जाती है। कानून भी इसपर स्पष्ट है। सुरक्षा कारणों से ऐसे उपकरणों पर नियंत्रण रखा जाता है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। नोटिस में कंपनियों से पूछा गया है कि इन उपकरणों का स्त्रोत क्या है। क्या उनके पास जरूरी लाइसेंस और मंजूरी है। पिछले दो वर्षों में कितनी बिक्री हुई और किन-किन लोगों ने खरीदा। साथ ही यह भी बताने को कहा गया है कि भविष्य में ऐसी लिस्टिंग रोकने के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे। सीसीपीए का कहना है कि जिन प्लेटफार्म्स पर ये उत्पाद सूचीबद्ध थे, वहां कहीं भी यह साफ नहीं लिखा गया था कि इ न्ह खरीदने के लिए विशेष लाइसेंस या सरकारी अनुमति चाहिए। न ही वैध प्रमाणन या मंजूरी से जुड़ी जानकारी दी गई थी। इससे आम खरीदार को यह लग सकता है कि यह सामान सामान्य रूप से उपलब्ध है। प्राधिकरण के अनुसार इस तरह जरूरी जानकारी छिपाना उपभोक्ताओं को गुमराह करना है और यह अनुचित व्यापार व्यवहार की श्रेणी में आ सकता है।



### 6 ई-कॉमर्स कंपनियों को नोटिस

इन कंपनियों में एवरसे, इंडिया मार्ट, एक्सबूम, जावियट एयरोस्पेस, मैवरिक ड्रोन एंड टेक्नोलाजी प्राइवेट लिमिटेड एवं एयरवन रोबोटिक्स शामिल हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि ड्रोन तकनीक के तेजी से बढ़ते उपयोग के बीच ऐसे उपकरणों की अनियंत्रित बिक्री राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती है।

### बिना लाइसेंस बेचे जा रहे ड्रोन-जैमर

इंडियन टेक्नोलाजी एक्ट-1885 एवं वायरलेस टेलीग्राफी एक्ट-1933 के तहत ऐसे उपकरणों के स्वामित्व और उपयोग को नियंत्रित रखना है। इसके अलावा आयात के मामले में भी सख्त नियम लागू होते हैं और संबंधित विभाग से मंजूरी जरूरी होती है। बिना लाइसेंस इनका व्यापार करना कानून का उल्लंघन माना जाता है।

# रिलायंस सीबीएम प्रोजेक्ट द्वारा बहुविशेषज्ञ चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन






शहडोल (स्वतंत्र मत)

रिलायंस सीबीएम सीएसआर प्रोजेक्ट द्वारा प्रोजेक्ट एरिया अंतर्गत आने वाले ग्राम देवरी न.1 मे 17 फरवरी को एवं लालपुर 19 फरवरी में बहुविशेषज्ञ नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना एवं आमजन को विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श प्रदान करना था।

दोनों शिविरों में ग्राम देवरी न.1, लालपुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 800 मरीजों ने अपनी स्वास्थ्य जाँच कराकर शिविर का लाभ उठाया। शिविर में विभिन्न रोगों की जाँच, परामर्श एवं आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम शासकीय बिरसा मुंडा चिकत्सा महाविद्यालय शहडोल द्वारा उपलब्ध कराई गई। शिविर में दंत रोग विशेषज्ञ, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ तथा सामान्य चिकित्सा विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं। मरीजों को उनके स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु विस्तृत परामर्श दिया गया तथा आवश्यकतानुसार आगे की उपचार प्रक्रिया के लिए मार्गदर्शन तथा नि:शुल्क औषधियों का वितरण भी किया गया।

शिविर का शुभारंभ रिलायंस फाउंडेशन के साइट हेड, संबंधित ग्राम के सरपंच एवं प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में पंचायत प्रतिनिधि एवं रिलायंस फाउंडेशन के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## सी.बी.एम. साइट हेड एवं सीएसआर प्रमुख का संबोधन

ग्राम लालपुर के शिविर शुभारम्भ कार्यक्रम के दौरान सी.बी.एम. साइट हेड श्री राजेश वर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा, च्चरिलायंस फाउंडेशन सदैव समुदाय के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा उद्देश्य केवल चिकित्सा शिविर आयोजित करना ही नहीं, बल्कि परियोजना क्षेत्र के प्रत्येक परिवार तक स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, स्वच्छता एवं आजीविका से जुड़े सतत विकास कार्यक्रमों को पहुँचाना है। हम ग्रामवासियों के सहयोग से भविष्य में भी नियमित स्वास्थ्य शिविर, जागरूकता कार्यक्रम एवं अन्य सामुदायिक विकास गतिविधियाँ आयोजित करते रहेंगे, ताकि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।ज्ज साइट सीएसआर हेड श्री राजीव श्रीवास्तव ने भी अपने संबोधन में सी.बी.एम. प्रोजेक्ट अंतर्गत संचालित विभिन्न सीएसआर पहलों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि परियोजना क्षेत्र के गाँवों के समग्र एवं सतत विकास के लिए स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास, शिक्षा एवं आजीविका संवर्धन जैसे विभिन्न कार्यक्रम निरंतर संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन पहलों का मुख्य उद्देश्य समुदाय को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है। ग्राम के वरिष्ठ सदस्य श्री अरुण द्विवेदी ने भी शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के बहुविशेषज्ञ चिकित्सा शिविर ग्रामीणों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। उन्होंने सी.बी.एम. प्रोजेक्ट द्वारा आयोजित इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी नियमित रूप से ऐसे सहयोग एवं विकासात्मक कार्यक्रमों की अपेक्षा व्यक्त की। इसके साथ शुभारम्भ कार्यक्रम में ग्राम की सरपंच रामकली बैगा, जनपद सदस्य निसाबी नायक, उप सरपंच दीपेंद्र सिंह, रिलायंस से अजीत सिंह, विनीत सिंह, राजकुमार डोलिया तथा अश्वनी शर्मा,भी उपस्थित रहे ।

## आयोजन में विशेष योगदान

शिविर के सफल आयोजन में डॉ. समीम खान एवं अमितेश पांडेय की विशेष भूमिका रही। इसके अतिरिक्त बीरेन्द्र प्रजापति, अभिलाष तिवारी, कुंवरअली सिंह तथा क्षेत्रीय कार्यकर्ता लीलमन सिंह, हीरा सिंह, दारा सिंह, मोहन सिंह, राजबहोर सिंह, रोहिणी सिंह, राजभान सिंह, रणजीत सिंह, सुजीत सिंह, रवि द्विवेदी, धर्मदत्त, प्रदीप गुप्ता, रवेंद्र गुप्ता, संग्राम सिंह, शिप्रा सिंह, दुर्गा वर्मन एवं सीतू यादव की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। साथ ही रिलायंस की चलित चिकित्सा इकाई एवं ग्राम पंचायत का भी शिविर के आयोजन में विशेष सहयोग एवं योगदान रहा, जिसके कारण यह कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं, जहाँ विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएँ सामान्यत: उपलब्ध नहीं हो पातीं।रिलायंस फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ्य एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में किए जा रहे ऐसे प्रयास क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण सहयोग सिद्ध हो रहे हैं।

# कॉंग्रेस ने तीन मंत्रियों का पुतला दहन कर माँगा इस्तीफ़ा



शहडोल (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश काँग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा प्रस्तावित प्रदेशव्यापी कार्यक्रम के अंतर्गत एवं जिला काँग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के निर्देशानुसार, सोहागपुर ब्लॉक काँग्रेस अध्यक्ष प्रीतमदास सोनी के नेतृत्व में आज गांधी चौक, शहडोल में भाजपा सरकार के तीन मंत्रियों के पुतले का दहन किया गया।

यह पुतला दहन प्रदेश में हालिया घटनाओं के लिए जिम्मेदार मंत्रियों के तत्काल इस्तीफे की माँग को लेकर किया गया। काँग्रेस ने आरोप लगाया कि कफ सिरप से हुई मौतों के लिए जिम्मेदार मंत्री राजेन्द्र शुक्ला, सेना अधिकारी एवं महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाले मंत्री विजय शाह, तथा भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित जलप्रदाय से हुई मौतों के लिए दोषी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद से त्यागपत्र देना चाहिए। वहीं मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के खिलाफ अशोभनीय व अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया गया जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं करेगी। काँग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार की विफल नीतियों के कारण मध्यप्रदेश आज आर्थिक बदहाली, प्रशासनिक अराजकता और जन-असुरक्षा के दौर से गुजर रहा है। स्वास्थ्य, जल आपूर्ति और महिला सम्मान जैसे संवेदनशील विषयों पर सरकार की लापरवाही ने आमजन का भरोसा तोड़ा है। प्रदेश काँग्रेस कमेटी इन जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आम नागरिकों के हित में निर्णायक संघर्ष छेड़ने के लिए दृढ़संकल्पित है। काँग्रेस ने स्पष्ट किया कि यह संघर्ष केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि गरीबों, किसानों, मजदूरों, युवाओं और आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा का आंदोलन है। अब चुप रहने का समय नहीं है-अन्याय, असंवेदनशीलता और जवाबदेही से पलायन के विरुद्ध संगठित और निर्णायक आवाज बुलंद करने का समय है।

# पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल मे पंचम दीक्षांत समारोह का आयोजन 25 फरवरी को

शहडोल (स्वतंत्र मत)

पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में पंचम दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन 25 फरवरी 2026 को प्रात: 11 बजे नवाबपुर परिसर में किया जाएगा। इस गरिमामय अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं गणमान्य नागरिकों को सादर आमंत्रित किया है। समारोह की अध्यक्षता मध्यप्रदेश के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मंगुभाई पटेल करेंगे। कार्यक्रम में शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह, जैतपुर के विधायक जय सिंह मरावी, जयसिंहनगर की विधायक मनीषा सिंह तथा ब्यौहारी के विधायक शरद कोल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल एवं पूर्व महानिदेशक, आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कोर अनुप बनर्जी दीक्षांतङ्कउद्बोधन देंगे। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राम शंकर दीक्षांतङ्कशपथ दिलाएंगे। समारोह में विभिन्न संकायों के मेधावी विद्यार्थियों को उपाधि एवं स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार यह आयोजन न केवल शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि युवा पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रेरित करने का अवसर भी है। कार्यक्रम की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं और विश्वविद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। प्रशासन ने सभी आमंत्रित अतिथियों एवं विद्यार्थियों से समय पर उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

# सब्जी मंडी गंज में प्रतिबंधित सिंगल यूज पॉलिथीन पर बड़ी कार्रवाई

**शहडोल।** नगर पालिका परिषद शहडोल द्वारा प्रतिबंधित सिंगल यूज़ पॉलिथीन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत दिनांक 19 फरवरी 2026 को सब्जी मंडी गंज क्षेत्र में सघन निरीक्षण एवं प्रभावी कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती आशा भंडारी के निर्देशन में संपन्न हुई। निरीक्षण के दौरान थोक एवं फुटकर विक्रेताओं की 10 दुकानों पर छापामार कार्यवाही करते हुए 22 किलो 550 ग्राम प्रतिबंधित सिंगल यूज़ पॉलिथीन जब्त की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले संबंधित दुकानदारों पर कुल ?2800 का अर्थदंड अधिरोपित किया गया तथा भविष्य में प्रतिबंधित पॉलिथीन का उपयोग न करने की सख्त चेतावनी दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शासन के निर्देशानुसार सिंगल यूज़ प्लास्टिक पूर्णत: प्रतिबंधित है। इसका उपयोग पर्यावरण, सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता व्यवस्था के लिए अत्यंत हानिकारक है। नगर पालिका द्वारा व्यापारियों को कपड़े एवं जूट के थैलों सहित अन्य पर्यावरण हितैषी विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान एसआई अनिल महोबिया, भूपेश कोरे, संतोष लखेरा, दुर्गेश गुप्ता, आईसी टीम से गौरव एवं उनकी टीम, तथा फायर टीम के सदस्य उपस्थित रहे।



# आंगनबाड़ी के बच्चों के साथ मउ मण्डल के महामंत्री ने भतीजे का मनाया जन्मदिवस

ब्यौहारी (स्वतंत्र मत)



जनपद पंचायत ब्यौहारी के ग्राम पंचायत भोलहरा मे दिनांक 20/02/2026 को बच्चों को खुशियाँ देने वाला दृश्य देखने को मिला। भोलहरा ग्राम पंचायत के उपसरपंच नवल किशोर व मउ मण्डल के महामंत्री अंकित चतुर्वेदी ने अपने भतीजे आयन चतुर्वेदी का जन्म दिवस गांव के ही आंगनबाड़ी केंद्र मे जा कर वंहा उपस्थित बच्चों के बीच बड़े ही हर्षउल्लास के साथ मनाया गया, जंहा केक काटकर और बच्चों को चॉकलेट, टॉफियां और पौष्टिक लड्डू जैसे उपहार दिए गए तथा पोष्टीक भोजन परोषकर भतीजे के विशेष दिन को यादगार बनाया गया है। आंगनबाड़ी केंद्र को रंगीन गुब्बारो और फूलो से सजाया गया जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी और मुस्कान देखने को मिला। यह एक अच्छे जनप्रतिनिधि की सोच को दर्शाता है जो इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से बच्चों को स्नेह और अपनापन महसूस कराया। यह पहल बच्चों के भावनात्मक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उपसरपंच नवल किशोर और मउ मण्डल के महामंत्री अंकित चतुर्वेदी ने बताया कि बच्चों मे अनेकता मे एकता के भाव को लाने का प्रयास है। यह पहल हमारे आपके पंचायत के छोटे छोटे बच्चों के मनोबल को बढ़ता है। केंद्र मे उपस्थित सभी लोगों व बच्चों ने आयन चतुर्वेदी को जन्म दिवस की बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी।

# 15वें वित्त और मनरेगा निधि का घोटाला ! कलेक्टर ने बनाई जांच समिति, 7 दिन में रिपोर्ट

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले में पिछले तीन वर्षों से शासन के आदेशों और निर्देशों के बावजूद पन्द्रहवें वित्त और मनरेगा निधि का सही उपयोग न होने की शिकायतें जनसुनवाई के माध्यम से कलेक्टर कार्यालय तक हुंची हैं। बता दें कि यह मामला उन हजारों ग्रामीणों की उम्मीदों से जुड़ा है, जिनका हक इन निधियों में छिपा है। शिकायतों में आरोप है कि जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के लिए मिलने वाली निधियों का अनुचित खर्च किया गया। इसमें शहपुरा, चौरा (दुल्लोपुर) एवं कछारी, करंजिया, खारीडीह, अमरपुर, कमकोमोहनिया और रामगुडा (दुनिया-बघाड) ग्राम पंचायतें शामिल हैं। कलेक्टर ने तुरंत संज्ञान लेते हुए इस मामले की गहन जांच के लिए समिति गठित की है। बता दें कि जांच समिति में शामिल हैं प्रियांशी जैन, डिप्टी कलेक्टर डिंडौरी, राहुल उइके, अनुविभागीय अधिकारी नर्मदा घाटी परियोजना डिंडौरी, प्रफुल्ल बिसेन, लेखा अधिकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डिंडौरी और रामजीवन वर्मा, सहायक परियोजना जिला पंचायत डिंडौरी। समिति को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे सात दिनों के भीतर अपना विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करें, ताकि निधियों के सही उपयोग और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि मनरेगा और पन्द्रहवें वित्त की निधियां उनके जीवन और रोज़गार से जुड़ी हैं, और इनके दुरुपयोग से उनका हक छिन सकता है। प्रशासन की इस पहल ने यह संदेश दिया है कि डिंडौरी में विकास कार्य और वित्तीय अनुशासन को प्राथमिकता दी जा रही है। इस तरह की जांच से केवल दुरुपयोग रोका नहीं जाएगा बल्कि ग्रामीण विकास और रोजगार सृजन के लिए शासन के निर्देशों का सही पालन भी सुनिश्चित होगा। ग्रामीण समुदाय ने उम्मीद जताई है कि जांच समिति निष्पक्ष होकर उनके हक की रक्षा करेगी और निधियों का हर पैसा सही दिशा में जाएगा। कलेक्टर कार्यालय की यह पहल ग्रामीणों की उम्मीदों और अधिकारों के प्रति प्रशासन की संवेदनशीलता का परिचायक है।



# जिले में 150 से अधिक शिक्षकों की वेतन कटौती का खतरा! जानिए कारण और सूची में कौन-कौन शामिल

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, करंजिया ने जिले के सभी शिक्षकों और अधिकारियों को ई-अटेंडेंस (ष्-।ह्लद्बह्य पोर्टल के माध्यम से) दर्ज करने के लिए कड़ा निर्देश जारी किया है। निरीक्षण में पता चला कि कई शिक्षक और अधिकारी ई-अटेंडेंस नहीं लगा रहे हैं, जिससे अनुशासनहीनता सामने आई है। सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग, के पत्र और दिनांक 20.11.2025 के वीसी में दिए निर्देशों के आधार पर, यह सुनिश्चित किया गया है कि ई-अटेंडेंस शत-प्रतिशत दर्ज हो। जिन कर्मचारियों ने अनुपालन नहीं किया, उनके एक दिन का वेतन काटा जाएगा और यह सेवा पुस्तिका में दर्ज किया जाएगा। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के द्वारा जारी पत्र के मुताबिक 150 से अधिक शिक्षकों की सूची तैयार की गई है, जिसमें पूर्व बीईओ और कई प्राचार्य शामिल हैं। यदि सूची में शामिल किसी कर्मचारी ने आवश्यक जवाब नहीं दिया, तो आयुक्त एवं सहायक आयुक्त के आदेशानुसार उनके वेतन में कटौती की जाएगी और यह कार्रवाई सेवा पुस्तिका में स्थायी रूप से दर्ज की जाएगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि ई-अटेंडेंस न लगाने की जिम्मेदारी सीधे उस कर्मचारी की होगी।




# जिले में ई-अटेंडेंस पर सख्ती, आदेश न मानने वालों की लिस्ट मांगी, लापरवाह अफसरों पर गिरेगी गाज

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जनजातीय कार्य विभाग डिंडौरी द्वारा द्बक्रस्/द्ब।ञ्क्रस् एप के माध्यम से शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज न कराए जाने को गंभीरता से लेते हुए कड़ा रुख अपनाते हुए पत्र जारी किया गया है। जारी कार्यालयीन पत्र में स्पष्ट किया गया है कि पूर्व में दिए गए निर्देशों के बावजूद आज दिनांक तक कई विकासखंडों में जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। पत्र में उल्लेख है कि कर्मचारियों द्वारा ई-अटेंडेंस दर्ज न करने की स्थिति में एक दिवस का वेतन रोके जाने तथा सेवा पुस्तिका में प्रविष्टि किए जाने के निर्देश पहले ही दिए जा चुके थे, इसके बावजूद पालन नहीं हुआ। इस लापरवाही के कारण वरिष्ठ अधिकारियों की समीक्षा बैठकों में कार्यालय द्वारा संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया जा सका, जिसे विभागीय अनुशासन के दृष्टिकोण से गंभीर माना गया है। सहायक आयुक्त कार्यालय द्वारा पुन: निर्देशित किया गया है कि द्ब।ञ्क्रस् पोर्टल का तत्काल सत्यापन किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी कर्मचारी सेवानिवृत्त या स्थानांतरित होकर अन्य जिले में पदस्थ न हो। ऐसे कर्मचारियों के नाम पोर्टल से पृथक करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही, लंबे समय से ई-अटेंडेंस दर्ज न करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु प्रस्ताव तैयार कर कार्यालय को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि अनुपस्थित कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। यह पत्र विकासखंड डिंडौरी, अमरपुर, समनापुर, बजाग, करंजिया, मेंहदवानी एवं शहपुरा सहित संबंधित अधिकारियों को भेजा गया है। साथ ही विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को भी सूचना प्रदान की गई है। जनजातीय कार्य विभाग डिंडौरी द्वारा जारी इस पत्र से स्पष्ट है कि अब उपस्थिति व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई तय मानी जा रही है।




# एक ही परिवार को कई प्रधानमंत्री आवास, मृतकों के नाम मजदूरी, अधूरे निर्माण कार्यों में पूरा भुगतान

## सरपंच-सचिव पर रिश्तेदारों को लाभ पहुंचाकर करोड़ों की गड़बड़ी के गंभीर आरोप

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

ग्राम पंचायत जैसे लोकतंत्र के सबसे निचले पायदान पर यदि भ्रष्टाचार जड़ जमा ले, तो उसका सीधा असर सबसे कमजोर वर्ग पर पड़ता है। प्रधानमंत्री आवास जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं जब एक ही परिवार और रिश्तेदारों तक सीमित हो जाएँ, तो यह केवल अनियमितता नहीं बल्कि सामाजिक अन्याय बन जाता है।

ताजा मामला जिले के जनपद पंचायत अमरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत परसेल में सरपंच और सचिव की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्राम पिण्डरूखी, परसेल और हथकटा के ग्रामीणों ने कलेक्टर डिंडौरी को दिए गए शिकायती आवेदन में सीधे तौर पर सरपंच गुलाबवती कुशराम और सचिव पहलाद मरकाम को कटघरे में खड़ा किया है। आरोप है कि दोनों ने पंचायत को निजी जागीर बना लिया और शासकीय योजनाओं को अपने रिश्तेदारों व चहेतों तक सीमित कर दिया।





ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी महत्वपूर्ण योजना में सरपंच-सचिव ने पारदर्शिता को पूरी तरह दरकिनार कर दिया। तीनों ग्राम सभाओं में न तो हितग्राही सूची का वाचन किया गया और न ही पात्र परिवारों के नाम सार्वजनिक किए गए। आरोप है कि नियमों को ताक पर रखकर अपने रिश्तेदारों और नजदीकी लोगों के नाम से आवास स्वीकृत कर निर्माण कराया गया, जबकि जरूरतमंद आज भी इंतजार में हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि पंचायत में चल रहे सार्वजनिक निर्माण कार्यों में सरपंच और सचिव की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर आर्थिक गड़बड़ी की गई। उपसरपंच को ठेकेदारी देकर उन्हीं की ट्रैक्टर-जेसीबी मशीन से कार्य कराया गया और वास्तविक कार्य से कई गुना अधिक बिल पास कराकर सरकारी राशि का आहरण किया गया। जहां सीमित मुरूम और कम समय में खुदाई हुई, वहां कई गुना मात्रा और घंटों का भुगतान दिखाया गया। ग्रामीणों ने मस्टर रोल में फर्जीवाड़े का भी गंभीर आरोप लगाया है। प्रभावशाली लोगों के परिजनों के नाम से हाजिरी भरकर भुगतान कराने की बात कही गई है। इससे मनरेगा और अन्य रोजगारपरक योजनाओं की साख पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। इतना ही नहीं, आवेदन में यह भी आरोप है कि सचिव ने अपने कार्यकाल के दौरान एक ही परिवार को एक से अधिक प्रधानमंत्री आवास दिलवाए और गौशाला भवनों के निर्माण में भी अपनों को फायदा पहुंचाया। इससे साफ संकेत मिलता है कि पंचायत स्तर पर नियमों की खुलेआम अनदेखी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि दो वर्षों से कई निर्माण कार्य अधूरे पड़े हैं, लेकिन सरपंच-सचिव का ध्यान उन्हें पूरा कराने की बजाय कागजों में भुगतान कराने पर रहा। अब ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कर सरपंच और सचिव के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि पंचायत में चल रहे भ्रष्टाचार पर लगाम लग सके।

# आपातकालीन और आपदा की परिस्थितियों से निपटने जिनसार के विद्यार्थियों ने सीखी तकनीकें

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज एंड रिसर्च (जिनसार) के विद्यार्थियों ने प्राचार्य प्रभारी प्रो. डॉ. प्रिंसे शाजी एवं डॉ. प्रो. अनूप तिवारी के मार्गदर्शन में शासन प्रायोजित 7-दिवसीय नि:शुल्क सिविल डिफेन्स प्रशिक्षण कार्यक्रम में सक्रिय रूप से सहभागिता की।

यह प्रशिक्षण 13 फरवरी 2026 से 19 फरवरी तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम अत्यंत ज्ञानवर्धक, व्यावहारिक एवं कौशल-आधारित था, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन एवं बचाव कार्यों की आवश्यक तकनीकों से सुसज्जित करना था। सातों दिनों के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न बचाव



कार्यों का सैद्धांतिक ज्ञान एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण ने आपातकालीन एवं आपदा की परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा करने तथा दूसरों की सहायता करने की उनकी क्षमता को सुदृढ़ किया।

### मौखिक और लिखित परीक्षा का आयोजन

प्रशिक्षण में आपदाओं के प्रकार, कारण एवं आपदा प्रबंधन की रणनीतियां,ड्रोन हमलों की जानकारी, सुरक्षा उपाय एवं रस्सी बचाव (रोप रेस्क्यू) तकनीक, अग्नि सुरक्षा, आग के सिद्धांत, अग्नि नियंत्रण की विधियाँ एवं हाउस फायर पार्टी का संगठन, आपातकालीन बचाव की विधियां एवं त्वरित प्रतिक्रिया तकनीकें, विभिन्न बचाव उपकरणों का परिचय एवं उनका सही उपयोग, मानव शरीर की मूल संरचना, सीपीआर (हृदय-फुफ्फुस पुनर्जीवन), घावों का प्रबंधन एवं रक्तस्राव नियंत्रण की तकनीके सीखी। तत्पश्चात लिखित परीक्षा, प्रायोगिक परीक्षा एवं मौखिक परीक्षा (वाइवा) का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिवस प्रतिभागियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने पर प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम अत्यंत लाभकारी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। विद्यार्थियों ने अनेक जीवनरक्षक तकनीकों का ज्ञान प्राप्त किया तथा आपातकालीन परिस्थितियों का प्रभावी ढंग से सामना करने का आत्मविश्वास विकसित किया।



## छुल्लक श्री तत्वार्थ सागर का समाधि मरण

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** आचार्य श्री 108 विद्यासागर महामुनिराज एवं आचार्य श्री 108 समयसागर महामुनिराज के शिष्य संस्कारधानी जबलपुर के नगर गौरव छुल्लक श्री तत्वार्थ सागर का परोला जलगांव में समतापूर्वक समाधि मरण हो गया है। आप मुनिवर श्री अक्षय सागर महाराज के संघस्थ साधनारत थे। क्षुल्लक श्री की समाधि पर लायन नरेन्द्र जैन, जैन नवयुवक सभा पूर्व अध्यक्ष अखिलेश जैन, लार्डगंज ट्रस्ट के राकेश कौशल, अरुण वकील, सतीश जैन नेता आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।



## कांग्रेसियों ने फूंका मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला

### कथित टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन, माफी मांगने की मांग

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कस्तूरबा गांधी ब्लॉक अध्यक्ष समर्थ अवस्थी के नेतृत्व में शुक्रवार को कांग्रेस जनों ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन कर विरोध किया। प्रदर्शन के दौरान समर्थ अवस्थी ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व मंत्री के मुख से नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार के खिलाफ औकात जैसे असंवैधानिक और हल्के शब्द का प्रयोग किया गया जो कि मध्यप्रदेश के संस्कार के अनुरूप नहीं है। ब्लॉक अध्यक्ष समर्थ अवस्थी ने कहा कि जब तक मंत्री अपनी गलती मानते हुए लिखित में माफी नहीं मांगते तब तक विरोध जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान समर्थ अवस्थी, शिशिर नन्होरिया, पार्षद अयोध्या तिवारी, पार्षद संस्तोष दुबे, राहुल यादव, पार्षद हर्षित यादव, पूर्व पार्षद पंकज पांडे, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश यादव, मदन लारिया,इंदिरा पाठक तिवारी, रंबल विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

### युवक कांग्रेस ने किया जमकर प्रदर्शन



मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार पर कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में मप्र युवा कांग्रेस के आह्वान पर शहर युवा कांग्रेस ने दमोह नाका चौक पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन कर विरोध जताया। प्रदर्शन का नेतृत्व शहर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सतेंद्र (सोनू) कुकरेले और भानु यादव ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष के नेता के प्रति इस तरह की भाषा न केवल निंदनीय है, बल्कि यह राजनीतिक मर्यादाओं के भी विरुद्ध है। युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव भानु यादव एवं कपिल भोजक ने बताया कि सार्वजनिक जीवन में बैठे जनप्रतिनिधियों को अपनी भाषा और आचरण में संयम रखना चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद जतिन राज, विधानसभा अध्यक्ष नितिन सिंह, सुशांत सिंह ठाकुर, अन्नू तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## जेईई मेन्स में जिले में प्रथम स्थान पर रहे एपीएन स्कूल के कुशाग्र वर्मा



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

जेईई मेन्स 2026 की परीक्षा में एपीएन सीबीएसई के छात्र कुशाग्र वर्मा ने 99.87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान अर्जित करने का गौरव प्राप्त किया। छात्र कुशाग्र की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार की बल्कि विद्यालय की छवि को भी गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, स्टेट बोर्ड प्राचार्य अजय वर्मा, सीबीएसई प्रभारी प्राचार्य करन खुराना आदि ने उन्हें अपनी शुभकामनायें प्रेषित करते हुये छात्र कुशाग्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## 31वें अरुणोदय सम्मान समारोह में अलंकृत हुई विशिष्ट प्रतिभाएं

### पं अरुण शुक्ला की स्मृति में हुए विविध आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** वर्ष 1993 से निरंतर आयोजित 'अरुणोदय' सम्मान समारोह का 31वां आयोजन संस्कारधानी में गरिमामय वातावरण में शुक्रवार को संपन्न हुआ। प्रभु आराधना एवं दीप प्रज्ज्वलन से प्रारंभ हुए समारोह में वरिष्ठ पत्रकार एन.के. सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, कुलपति पी.के. मिश्रा और वरिष्ठ पत्रकार चैतन्य भट्ट सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहे, जबकि लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह एवं राज्यसभा सांसद विवेक तंखा ने वर्चुअल माध्यम से अपने संदेश दिए। अपने उद्बोधन में एन.के. सिंह



ने पत्रकारिता के समक्ष राज्यसत्ता, विज्ञापन दबाव और कॉर्पोरेट प्रभाव जैसी चुनौतियों का उल्लेख करते हुए निष्पक्षता को सर्वोपरि बताया। महापौर अन्नू ने मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए कहा कि एक स्तंभ कमजोर होगा तो पूरा ढांचा डगमगा जाएगा। अंत में 'अरुणोदय डायरी' का विमोचन कर पं अरुण शुक्ला की स्मृतियों को नमन किया गया। आशीष शुक्ला की पुत्री यशिका ईशानी शुक्ला ने आत्मविश्वासपूर्ण स्वागत भाषण देकर आयोजन को आत्मीयता प्रदान की। वही मंच का संचालन एड संपूर्ण तिवारी ने किया

### इन्हें किया गया सम्मानित

समारोह में पत्रकारिता, सामाजिक सेवा और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को मेडल, स्मृति चिन्ह, शॉल, श्रीफल एवं सम्मान राशि से अलंकृत किया गया। सम्मानितों में राजकुमार रैकवार, आलोक बैनर्जी, रवि अग्रवाल, अरविंद पांडे, अजय क्षेत्री, लाली कोष्टा, आशीष रैकवार, राजेंद्र पांडे, शिवकुमार चौबे, दृष्टि जैन सहित अनेक नाम शामिल रहे। समारोह में अतिथियों का स्वागत सौरभ शुक्ला, अभिषेक शुक्ला, डॉ. अर्पित शुक्ला, अस्तित्व शुक्ला, कृष्णा शुक्ला आदि ने किया।

## लीज होल्ड भूमियों को फ्री होल्ड करने विधानसभा में उठा मुद्दा

### विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय की मांग पर मिला आश्वासन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र विधानसभा में उत्तर-मध्य से विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने क्षेत्र के 5,000 से अधिक परिवारों की लीज होल्ड भूमि को फ्री-होल्ड कराने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। विधायक द्वारा लगाए गए तारांकित प्रश्न (क्र. 1411) पर चर्चा के दौरान नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने



आगामी तीन माह के भीतर कार्यवाही पूर्ण करने का बड़ा आश्वासन दिया है। विधायक पाण्डेय पिछले एक वर्ष से इस विषय पर लगातार संघर्षरत हैं इस विषय पर मार्च 2025 में सबसे पहले ध्यानाकर्षण के माध्यम से सदन का ध्यान खींचा था।जुलाई 2025 में इससे संबंधित प्रश्न लगाकर एवं बजट सत्र में आज पुन: तारांकित प्रश्न लगाकर सदन का ध्यान इस जनहित के विषय की ओर आकर्षित किया।

उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने विधानसभा में प्रश्न उठाते हुए कहा कि मेरी विधानसभा अंतर्गत सुभद्रा कुमार चौहान, भवानी प्रसाद तिवारी, स्वामी दयानंद सरस्वती एवं राममनोहर लोहिया वार्ड में निवासरत 5000 परिवारों को लीज होल्ड भूमि की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

डॉ पाण्डेय ने कहा कि इस विषय में ठोस कदम उठाकर समस्या को दूर किया जाए और नियमों को जनता के लिए सुविधाजनक बनाया जाए। मप्र शासन की ओर से नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि नियमों के सरलीकरण के लिए वे स्वयं सभी नगर निगम कमिश्नरों की बैठक लेंगे और 3 महीने में इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाएगा।

### पमरे में कैशलेस ट्रांजेक्शन को मिल रहा बढ़ावा

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल के तीनों मंडलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा में पीआरएस काउंटर्स, यूटीएस काउंटर्स तथा पार्सल कार्यालयों में पीओएस मशीनों के माध्यम से कैशलेस भुगतान की सुविधा में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इसके साथ ही यात्रियों को यूपीआई/भीम एवं मोबाइल टिकटिंग जैसे डिजिटल माध्यमों से टिकट खरीदने प्रोत्साहित किया जा रहा है। जनवरी माह में पश्चिम मध्य रेल ने यूटीएस के माध्यम से 09 लाख 77 हजार 401 यात्रियों से 11 करोड़ 58 लाख 04 हजार 215 रुपये का कैशलेस ट्रांजेक्शन के माध्यम से रेलवे राजस्व अर्जित किया है।

## रेलवे केन्द्रीय चिकित्सालय में वितरित किए फूड बास्केट



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रेल्वे केन्द्रीय चिकित्सालय में शुक्रवार को टीवी रोगियों को फूड बास्केट वितरण कार्यक्रम चिकित्सालय के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 10 टीवी रोगियों को फूड बास्केट वितरण हेतु, निक्षय मित्र के साथ आमंत्रित किया गया। डॉ. मीनाक्षी मिश्रा वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी, डॉ. संदीप चौहान, टी.वी. हेल्थ विजिटर धीरेन्द्र तिवारी ने आये हुए निक्षय मित्र का सम्मान करते हुए टी.वी. रोगियों को इस रोग के लक्षण, बचाव एवं जांच के संबंध में बताते हुए पोषण आहार की महत्व को बताया। टी.वी. रोगियों को आये हुए अतिथियों ने फूड बास्केट वितरित किये गये। कार्यक्रम में जूली परेरा मुख्य आफिस अधीक्षक, सहायक नर्सिंग आफिसर ललिता लाल तथा रेल्वे की मेट्रन और अन्य अधिकारीगण मौजूद थे। इस कार्यक्रम में निक्षय मित्र के रूप में श्रीमती वंदना वर्मा का समस्त परिवार, नितिन सीएचआई, जूली परेरा, शीला सिंह आफीस अधीक्षक ने टीवी रोगियों को फूड बास्केट प्रदान किये।

## हथियारबंद बदमाशों ने बुजुर्ग को सरेराह बेरहमी से पीटा

### लार्डगंज थाने का मामला, आरोपियों की तलाश में पुलिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

एक साथ कई हथियारबंद बदमाशों ने एक 68 वर्षीय बुजुर्ग को बेरहमी से पीटा। जिसका एक वीडियो सामने आया है। बताया जा रहा है कि यह वारदात गोल बाजार के पास 18 फरवरी की है। इसका बुजर्ग की पहचान राजाराम विश्वकर्मा के रूप में हुई है, जो अस्पताल में फर्नीचर बनाने का काम करते हैं। गंभीर हालत में राजाराम को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा है कि राजाराम के बेटे संदीप विश्वकर्मा परिवार समेत चेरीताल इलाके में रहते हैं। करीब डेढ़ महीने पहले संदीप के पड़ोस में रहने वाला शुभम जायसवाल अपने दोस्तों के साथ सड़क पर शराब



पीकर तेज आवाज में बातचीत कर रहा था। संदीप बाहर निकले और उन्हें डांट दिया। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। आरोपियों ने उन्हें देख लेने की धमकी दी थी। शुभम अपने साथियों के साथ संदीप पर हमला करने की फिराक में था, लेकिन मौका नहीं मिला। 14 जनवरी को आरोपियों ने संदीप के घर के बाहर बम फोड़े। गालीगलौज भी की। पड़ोसियों के इकट्ठा होने पर सभी फरार हो गए।

### शरीर पर आई गंभीर चोटें

बताया जा रहा है कि 18 फरवरी को राजाराम अस्पताल में काम कर रहे थे। शाम को राजाराम के मोबाइल पर एक कॉल आया। फोन करने वाले ने कहा- ठेला बनवाना है। हम लोग अस्पताल के बाहर खड़े हैं। चाहे तो एडवांस भी ले सकते हो। ये बात सुनकर राजाराम जैसे ही अस्पताल से बाहर पहुंचे, शुभम ने अपने साथी शनि रजक, विकास रजक और महेंद्र पटेल के साथ उन्हें घेर लिया और मारपीट करने लगे। फिर बाइक पर बैठकर भाग गए। सूचना मिलते ही लार्डगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। राजाराम को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद बताया कि उनके दोनों हाथ, पैर और गले में फ्रैक्चर हैं। गंभीर चोटें हैं। सीएसपी रितेश कुमार शिव ने कहा कि जल्द ही सभी हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## जेडीए सीईओ ने किया ताबड़तोड़ निरीक्षण विकास कार्यों में तेजी लाने दिए निर्देश



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जबलपुर विकास प्राधिकरण की नवीन विकासाधीन योजना क्रमांक-64 एवं 65 में चल रहे अधोसंरचना विकास कार्यों तथा अन्य निर्माणाधीन प्रोजेक्ट का आज जेडीए सीईओ दीपक वैद्य द्वारा मैराथन निरीक्षण किया गया। सीईओ दीपक वैद्य योजनाओं में चल रहे विकास कार्यों का लगातार निरीक्षण कर रहे है, जिससे विकास कार्यों में ठेकेदार द्वारा भी तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में सीईओ जेडीए दीपक वैद्य द्वारा बताया गया कि जबलपुर विकास प्राधिकरण अपने मूल उद्देश्य की पूर्ति के लिये लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में योजना कमांक 41 को नागपुर कटनी बाईपास की ओर जोड़ने वाली 48 मीटर चौड़ी एवं 2.50 किमी लम्बा बहुप्रतीक्षित एसआर-3 मार्ग शीघ्र अतिशीघ्र आमजनों के आवागमन के लिये उपलब्ध होगा। आपने आगे बताया कि आवागमन की दृष्टि से यह मार्ग जबलपुर के लिये अत्यंत उपयोगी है। इस मार्ग से विजय नगर एवं यो.क.-41 होते हुये ए.आर.पी.-4 मार्ग की कनेक्टिविटी सीधे नागपुर कटनी बाइपास से हो जायेगी, जिससे 8 किलोमीटर की दूरी से बचत होगी एवं ईंधन की बचत के साथ ही यातायात सुदृढ़ीकरण को नई दिशा मिलेगी, इसके साथ ही पाटन बायपास के यातायात दबाव से भी काफी हद तक निजात मिल सकेगी। सीईओ श्री वैद्य द्वारा बताया गया कि यो.क.-64 एवं 65 लगभग 500 एकड़ में विकसित की जा रही है। इन योजनाओं को बनाने में पारम्परिक तरीकों से परे, महानगरों की तर्ज पर आधुनिक तकनीक के प्रयोग कराते हुये सेक्टरवाईज विकास कार्य कराये जायेंगे तथा लोगों की हर जरूरत जैसे चौड़ी सड़कें, फुटपाथ, साईकिल ट्रैक, वॉकिंग ट्रैक, खुले मैदान, पार्क, शैक्षणिक भूखण्ड, हेल्थ सेंटर, पुलिस स्टेशन, खेल मैदान, शॉपिंग काम्पलेक्स आदि सभी का समावेश किया गया है एवं भूमिगत सीवेज प्रणाली, नाली, जलप्रदाय, केबल एवं बिजली तारों के लिये यूटिलिटी डक्ट आदि प्रावधान भी रखे गये है। इन योजनाओं में आंतरिक विकास कार्य भी शीघ्र प्रारम्भ हो जायेंगे। निरीक्षण के दौरान जेडीए के कार्यपालन यंत्री संजय खरे, सहायक यंत्री राकेश शर्मा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## 39 दिन पूर्व हासिल किया 508.08 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन का लक्ष्य

### रानी अवंती बाई सागर जल विद्युत गृह बरगी में तेजी से किया जा रहा विद्युत उत्पादन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी (एमपीपीजीसीएल) के रानी अवंती बाई सागर जल विद्युत गृह बरगी ने शुक्रवार को सुबह 7.45 बजे वित्तीय वर्ष 2025-26 के वार्षिक लक्ष्य 508.08 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन को 39 दिनों पूर्व हासिल करने में सफलता पाई है। 90 मेगावाट स्थापित क्षमता के बरगी जल विद्युत गृह का इस दौरान प्लांट अवेलेबिलिटी फेक्टर (पीएएफ) 93 फीसदी रहा। जल विद्युत गृह का फोर्सड् आउटेज मात्र 0.81 फीसदी व प्लानड या नियोजित आउटेज 4.47 फीसदी रहा। बरगी जल विद्युत गृह ने यह सफलता तकनीकी दक्षता, कुशल संचालन व सुदृढ़ अनुरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए



हासिल की। 38 वर्ष पुराने जल विद्युत गृह ने 12 हजार घंटे से अधिक किया विद्युत उत्पादन-38 वर्ष पुराने बरगी जल विद्युत गृह की दोनों उत्पादन यूनिट ने सामूहिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 12130 घंटे संचालन दर्ज कर निर्धारित उत्पादन लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस दौरान बरगी जल विद्युत गृह की प्रथम यूनिट ने 254.89 मिलियन यूनिट व द्वितीय यूनिट ने 253.19 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया। जल विद्युत गृह के अभियंताओं व ठेका श्रमिकों द्वारा अपना कार्य ध्यानपूर्वक और सुरक्षित तरह से निष्पादित किया गया जिससे जल विद्युत गृह के परिचालन में किसी भी तरह की कठिनाई उत्पन्न नहीं हुई। यह उपलब्धि कंपनी के लिए परिचालन लागत की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। पिछले वित्तीय वर्ष में भी बरगी ने हासिल किया था लक्ष्य-रानी अवंती बाई सागर जल विद्युत गृह बरगी की 45 मेगावाट की प्रथम यूनिट 3 जून 1988 और 45 मेगावाट की द्वितीय यूनिट 29 नवम्बर 1988 को क्रियाशील हुई थी।

बरगी जल विद्युत गृह ने इससे पूर्व पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी विद्युत नियामक आयोग के निर्धारित वार्षिक लक्ष्य 508 मिलियन यूनिट की तुलना में 509 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया था। लक्ष्य को समयपूर्व प्राप्त करना कार्यसंस्कृति का परिचायक प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने रानी अवंती बाई सागर जल विद्युत गृह द्वारा 39 दिन पूर्व ही वित्तीय वर्ष 2025-26 के वार्षिक लक्ष्य को हासिल करने की सफलता पर अभियंताओं व कार्मिकों बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान में हम अपने अभियंताओं और कार्मिकों की प्रतिबद्धता, दक्षता और टीम भावना के बल पर सकारात्मक विकास पथ पर अग्रसर हैं।

प्रत्येक लक्ष्य को समयपूर्व प्राप्त करना हमारी कार्यसंस्कृति का परिचायक बनता जा रहा है और हम सभी गर्व के साथ इन उपलब्धियों को साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सफलता सुविचारित निर्णय प्रक्रिया, समयबद्ध तकनीकी हस्तक्षेप, प्रभावी अनुरक्षण रणनीति और अभियंताओं व ठेका श्रमिकों के समन्वित प्रयासों से यह सफलता संभव हो पायी है।

# स्कूली छात्रा के अपहरण की कोशिश

**लालबर्रा के बाद कटंगी नगर से छात्रा के अपहरण की घटना**



कटंगी(स्वतंत्र मत)।

बालाघाट जिले के लालबर्रा से स्कूली छात्रा का अपहरण का पहला मामला सामने आया था उसके बाद अब कटंगी शहर के कहारी मोहल्ला से कक्षा दूसरी की छात्रा के अपहरण करने की कोशिश की घटना सामने आई हैं। इस मामले को लेकर छात्रा के परिजनों ने पुलिस थाना में शिकायत नहीं की है।

घटना बुधवार की शाम करीब साढ़े 04 बजे उस वक्त की हैं जब वार्ड क्रमांक 07 कक्षा दूसरी की छात्रा जया तुमड़ाम घर से कुछ दूर रहने वाली कक्षा चौथी की छात्रा प्रिंसी मानकर के साथ स्कूल की छुट्टी होने के बाद घर की तरफ वापस लौट रही थी। सह छात्रा की सुझबूझ से कथित तौर पर अपहरण की यह बड़ी घटना टल गई। इस घटना के बाद नगर में हड़कंप मचा हुआ हैं। जया के माता-पिता ने घटना का खुलासा किया हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार की शाम को बच्चियां स्कूल से घर वापस लौटी तब उन्हें पूरी घटना की जानकारी मिली। हालांकि उन्होंने घटना के 24 घंटे बाद भी थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज नहीं करवाई।

प्रिंसी ने बताया कि एक वैन से कुछ लोग उतरे और उन्होंने जया से कहा कि उन्हें उसके पिता ने भेजा है और हाथ पकड़कर गाड़ी की तरफ ले जाने लगे। जिसका प्रिंसी ने विरोध किया और जया का हाथ छुड़ाने की कोशिश करते हुए शोर मचाया। जिसके बाद जया का कथित अपहरण करने की कोशिश करने वाले लोग वैन में बैठकर फरार हो गए। इस दौरान सड़क से जा रहे बालाघाट के किसी शख्स ने दोनों बच्चियों को उनके घर के सामने जाने वाली सड़क तक सुरक्षित छोड़ दिया। नगर में दिन-दहाड़ अपहरण की कोशिश की इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर पुलिस की कार्यशैली पर जमकर सवाल खड़े किए जा रहा है। हर कोई आज अपने छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता में डूबा हुआ नजर आ रहा हैं।

इस बीच बालाघाट पुलिस ने एक अजनबी व्यक्ति द्वारा बच्चे को ले जाने की कोशिश की हालिया घटना को देखते हुए अभिभावकों के लिए एडवायजरी जारी की हैं। पुलिस ने अभिभावकों से अनुरोध किया है कि यदि आपका बच्चा घर पैदल/साइकिल/बस से उतरने के बाद अकेला जाता है, तो वह अपने बच्चों को समझाएं कि वह कम से कम 2 या 3 दोस्तों के साथ ही पैदल या साइकिल से जाएं। यदि बच्चा बस से आता है, तो समय पर बस स्टॉप पहुँचें।

बच्चे को छोड़ने या लेने के लिए खुद बस स्टॉप पर मौजूद रहें। बच्चे को अकेले बस स्टॉप तक न जाने दें और न ही बस से उतरने के बाद घर तक अकेला आने दें। अपने बच्चे को बार-बार याद दिलाएं कि वह कभी भी किसी अजनबी से बात न करें, उनसे कोई उपहार या चॉकलेट न लें, और न ही किसी अनजान व्यक्ति की कार या बाइक पर बैठें। बच्चे को मुख्य और भीड़भाड़ वाली सड़कों से ही जाने को कहें। सुनसान रास्तों या छोटे रास्तों का उपयोग बिल्कुल न करने दें। यदि बच्चे को लेने के लिए किसी नए व्यक्ति या रिश्तेदार को भेज रहे हैं, तो पहले स्कूल एडमिन को फोन करें।

**छात्रावास की छात्राओं ने अधीक्षिका के खिलाफ खोला मोर्चा**

# जब तक मैडम को हटाएंगे नहीं तब तक होस्टल जाएंगे नहीं



बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

आदिवासियों के विकास के नाम पर सरकार हर साल करोड़ों रुपए करते हैं। कई सुविधाओं विशेष पिछड़ी जनजाति के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए सरकार विशेष कार्यक्रम और सुविधाएं चलाती है। लेकिन जमीन पर तस्वीरें अलग ही नजर आती है। शायद यहीं वजह है कि बालाघाट शहर में स्थित विशेष पिछड़ी जनजाति छात्रावास की आधा सैंकड़ा बच्चियां ने अपनी होस्टल अध्यक्षिका के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और पहुंच गई कलेक्ट्रेट स्थित जनजाति कार्य विभाग के दफ्तर में। इतना ही नहीं, बच्चियों ने इस बार ना सिर्फ होस्टल अध्यक्षिका की शिकायत की है, बल्कि यह जीद पकडे हुए है कि जब तक मैडम को हटाया नहीं जायेगा, तब तक वे होस्टल नही लौटेगी।

बच्चियों ने होस्टल अधक्षिका पर गंभीर आरोप लगाए है। कलेक्ट्रेट पहुंची बच्चियों ने मीडिया से बातचीत में बताया कि वह इस होस्टल में चार साल से रह रही है। तब से लेकर अब तक मैडम अवैध वसूली करती है। जो बच्चे होस्टल में आते है उनसे 25 हजार रुपए तक वसूली करती है। वहीं, पैसे न देने पर बच्चियों को टारगेट करते हुए मानसिक रूप से प्राताड़ित करती है। कभी बिना आवेदन का छुट्टी का बोलकर तो कभी कोई और वजह बताकर। कई मामलों में तो मैडम बच्चियों की पिटाई तक करती है। यहां तक की खाना भी अच्छा नहीं मिलता...कभी दाल में आटा मिलाकर देती है, तो कभी सब्जी में आटा लगा देती है। जिसे बच्चे ठीक से ग्रहण भी नही कर पाते। जब खाना ही ठीक से नहीं खाएंगे, तो पढ़ेंगे कैसे। इन्ही तमाम विसंगतियों को लेकर अब छात्राओं ने उच्च अधिकारियों से शिकायत कर अधीक्षिका को तत्काल हटाने की मांग की है। इधर, जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त शकुंतला डामोर का कहना है कि मामले में तत्काल कार्रवाई की गई है। एक कमेटी बनाकर जांच करवाई जा रही है। वहीं, मामले की गंभीरता को देखते हुए बच्चियों के हित में ही फैसला लिया जाएगा।

## बिना रेसिप्रोकल रजिस्ट्रेशन सेवाएं देने वाले विशेषज्ञों पर होगी कार्रवाई

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** जिले के निजी नर्सिंग होम और अस्पतालों में अन्य राज्यों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा बिना विधिवत पंजीयन के सेवाएं देने के मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने कड़ा रुख अपनाया है। इस संबंध में पर्यवेक्षी प्राधिकारी एवं सीएमएचओ डॉ. उपलप द्वारा सभी निजी चिकित्सा संस्थानों को निर्देश जारी किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से यह तथ्य सामने आया कि जिले में पंजीकृत निजी नर्सिंग होम एवं क्लीनिकों द्वारा क्लीनिकल परामर्श, सर्जिकल प्रक्रियाएं, एनेस्थीसिया, न्यूरोलॉजी, कार्डियक, यूरोलॉजी तथा आर्थोपेडिक जैसी विशिष्ट सेवाओं के लिए अन्य राज्यों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की साप्ताहिक, पाक्षिक या मासिक आधार पर सेवाएं ली जा रही हैं। जांच में यह पाया गया कि संबंधित विशेषज्ञों द्वारा मप्र मेडिकल काउंसिल से रेसिप्रोकल रजिस्ट्रेशन कराए बिना ही जिले में चिकित्सा व्यवसाय किया जा रहा है। यह कृत्य मप्र आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम 1987 की धारा 21 का उल्लंघन है, जो धारा 24 के तहत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। साथ ही, ऐसे गैर-पंजीकृत विशेषज्ञों की सेवाएं लेना मप्र उपचर्यागृह तथा रुजोपचार संबंधी स्थापना अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 के प्रावधानों का भी उल्लंघन माना जाएगा। सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप ने निर्देशित किया है कि निजी नर्सिंग होम संचालक अन्य राज्य के विशेषज्ञों की सेवाएं लेने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि संबंधित चिकित्सक ने मध्यप्रदेश मेडिकल काउंसिल में रेसिप्रोकल रजिस्ट्रेशन कराया हो तथा इसकी सूचना पर्यवेक्षी प्राधिकारी को दी गई हो। अन्यथा संबंधित संस्था के विरुद्ध नर्सिंग होम एक्ट के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी तथा संबंधित चिकित्सक के विरुद्ध भी मध्यप्रदेश मेडिकल काउंसिल एवं संबंधित राज्य की स्टेट मेडिकल काउंसिल को प्रस्ताव भेजकर कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी।

# दिवंगत खिलाड़ियों की याद में जिला स्तरीय फुटबॉल का हुआ आगाज



उकवा (स्वतंत्र मत)।

फुटबॉल की नगरी के नाम से विख्यात उकवा नगर में वर्ष भर फुटबॉल प्रतियोगिताये आयोजित होती रहती है। इसी कड़ी में उकवा की प्रसिद्ध फुटबॉल टीम एसबीएम फुटबॉल क्लब द्वारा शुक्रवार को उकवा मॉयल ग्राउंड में उकवा के दिवंगत खिलाड़ी आकाश ठाकुर, सुभाष खरे, मंगल कुमार की पावन स्मृति में जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शानदार आगाज आज से उकवा मॉयल ग्राउंड में किया गया। जिसमें क्षेत्र की दस टीमें हिस्सा ले रही है।

शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उकवा चौकी प्रभारी आकाश शर्मा, जिला फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता जेम्स बारिक, अमन गौतम स्वय सेवी, दिवंगत खिलाड़ी के परिजन सरस्वती बाई,उमा ठाकुर, सातो बाई, शकुन बाई आदि परिजनों की गरिमामई उपस्थिति में दिवंगत खिलाड़ियों के छाया चित्र पर पूजन अर्चन कर रिबन काटने के उपरांत खिलाड़ी परिचय के साथ किया गया। शुभारंभ अवसर पर पहला मैच राइजिंग स्टार उकवा और यंग इलेवन के मध्य जिसमें ट्राय वेंकर से यंग इलेवन विजेता रही,दूसरा मैच जीजस क्लब उकवा और गोंडवाना क्लब नारंगी के मध्य खेला गया।

आयोजन को सफल बनाने हेतु एस बीएम के वरिष्ठ खिलाड़ी दर्शन दीप, रोशन बालेंद्र, परदेशी दुधमोंगरा, मेहतर नंद, दीपक राउत, बृजलाल भुआर, रोशन नेताम, अनीश कुमार, सुनील सुना, मनीष कठीते, सामेल कलेथ,अखिलेश कोसमा, पीलू तराम,जय कुमार, अनिकेत नंद, बंटी,अजय प्रहलाद नंद,अतुल, दिसोन, नवीन, आयुष, भारत, समर्थ, राहुल, सुजल, हितेश, आयुष शिव, अनुराग, राज आर्यन, देवेंद्र, अभिमन्यु, राज, रमेश, अमन दीप, दिकू साहू, निलेश, मिथलेश, शिवा आदि ने की है।



## बाइपास में हुआ सड़क हादसा बाइक सवार 3 लोग घायल

**कटंगी (स्वतंत्र मत)।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत खजरी-खमरिया बाईपास में कतरकना के नजदीक भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसे में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। घायलों को संजीवनी 108 से नजदीक के सरकारी अस्पताल कटंगी में प्राथमिक उपचार के लिए लाकर भर्ती करवाया गया। एक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है। हादसा गुरुवार की देर शाम साढ़े 08 बजे के आस-पास हुआ है। मिली जानकारी अनुसार महेश सिरसाम उम्र 45 वर्ष, प्रेम उइके उम्र 18 वर्ष, रामेश्वर उइके उम्र 23 वर्ष तीनों निवासी ग्राम खमरिया अपने घर की तरफ जा रहे थे। इनकी मोटरसाइकिल को दूसरी मोटरसाइकिल ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे इनकी मोटरसाइकिल सामने जा रही बैलगाड़ी से जाकर टकरा गई। सड़क हादसे की सूचना मिलने पर संजीवनी 108 ईएमटी डॉ गौरीशंकर पटले और पायलेट दिलीप उइके घटनास्थल पर पहुंचे जिन्होंने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। यहां से महेश को जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया।

# नौरोजाबाद में दिनदहाड़े दबंगई,कपड़ा व्यापारी से अड़ीबाजी कर फरार हुए दो हिस्ट्रीशीटर

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

जिले के नौरोजाबाद में गुरुवार को दोपहर करीब 2 बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब दो हिस्ट्रीशीटर बदमाशों ने एक कपड़ा व्यापारी से खुलेआम अड़ीबाजी की और भुगतान करने से इनकार कर दिया। घटना के बाद बाजार में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार हिस्ट्रीशीटर शीतल कोल और पिंटू राठौर नौरोजाबाद स्थित हीरा क्लॉथ स्टोर पर पहुंचे। शुरुआत में दोनों ने सामान्य ग्राहकों की तरह कपड़े देखे और पसंद भी किए। दुकानदार को लगा कि रोजमर्रा की तरह एक सामान्य खरीदारी हो रही है। लेकिन जैसे ही भुगतान की बात आई, दोनों का रवैया अचानक बदल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों ने साफ शब्दों में कहा कि वे कपड़ों का पैसा नहीं देंगे। इतना ही नहीं, उन्होंने व्यापारी को धमकाने की भी



कोशिश की। दुकानदार ने जब विरोध किया तो कहासुनी शुरू हो गई। बाजार में मौजूद अन्य दुकानदार और ग्राहक भी शोर सुनकर इकट्ठा हो गए। माहौल तनावपूर्ण होता देख किसी ने तुरंत पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही नौरोजाबाद थाना पुलिस मौके के लिए रवाना हुई। थाना प्रभारी बालेंद्र शर्मा ने बताया कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही दोनों आरोपी वहां से फरार हो गए। हालांकि उनकी पहचान स्पष्ट है और उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। आरोपियों की तलाश के लिए दबिश दी जा रही है। थाना प्रभारी का कहना है कि दोनों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना ने स्थानीय व्यापारियों में चिंता बढ़ा दी है। उनका कहना है कि यदि हिस्ट्रीशीटर इस तरह खुलेआम बाजार में दबंगई करेंगे तो छोटे व्यापारियों का कामकाज प्रभावित होगा। कई व्यापारियों ने पुलिस से बाजार क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही दोनों को पकड़कर कानून के हवाले किया जाएगा।

नौरोजाबाद की इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था कितनी मजबूत है और अपराधियों में कानून का कितना डर बाकी है। अब सबकी नजर पुलिस कार्रवाई पर टिकी है।

# कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली का किया निरीक्षण



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।**

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने पाली विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली के ओपीडी,ब्लड कक्ष, मरीजो केभर्ती कक्ष,डाक्टर ड्यूटी कक्ष,रसोई कक्ष का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कुछ डाक्टर निर्धारित ड्रेस कोड में नही पाए गए, जिन्हें निर्धारित ड्रेस कोड में आने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान शव के पोस्टमार्टम मे आने वाली समस्याओं के बारे मे अवगत कराया गया, जिस पर कलेक्टर ने सीएमएचओ एवं एसडीएम को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया जिससे इसका लाभ आम नागरिकों को जल्दी से जल्दी मिलने लगे।

निरीक्षण के दौरान पाली के बीएमओ पीएल सागर अनुपस्थित पाए गए, जिन्हें शो काज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान बताया गया कि बीएमओ पाली, शहडोल से अप डाउन करते है, कभी कभार ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आते है। रसोई कक्ष के अवलोकन के दौरान रसोई कक्ष स्थान छोटा होना पाया गया,जिसके अस्थाई रूप से विस्तारीकरण करने की बात कही गई । उन्होने कहा कि मरीजों को पौष्टिक एवं गुणवत्तायुक्त भोजन का वितरण किया जाए। इस दौरान कलेक्टर ने अस्पताल में भर्ती मरीजो से बातचीत की तथा अस्पताल व्दारा उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधा के बारे में जानकारी प्राप्त की ।

## 22 फरवरी को भोपाल में होगा असेंबली आफ एमपी जर्नलिस्ट पत्रकारों का महा अधिवेशन



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** पिछले वर्षो के अनुसार इस वर्ष 2026 का प्रांतीय पत्रकार अधिवेशन भोपाल में 22 फर को हो होना है, जिस कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष राधा वल्लभ शारदा जी करेंगे एवं अतिथ्य रूप में मप्र सरकार के मंत्री, जनसम्पर्क और सचिवालय के प्रतिष्ठ लोग शामिल होगे। इस महा अधिवेशन में पूरे मध्य प्रदेश के पत्रकार एवं शहडोल सम्भागीय अध्यक्ष राजू गुप्ता, सम्भागीय महासचिव महेन्द्र मिश्रा के साथ क्षेत्रीय कई दर्जन पत्रकार भी शामिल होंगे। प्रांतीय अध्यक्ष सम्मानीय राधा वल्भ शारदा जी का मानना है कि समाज एवं लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ विश्व का दर्पण माना जा रहा है, पत्रकारों के लेखनी और कैमरा राष्ट और समाज सेवा में हमेशा समर्पित रहते हैं, हमेशा निर्भीक और निस्पक्ष सेवा करने में पत्रकारों का मुख्य भूमिका सदा से चला आ रहाहै, कोविड जैसे महा मारी का प्रकोप हो अथवा वार्डर में युद्ध का माहौल, रैली हो व बिसाल सभायें, प्राकृतिक आपदा हो व कड़के की ठंडी, भीषण गरमी हो अथवा भारी वारिष का समय - जहां से लोग दूर भागते नजर आते हैं तब पत्रकार अपने प्राणों को दाव में लगाकर समाचार के माध्यम से सेवा कार्य में बड़े लगन भाव से जुड़े रहते हैं, वहीं बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहाहै कि ऐसे कलनकार मित्रों के सुरक्षा, सम्मान और जीवन यापन वाले सांथ के लिये सरकार द्वारा आज तक किसी भी प्रकार के कोई कानून नहीं बनाये गये हैं। भृष्टाचार जैसे सच्चाई खबर प्रकाशित और प्रासारित होने पर दोषियों पर कार्य वाही होने के भय से दोषियों द्वारा पत्रकारों के ऊपर दबाव बनाने के लिये अक्सर झूठे शिकायतें दर्ज करवा दिये जाते हैं, कहीं पत्रकार जेल भेजे जाते हैं तब पत्रकार के परिवार को अनेक एवं विभिन्न प्रकार के धमकी देने जैसे कृत्य वाले चरचायें भी सुनने को मिलते रहते हैं, ऐसे स्थिति में पत्रकार समाज सेवा जैसे अपना कार्य स्वतंत्र, निर्भीक एवं निस्पक्ष रूप से कैसे कर पायेंगे, जो बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह बना हुआ है, इसीलिए हमारा असेंबली आफ एमपी जर्नलिस्ट यूनियन पत्रकारों को अपना अधिकार दिलवाने के लिये सदा से संघर्षशील रहता है।

## ई-विकास प्रणाली में पंजीयन,सत्यापन अनिवार्य

**उमरिया (स्वतंत्र मत)।** उप संचालक कृषि संग्राम सिंह ने बताया कि उर्वरक (खाद) खरीदी हेतु पंजीयन करने की विधि मध्यप्रदेश में किसानों को सब्सिडी वाली खाद (यूरिया, डीएपी आदि) खरीदने के लिये ई-विकास प्रणाली में पंजीयन /सत्यापन कराना होता है। यह प्रणाली म.प्र. किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा संचालित है। उन्होने बताया कि आवश्यक दस्तावेज में आधार कार्ड (मोबाईल नंबर लिंक होना बेहतर) समग्र आईडी, आदि उपलब्ध भू-अधिकार/खसरा खतौनी की प्रति, मोबाईल नम्बर होना अनिवार्य है। पंजीयन के लिए किसी भी नजदीकी

केन्द्र पर जाये और अपने ग्राम/तहसील के कृषि सेवा केन्द्र/अधिकृत खाद विक्रेता/लोक सेवा केन्द्र पर जाये। कई स्थानों पर सहकारी समिति के माध्यम से भी पंजीयन होता है। आधार सत्यापन के लिए आधार नम्बर दें, बायोमेट्रिक, (फिंगरप्रिंट) या ओटीपी के माध्यम से सत्यापन किया जाता है। खसरा नम्बर के आधार पर भूमि की जानकारी दर्ज की जाती है प्रणाली के अनुसार आपके रकबे के हिसाब से खाद की प्रात्रता तय होती है।

# खबर से बौखलाए शिक्षक ने छात्राओं से कराया घंटों सड़क जाम...!

**मामला माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर का**


स्वतंत्र मत जबलपुर बालाघाट-उमरिया

किसकी शह पर माध्यमिक शिक्षक बना कन्या परिसर मानपुर का सर्वेसर्वा...!



उमरिया (स्वतंत्रमत)।

शिक्षक की सनक ने आदिवासी छात्राओ से करवाया घंटो सड़क जाम! माध्यमिक शिक्षक और प्राचार्य के बीच की लड़ाई से मझधार में कन्या शिक्षा परिषद मानपुर की 244 छात्राये। गुरुवार 19 फरवरी को स्वतंत्र मत द्वारा किसकी शह पर माध्यमिक शिक्षक बना कन्या शिक्षा परिसर मानपुर का सर्वेसर्वा शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था जिसपर शुक्रवार 20 फरवरी को शिक्षक ने अपना पावर दिखाते हुए सभी आदिवासी छात्राओ से सुबह सुबह इकट्ठा कर सड़क ही जाम कर दिया जिससे आवागमन तो प्रभावित हुआ ही बोर्ड परीक्षाओं में पढ़ाई की जगह कन्या शिक्षा परिसर को राजनीति का अखाड़ा बना दिया जिससे जिनके हाथ मे भोली भाली आदिवासी छात्राओ के भविष्य का जिम्मा है उन्हें हथियार के रूप में इस्तेमाल किया गया जो सोचनीय और चिंतनीय है..! मामले की जानकारी जिला मुख्यालय के जिम्मेदार अधिकारियों को दी गई लेकिन प्राचार्य और शिक्षक के बीच का मामला होने आपस मे सुलझाने जैसे गैरजिम्मेदाराना आदेश समझ से परे हैं..! माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर मानपुर में पदस्त माध्यमिक शिक्षक दिनेश चंद्र साहू ने वही हरकत की है जो कुछ दिनों पहले पड़वार गांव में शिक्षकों ने की थी। अपने हित के लिए आंदोलन में विद्यार्थियों का इस्तेमाल निश्चित तौर पर बड़ा अपराध है।

आदिवासी छात्राओ का बीच सड़क में प्रदर्शन,मामला है कन्या शिक्षा परिषद मानपुर का,जहां पढ़ने वाली छात्राएं आज भी समस्याओं से जूझ रही हैं, विद्यालय में छात्राओं के बीच किस कदर राजनीति पनप रही है,यह सब स्पष्ट नजर आ गया है, अपने आपको बाहुबली मानने वाले मानपुर के कन्या शिक्षा परिसर के माध्यमिक शिक्षक दिनेश चंद्र साहू का आदिवासी छात्राओ को भड़का कर स्तेमाल किया गया जो कि इस शिक्षक की मानसिकता और ऐंठन को दिखाती है और उसके आगे शासन, प्रशासन बौना सा प्रतीत लगता है.! ऐसे कृत्य के लिए तुरंत शिक्षक को बर्खास्त कर कड़ी से कड़ी सजा देनी चाहिए जिससे कोई अपने ईगो के लिए मासूम आदिवासी बच्चियों के भविष्य से खिलवाड़ न कर सके..!

**समाचार पत्र में प्रकाशित खबर की जांच हेतु दल गठित** - सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग डा पूजा द्विवेदी ने समाचार पत्र में दिनेश चंद साहू माध्यमिक शिक्षक माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर मानपुर एवं श्रीमती साक्षी शुक्ला माध्यमिक शिक्षक प्रभारी अधीक्षक माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर मानपुर के विरुद्ध प्रकाशित खबर से कन्या शिक्षा परिसर मानपुर की करीब 200 छात्राओं द्वारा रोड पर प्रदर्शन करने का वीडियो प्रकाशित हुआ है। प्रदर्शन में छात्राओं का काफी आक्रोश है। खबर में अधीक्षिका पर छात्रावास का अनाज चोरी कराये जाने एवं श्री दिनेश चंद साहू मा.शि.पर खरीदी का आरोप लगाया गया है। प्रकाशित खबर की सम्पूर्ण जॉच हेतु दल का गठन किया गया है।

जिसमें सरिता जैन विकासखंड शिक्षा अधिकारी पाली, ए.के. शुक्ला प्राचार्य माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर उमरिया, लोटन अनुरागी उमा शिक्षक माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर उमरिया, संजय पांडेय प्रभारी मंडल संयोजक जन जातीय कार्य विभाग तथा सुनीता धुर्वे अधीक्षक अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास उमरिया शामिल है। समिति जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी।

## साइबर नशामुक्ति पर दी जानकारी

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में माइक्रो बीट पुलिस चौपाल आयोजित कर ग्रामीण नागरिकों को हेलमेट अनिवार्यता, यातायात नियमों के पालन, नशा मुक्ति, साइबर अपराध से बचाव तथा महिला एवं बाल सुरक्षा के संबंध में व्यापक रूप से जागरूक किया गया। अभियान के अंतर्गत थाना टिकरिया सिकोशी, थाना मवई सिमरिया, थाना निवास मसूरघुघरी, थाना घुघरी माल , मोतीनाला लूरी, थाना मोहगांव मचला, थाना कोतवाली बिनेका थाना बिछिया मांगावेली एवं पिंडरई पोड़ी, चौकी पांडीवारा पांडीवारा क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों द्वारा चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

## परामर्शदात्री की बैठक 26 को

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक 26 फरवरी को सायं 4 बजे जिला योजना भवन में आयोजित की जाएगी। जारी पत्र में समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अपने विभागों में आयोजित विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक की कार्यवाही विवरण एवं अद्यतन जानकारी सहित बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों।

## संगम में चलेगा स्वच्छता अभियान

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** मानव सेवा और जल संरक्षण के संकल्प को साकार करते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल स्वच्छ मां अभियान का चौथा चरण रविवार को प्रात: 7 बजे से 10 बजे तक आयोजित किया जाएगा। परम पूज्य माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देशानुसार यह अभियान देश घर में 1500 से अधिक स्थानों में संचालित होगा। संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि जल संरक्षण एवं स्वच्छता के उद्देश्य हेतु यह ऐतिहासिक पहल की जा रही है। माहिष्मति नगरी में प्रोजेक्ट अमृत अभियान में सेवादारों व साधसंगत के द्वारा मंडला के संगम घाट में सुबह 7 से 10 बजे तक संगम घाट की सफाई एवं जल स्त्रोतों के आसपास के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## आंगनवाड़ी अनंतिम सूची जारी

**मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्र मत)।** महिला एवं बाल विकास परियोजना नारायणगंज अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका भर्ती की अनंतिम सूची का प्रकाशन चयन पोर्टल पर आम नागरिकों के लिए जारी कर दिया गया है। जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के 4 पद आंगनवाड़ी केंद्र बीजेगांव, मानेगांव, पटेहरा एवं गढ़ार तथा आंगनवाड़ी सहायिकओं के 3 पद आंगनवाड़ी केंद्र डोभा, मंगलगंज एवं कोण्डरामाल के लिए अनंतिम सूची का प्रकाशन किया गया है।

## पैदल जा रहे परिवार को मारी टक्कर

**मण्डला/घुघरी(स्वतंत्र मत)।** घुघरी पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम बर्राटोला में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार में आ रहे एक मोटरसाइकिल सवार ने सड़क किनारे पैदल चल रहे एक ही परिवार के तीन सदस्यों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। रघुवीर मरावी अपने परिवार के साथ पैदल जा रहे थे तभी भूड़कुर निवासी एक मोटरसाइकिल सवार ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गए। इस सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हुए हैं रघुवीर मरावी पिता सुकचेन मरावी उम्र 28 वर्ष, सुशीला मरावी पति रघुवीर उम्र 22 वर्ष, समीर मरावी पिता अरविंद - उम्र 10 वर्ष मोटरसाइकिल सवार को भी गंभीर चोटे आई अस्पताल में उपचार जारी हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

# ककैया डोलामाईट माईन्स क्षेत्र में पहुंचे गोंगपा के प्रदेश अध्यक्ष ने ग्रामीणों से किया संवाद, घटना की निंदा कर कहा- पत्रकारों पर हमला लोकतंत्र का गला घोटना

**मण्डला(स्वतंत्र मत)**

ककैया डोलामाईड खदान में तथाकथित लोगो के द्वारा पत्रकारों साथ किए गए अभद्र व्यवहार का मामला चर्चा में आ गया है। बिछिया विधानसभा के कान्हा क्षेत्र से लगे ककैया डोलामाईट माईन्स तहसील बिछिया में एक अनोखी खदान संचालित है। जिसका सूचना बोर्ड में दर्ज नाम अनुसार मैं. विनोद कुमार अग्रवाल ककैया डोलामाईट माईन्स जिसका खसरा क्रमांक 1472 रकवां नंबर 6.81 हेक्टेयर जिसका अवधि 14.08.2002 से 13 अगस्त 2052 अवधि तक के लिए संचालित खदान बताया गया है। यह खदान इन दिनों विवाद के घेरे में आ गई है। इस खदान में अवैध ब्लास्टिंग के अनेक मामले सामने आ चुकें हैं हेवी ब्लास्टिंग के चलते आसपास के रहवासियों का जीना मुश्किल हो गया है। वहीं सरकारी सम्पत्ति जिसमें शासकीय स्कूल सहित आंगनबाड़ी भी शामिल है को भी नुकसान हुआ है। लेकिन प्रशासन जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति कर रहा है। मामला काफी गंभीर है और इस पूरे मामले में खनिज अधिकारी की मिलीभगत बताई जाती है खनिज अधिकारी के संरक्षण में इस खदान संचालक को अभयदान दिया गया है। जिसके चलते अवैध खनन परिवहन सरकारी सम्पत्ति का नुकसान आम बात हो गई है यहीं नही इस खदान में किसी को घुसने की परमिशन भी नही है। यहां पदस्थ अमला आप पर झूठा केश प्रकरण शिकायत एफआईआर करने के लिए हर दम तैयार रहता है डरे सहमे ग्रामीण जोकि आदिवासी सहित अन्य समाज समाज से तालूकात रखते हैं वे अब खुलकर कुछ नही बोल पा रहे है चांदी के सिक्कों के आगे पूरा प्रशासन बिका नजर आ रहा है वहीं पत्रकार के साथ की गई अभद्रता और बंधक बनाए जाने के घटना के बाद भी जिला जनसम्पर्क अधिकारी खमोश बैठे हैं अभी तक जन सम्पर्क अधिकारी ने पत्रकार से इस संबंध में कोई संवाद नही किया है। लिहाजा ऐसा प्रतीत होता है कि इस खदान संचालक को भाजपा ही नही कांग्रेस का अभयदान मिला हुआ है। वही बिछिया विधायक भी खमोश हैं तो दूसरी तरफ समाचार प्रकाशन के बाद गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश तेकाम खुलकर सामने आ गए और उन्होंने कहा कि पत्रकारों पर हमला लोकतंत्र का गला घोटने का समान है और शुक्रवार को कमलेश तेकाम अपने साथियों के साथ बीजेगांव ककैया पहुंचे जहां पर स्कूल का निरीक्षण किया और स्थानीय ग्रामीणों से संवाद किया। जब उन्होंने हालात देखे तो उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन गजब तरीके से संचालित हो रहा है। वहीं घटना की वस्तुस्थिति को लेकर पत्रकारों का एक दल फिर खदान स्थल के समीप पहुंचा जहां पर कवरेज के दौरान फिर पत्रकारों के साथ अभद्रता करने की कोशिश की गई जबकि पत्रकारों ने बम्हनी थाना प्रभारी से मिलकर वस्तुस्थिति बताते हुए सुरक्षा की मांग की थी वहीं दूसरी तरफ सूत्रों का कहना है कि इस फर्म की इस क्षेत्र में अनेक खदाने संचालित है कुछ खदाने बंद पड़ी है लेकिन इन खदानों की रॉयल्टी उपयोग में ली जा रही है क्या सहीं है और क्या गलत खनिज अधिकारी ही बता पायेंगे लेकिन खनिज कार्यालय में तो पैसे वालों के ही काम होते हैं आम इंसान यहां पर केवल नियम कायदों में उलझ कर रह जाता है वहीं दूसरी तरफ प्रदेश अध्यक्ष कमलेश तेकाम ने स्पष्ट कहा कि मैं पत्रकारों के साथ हूं और शीघ्र ही जिला प्रशासन के साथ के विरोध में धरना प्रदर्शन होगा बता दें कि इस खदान में बड़ी बड़ी मशीनों से जमीन का सीना छलनी कर बेतहाश मात्रा में डोलामाईड निकाला जा रहा है। वहीं ग्राम पंचायत ककैया भी जबावदार लोग भी इस गंभीर मामले में खमोश बैठे हैं वहीं सूत्रों का कहना है कि ग्राम पंचायत से एनओसी जारी हुई कि नही यह भी स्पष्ट नही हो पा रहा है यहां के सरपंच हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। फाईल की गहन जांच के साथ वास्तुस्थिति जनता के समक्ष सामने आनी चाहिए इस पूरे मामले से मंडला जिले के ईमानदार कलेक्टर सोमेश मिश्रा की छवि को धूमिल किए जाने का प्रयास भी बताया गया है। कलेक्टर के नाम से खनिज विभाग में एक अलग ही खेल चल रहा है वहीं बिछिया एसडीएम सोनाली देव ने जांच किए जाने की बात कहीं है तो वहीं शुक्रवार को खनिज विभाग का दल इस क्षेत्र में पहुंचा था लेकिन क्या पाया क्या देखा कुछ भी स्पष्ट नही हो पाया है फिलहाल इस घटना को लेकर पूरे प्रदेश के पत्रकार लामबंद होने जा रहे हैं मंडला जिले में वैसे भी लगातार पत्रकारों के साथ अव्यवहार के साथ अभद्रता किए जाने के अनेक मामले सामने आ चुकें है जिसकी निंदा देश और प्रदेश की नामचीन पत्रकारों ने अनेक मंचो से की है। वहीं इस खदान में बड़ी-बड़ी मशीनों से जमीन का सीना छलनी कर डोलामाइड निकाला जाता है। जो महानगरों की ओर भेजा रहा है ओवरलोड वाहनों ने सरकारी सड़को का दम निकाल दिया है तो दूसरी तरफ अवैध ब्लास्टिंग से पूरा काम चलता है। खदान की चट्टानों में बड़े-बड़े होलकर बड़ी ब्लास्टिंग की जाती है। जिससे आसपास के गांव कंपन की चपेट में आ जाते हैं। बाहुबलि और पैसे की दम पर संचालित इन खदानों पर न तो कभी जांच टीम जाती है और न ही कभी इन खदानों का भौतिक सत्यापन होता है कागजों में सब सही चल रहा है लेकिन मौंका स्थल कुछ और बयान करता है।








# सीईओ मंडला को कारण बताओ नोटिस

**मण्डला(स्वतंत्र मत)**

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के द्वारा संकल्प से समाधान अभियान की विभागवार प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें पाया गया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित सेवाओं के क्रियान्वयन में प्रगति अत्यंत न्यून है। इसके अंतर्गत नलजल योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों जहां तकनीकी रूप से साध्य हो वहां नवीन कलेक्शन के लिए मांग पत्र प्रस्तुत किया जाना के कुल आवेदन 6242, स्वीकृत आवेदन 6076, कुल निराकत 6076 तथा 166 लंबित आवेदन है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में भवन निर्माण के लिए अनुज्ञा पत्र के 1714 कुल आवेदन, 1225 स्वीकृत आवेदन, 1227 कुल निराकृत तथा 487 लम्बित आवेदन हैं। संकल्प से समाधान अभियान को प्रारंभ हुए 20 दिन से अधिक की अवधि के बाद भी निर्धारित सेवाओं का मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन की प्रगति अत्यंत न्यून है। कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मंडला को इस संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। आपके विभागीय दायित्वों एवं शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में रुचि नहीं लिया जा रहा है जो कि अत्यन्त खेदजनक है। आपका उक्त कृत्य कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना एवं अनुशासनहीनता को प्रदर्शित करता है। आपका उपरोक्त कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3(1) उप नियम (एक) (दो) (तीन) के विपरीत होने से दण्डनीय कृत्य है। अत: उक्त संबंध में आप अपना लिखित उत्तर पत्र प्राप्ति के दो दिवस के अन्दर प्रस्तुत करें। निर्धारित समयवाधि में तथा संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं होने की दशा में आपके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। जिसके लिये आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।




# विधायक की आवाज को सुना मुख्यमंत्री ने रितिका को एयरलिफ्ट कर भेजा चंडीगढ़

**मण्डला(स्वतंत्र मत)**

सिस्टिक फाइब्रोसिस नामक बीमारी से पीड़ित रितिका यादव का ईलाज कटरा अस्पताल में चल रहा था पीड़ित मरीज और परिजनों की आवाज आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष पंकज सोनी ने सोशल मीडिया में उठाई थी अनेक संगठन और समाजसेवियों सहयोग किया तो वहीं रोटरी क्लब ने भी सहयोग कर पीड़ित मानवता की सेवा का संदेश दिया। तो दूसरी तरफ बिछिया विधानसभा के विधायक नारायण सिंह पट्टा सक्रिय हुए और उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री से भोपाल में चर्चा की। जहां से दिशा-निर्देश मिलने के बाद पीड़ित बच्ची के उचित उपचार को लेकर प्रशासनिक तैयारियां आरंभ की गई और अब बच्ची को एयरलिफ्ट कर चंडीगढ़ भेजा गया है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिकों को त्वरित एवं उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा मण्डला जिले के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। इस सेवा के माध्यम से जिले के ग्राम घुटास निवासी 16 वर्षीय कु. रितिका यादव को गंभीर अवस्था में एयरलिफ्ट कर चंडीगढ़ भेजा गया। वे जिले की इस सेवा का लाभ प्राप्त करने वाली प्रथम हितग्राही हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे. मोहंती ने जानकारी देते हुए बताया कि कु. रितिका यादव फाइब्रोसिस एवं पल्मनरी आर्टरीज हाइपरटेंशन जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। पूर्व में उनका उपचार नागपुर मेडिकल कॉलेज में भी कराया गया था किंतु बीमारी की जटिलता को देखते हुए विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उन्हें उन्नत उपचार के लिए पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च चंडीगढ़ भेजने की सलाह दी गई। रितिका के पिता का पूर्व में निधन हो चुका है तथा उनकी माता श्रीमती तरेसा यादव ही उनका एकमात्र सहारा हैं। कु. रितिका प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत पात्र हितग्राही हैं। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर अधिकारियों द्वारा पीजीआई चंडीगढ़ के फेफड़ा रोग विशेषज्ञों से समन्वय स्थापित कर मरीज की स्थिति से अवगत कराया गया जिसके पश्चात संस्थान द्वारा नि:शुल्क उपचार के लिए सहमति प्रदान की गई। रितिका की माता को आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान की गई ताकि उपचार के दौरान किसी प्रकार की आर्थिक बाधा न आए। 20 फरवरी को प्रात: 8:30 बजे रितिका यादव को जबलपुर एयरपोर्ट से एयर एम्बुलेंस के माध्यम से चंडीगढ़ रवाना किया गया। वर्तमान में उनका उपचार विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में प्रारंभ हो चुका है। उल्लेखनीय है कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्रता होने के कारण मरीज को यह महंगी एयर एम्बुलेंस सुविधा पूर्णत: नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई।



# 250 वृद्धजनों का जत्था रामेश्वरम रवाना

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा में दिखा उत्साह

**नैनपुर(स्वतंत्र मत)।** मुख्य मंत्री तीर्थ योजना के अंतर्गत नैनपुर रेल्वे स्टेशन से 250 लोगों का जत्था रामेश्वरम के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर जिला प्रशासन मंडला की ओर से प्रति निधि के रूप में एसडीएम नैनपुर आशुतोष महादेव ठाकुर और तहसीलदार हरि सिंह धुर्वे रेल्वे स्टेशन में मौजूद थे। सुनिश्चित सफल यात्रा और वृद्ध जनों का जिला प्रशासन की ओर से तहसील की टीम ने स्वागत किया। इस दौरान नगर के जनों ने भी आप सभी के सफल यात्रा की शुभ कामनाएं देते हुए तीर्थ यात्रियों को उल्लास और उमंग से रवाना किया। मुख्य मंत्री तीर्थ यात्रा में नैनपुर के स्व.दीनू ताराम कांग्रेसी विधयक की भी धर्म पत्नि भी इस यात्रा का हिस्सा बनी। आप ने भी बातों के दौरान मुख्य मंत्री तीर्थ योजना को सार्थक बताया और मुख्य मंत्री जी को साधु वाद दिया।



# संकल्प से समाधान अभियान के तहत वार्ड क्रमांक आठ में शिविर लगाकर आवेदनों का निराकरण

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)**

शासन के निर्देशानुसार संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत वार्डो का भ्रमण व केम लगाकर किया समस्याओं का निराकरण अध्यक्ष उपाध्यक्ष पार्षद सीएमओ राजस्व निरीक्षक के द्वारा किया जा रहा है। 20 फरवरी को वार्ड क्रमांक 8 में शिविर लगाया गया इस दोरान प्राप्त आवेदनों एवं पूर्व शेष आवेदनों का निराकरण करते पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। उक्त शिविर में अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी, उपाध्यक्ष श्रीमती संजू लता वैष्णव, पार्षद करण इनवाती, श्रीमती साधना रंगारी एंव मुख्य नगर पालिका अधिकारी लक्ष्मण सिंह सारस, पूर्व पार्षद जयंत रंगारी एवं नपा के विभाग प्रमुखो व कर्मचारी उपस्थित रहे।




# आठवीं के छात्रों को बीईओ ने दी विदाई

**मण्डला(स्वतंत्रमत)**

माध्यमिक शाला सर्रा पिपरिया के कक्षा आठवीं के छात्रों के लिए बीईओ हीरेन्द्र वर्मा की उपस्थिति में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच मीरा सिंगराम पंच रश्मि मरावी, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष रूकमणी उइके, समूह सचिव साधना मरावी, हायर सेकंडरी स्कूल भीमडोंगरी प्राचार्य प्रदीप पटेल, सेवानिवृत्त एवं क्षेत्र के शिक्षक सुदामा सिंगौर, उच्च माध्यमिक शिक्षक कोमल बघेल, केएल धुर्वे, धर्मेंद्र पटेल, महेश मसराम, ग्राम के नागरिक परदेशी वरकड़े की गरिमामय उपस्थिति में कक्षा आठवीं के 27 छात्रों को विदाई देते हुए शुभकामनाएं दी गई। विदाई कार्यक्रम के दौरान शाला के बाल कैबिनेट की प्रधानमंत्री ने अपने मंत्रिमंडल की शिक्षा मंत्री खुशबू सिंगराम, स्वास्थ्य मंत्री प्रतिभा मरावी, स्वच्छता मंत्री आभा उइके, जल संवर्धन मंत्री आसवानी पंद्रो, सांस्कृतिक मंत्री सृष्टि उइके, खेल मंत्री दीपक बघेल के कार्यों का वर्णन किया। भीमडोंगरी प्राचार्य प्रदीप पटेल ने विद्यालय परिसर एवं गतिविधियों को देखकर कहा कि मैंने सर्रा पिपरिया स्कूल के बारे में जितना सुना था प्रत्यक्ष देखने में उससे अधिक सुंदर पाया सेवा निवृत्त शिक्षक सुदामा राय ने विद्यालय को माध्यमिक स्तर पर जिले में श्रेष्ठ विद्यालय होने की संभावना व्यक्त की। पीएमश्री विद्यालय सालीवाड़ा के उच्च माध्यमिक शिक्षक कोमल बघेल ने कक्षा आठवीं के छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए वार्षिक परीक्षा में शाला स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को क्रमश: 1000-700-500 का पुरस्कार देने की घोषणा की जो आगामी बालदिवस पर प्रदान किया जाएगा। इसके पूर्व भी शिक्षक कोमल बघेल द्वारा शाला के बच्चों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया जाता रहा है।



# सिविल अस्पताल में सुबह तय समय पर नहीं पहुँचते कर्मचारी

## नैनपुर एसडीएम के औचक निरीक्षण में मिली लापरवाही

### ओपीडी और नर्सिंग स्टाफ मिला नदारद

### सार्थक एप में नही दर्ज हो रही उपस्थिति

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)**

अनुविभागीय दण्डाधिकारी, नैनपुर द्वारा सिविल अस्पताल, नैनपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उपरोक्त निरीक्षण सुबह 9.30 बजे था जिसमे ओपीडी में पदस्थ चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ की अनुपस्थिति पाई गई। अनुपस्थित कार्मिकों से अनुपस्थिति के संबंध में स्पष्टीकरण प्राप्त किए जाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय ओपीडी, दवा स्टोर, डायलिसिस वार्ड, क्कुष्ट, ।।ष्ठ, कैजुअल्टी वार्ड, मेल एवं फीमेल वार्डों की स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं वार्डो में डॉक्टर एवं स्टाफ की उपस्थिति, सफाई, भोजन वितरण व्यवस्था में भी कुछ अव्यवस्था परिलक्षित हुई। उक्त संबंध में स्थल पर पंचनामा तैयार कर संपूर्ण प्रतिवेदन आवश्यक कार्रवाई हेतु कलेक्टर को प्रेषित किया गया है। उक्त संबंध में तत्काल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं प्रभारी सीएमएचओ को समस्त व्यवस्थाओं से अवगत कराते हुए तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु अवगत कराया गया। साथ ही राजीव चावला, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, नैनपुर को निर्देशित किया गया कि ओपीडी से अनुपस्थित चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ तथा सार्थक एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने में लापरवाही बरतने वाले मेडिकल ऑफिसरों, चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कारण बताओ नोटिस जारी कर वेतन स्थगन सहित आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही बीएमओ को निर्देशित किया कि सार्थक ऐप में ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराए जाने की समीक्षा हेतु प्रतिदिन की अटेंडेंस की जानकारी एसडीएम कार्यालय में उपलब्ध करवाएं ताकि अनियमितता की स्थिति में कलेक्टर महोदय को प्रतिवेदन प्रेषित किया जा सके।



संपादकीय

## ब्रिटेन ने रोका ट्रंप का रास्ता

यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने डोनाल्ड ट्रंप को ईरान पर हमला करने के लिए आरएएफ एयरबेस का इस्तेमाल करने से रोक दिया है। वहीं, तेहरान ने अपने न्यूक्लियर प्रोग्राम को रोकने के लिए डील साइन करने से मना कर दिया था, जिससे अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ गया। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कीर स्टारमर की चागोस डील के लिए अपना सपोर्ट वापस ले लिया था, क्योंकि सरकार ने अमेरिका को बमबारी के लिए यूनाइटेड किंगडम मिलिट्री बेस का इस्तेमाल करने की मंजूरी देने से मना कर दिया था। अमेरिका ईरान पर सीधे हमले के लिए इमरजेंसी प्लान बना रहा था, जिसमें हाल के दिनों में मिडिल ईस्ट में लंबी दूरी के बॉम्बिंग और रीफ्यूलिंग एयरक्राफ्ट भेजे गए थे। सुरक्षा अधिकारियों ने ट्रंप से कह दिया है कि उनका देश शनिवार तक जंग के लिए तैयार हो जाएगा, क्योंकि 2003 के बाद से इस इलाके में अमेरिका की सबसे बड़ी मिलिट्री तैयारी हो चुकी है, जब अमेरिका ने इराक में जंग लड़ी थी। ईरान पर किसी भी अमेरिकी हमले में चागोस आइलैंड्स में डिएगो गार्सिया मिलिट्री बेस, ब्रिटिश ओवरसीज टेरिटरी सहयोगी देशों में यूरोपियन एयर बेस का इस्तेमाल होने की संभावना थी। अमेरिका को डिएगो गार्सिया इस्तेमाल करने के लिए मंजूरी की जरूरत नहीं थी, लेकिन आरएएफ बेस इस्तेमाल करने से पहले यूनाइटेड किंगडम सरकार से पूछना पड़ता था। ट्रंप की बातों से आरएएफ फेयरफोर्ड से लंबी दूरी की बमबारी करने की इजाजत के लिए अमेरिका की रिक्वेस्ट का जिक्र समझा गया, जो ग्लॉस्टरशायर में एक मिलिट्री बेस है जहां अमेरिका एयर फोर्स के लोग रहते थे। हालांकि, यूनाइटेड किंगडम ने अभी तक मंजूरी नहीं दी थी क्योंकि सरकारी वकीलों ने चिंता जताई थी, हमलों में हिस्सा लेना इंटरनेशनल कानून का उल्लंघन हो सकता है।

> **यूके को 2001 में पास हुए यूएन के आदेश के तहत अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए गैर-कानूनी हमले के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है...**

गौरतलब है कि पिछली गर्मियों में ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर अमेरिकी राष्ट्रपति के हमले में शामिल होने से इसी तरह इनकार करने के बाद यूनाइटेड किंगडम के ईरान पर किसी भी पहले से मिलिट्री हमले का समर्थन करने की संभावना नहीं है। यूनाइटेड किंगडम को 2001 में पास हुए यूनाइटेड नेशन के आदेश के तहत अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए गैर–कानूनी हमले के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, अगर उसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गलत काम के हालात की जानकारी हो। पिछली गर्मियों में ईरान पर ट्रंप के हमलों के बाद, मंत्रियों ने बार–बार यह कहने से इनकार कर दिया कि क्या ब्रिटेन के वकीलों का मानना है कि हमले कानूनी थे। तेहरान में सरकार ने कहा है कि वह किसी भी हमले का जवाब देगी। मिलिट्री हमलों पर सरकारी कानूनी सलाह की आखिरी जिम्मेदारी अटॉर्नी जनरल लॉर्ड हर्मर की थी, हालांकि यह साफ नहीं था कि यूएस के आरएएफ बेस के इस्तेमाल के बारे में उनसे सीधे सलाह ली गई थी या नहीं। बीते साल ईरान पर यूएस के हमलों से पहले खबर आई थी कि लॉर्ड हर्मर ने कानूनी सलाह दी थी जिसमें चेतावनी दी गई थी कि इस इलाके में यूके की संपत्ति की रक्षा के अलावा ब्रिटेन का कोई भी शामिल होना गैर–कानूनी होगा। बहरहाल, अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव युद्ध की आशंकाओं को और प्रबल कर रहा है।

# हमारी आत्मा की आवाज है मातृभाषा



डॉ. अशोक कुमार भार्गव
पूर्व आईएएस, मोटिवेशनल स्पीकर, इंदौर

प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मातृभाषा में लिखने पढ़ने सीखने समझने संवाद स्थापित करने का अधिकार है क्योंकि मातृभाषा हमारी आत्मा की आवाज होती है। वह मात्र शब्दों का समूह या जाल नहीं होती वरन हमारी संस्कृति, संस्कार, मूल्य, परंपरा, विरासत और अस्मिता की पहचान होती है। वह हमारी सोच, समझ, भाव, विचारों और भावनाओं की अभिव्यक्ति का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है जो हमें एक दूसरे से जोड़ती है, सामाजिक गठन, व्यक्तित्व विकास,सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक उन्नयन में सहायक होती है। सामान्य अर्थों में बच्चा जन्म लेने के बाद पहली बार जिस ध्वनि स्पर्श या संकेत में मां शब्द कहता है वही उसकी मातृभाषा होती है जो वह मां के झूले पालने में, मां की पवित्र गोद में धीरे–धीरे सीखता है। यही उसके भावनात्मक लगाव, सामाजिक जुड़ाव,जटिल मानसिक परिस्थितियों को समझने, संज्ञानात्मक विकास और रचनात्मकता का आधार बनती है।

21 फरवरी को पूरी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की पृष्ठभूमि सन 1952 में तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान वर्तमान में बांग्लादेश में हुए भाषाई आंदोलन से संबंधित है। सन् 1947 में पाकिस्तान के जन्म के बाद उर्दू को राष्ट्रीय भाषा घोषित किया और पूर्वी पाकिस्तान में भी उर्दू को ही राष्ट्रभाषा के रूप में थौपने का प्रयास किया किंतु पूर्वी पाकिस्तान ने अपनी मातृभाषा बांग्ला को आधिकारिक भाषा घोषित करने की मांग की जिसे पाकिस्तान ने ठुकरा दिया फल स्वरुप 21 फरवरी1952 को ढाका विश्वविद्यालय के छात्रों ने प्रदर्शन किया जिसे पाकिस्तान की पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए बर्बरता पूर्वक समाप्त कर दिया जिसमें अनेक छात्र मारे गए। बांग्लादेश में यह दिवस दुखद दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। मातृभाषा के इस भाषाई संघर्ष को मान्यता देने के लिए वैश्विक स्तर पर मातृभाषा दिवस मनाने की मांग कनाडा के बंगाली नागरिक रफीकुल इस्लाम ने की थी जिसे यूनेस्को ने स्वीकार कर किया और 21 फरवरी 2000 को पहला विश्व मातृ भाषा दिवस मनाया गया। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता का संरक्षण, बहुभाषिकता के प्रति चेतना, लुप्त प्राय भाषाओं को संरक्षित करना और मातृभाषा में शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। वास्तव में यह दिवस अपनी मातृभाषा के प्रति निष्ठा, वचनबद्धता,ममत्व, लगाव और भावनात्मक जुड़ाव के प्रकटिकरण का स्मारक दिवस है। यूनेस्को का अनुमान है कि दुनिया में बोली जाने वाली 7000 भाषाओं में से 40त्न भाषाएं विलुप्त होने के कगार पर हैं। डिजिटल क्रांति के इस दौर में सोशल मीडिया में मात्र 100 से भी कम भाषाओं का उपयोग हो रहा है। अन्य भाषाएं इस दौर की चुनौतियों का सामना करने में समर्थ नहीं हो पा रही हैं। यह मानवीय सभ्यता के लिए एक गंभीर संकट है। वैश्वीकरण,शिक्षा और मीडिया में प्रमुख भाषाओं के प्रभुत्व, औपनिवेशिक विरासत, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदाओं तथा आर्थिक कारणों से समुदायों के विस्थापन, क्षेत्रीय तथा अल्पसंख्यक भाषाओं पर तथाकथित पिछड़ेपन या अशिक्षित होने के सांस्कृतिक लांक्षन तथा लिखित में भाषाओं की स्वयं की लिपि न होने के के कारण भाषाएं विलुप्त हो रही हैं। इनके साथ ही संपूर्ण बौद्धिक सांस्कृतिक विरासत, हमारी पहचान, प्रकृति, गणित, दर्शन, लोकगीत, लोक कथाऐं, कहावतें मुहावरे, कविताएं, गीत, दादी,नानी की कहानियां,अभिव्यक्ति की अनूठी तकनीक आदि सभी भी विलुप्त हो रही हैं।




इसलिए भाषाई विविधता और लुप्त हो रही भाषाओं के संरक्षण, उनके पुनरुद्धार की आवश्यकता, मातृ भाषाओं का सम्मान और मातृभाषा में बोलने के मूल अधिकार की रक्षा करना आज सबसे बड़ी वैश्विक चुनौती है। इसी वास्तविकता को रेखांकित करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ ने सन् 2022 – 2032 को अंतरराष्ट्रीय स्वदेशी भाषा दशक के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। यह दशक इसलिए महत्वपूर्ण है कि हम विलुप्त हो रही भाषाओं के संरक्षण के लिए वैश्विक स्तर पर सकारात्मक पहलों को अंजाम दें क्योंकि भाषाई विविधता हमारी ताकत है विरासत है। मातृभाषा की महत्ता अनुपम होती है। मातृभाषा के बिना व्यक्ति गूंगा हो जाता है। प्रखर पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी ने कहा था 'मुझे देश की आजादी और भाषा की आजादी इनमें से किसी एक को चुनना हो तो मैं नि:संकोच भाषा की आजादी चुनूंगा क्योंकि देश की आजादी के बावजूद भाषा की गुलामी रह सकती है। अगर भाषा आजाद हुई तो देश गुलाम नहीं रह सकता।' वास्तव में भाषा का रिश्ता महज संवाद तक सीमित नहीं होता यह व्यक्ति की अस्मिता और स्वाभिमान से भी जुड़ी होती है। औपनिवेशिक शासन के घोर विरोधी और स्वभाषा के समर्थक केन्या के महान लेखक थ्योंगो ने कहा था कि 'जब मैं उनकी भाषा में लिखता था तो उन सब का प्रिय लेखक था लेकिन जैसे ही मैंने अपनी मातृभाषा गिकुयू में लिखना प्रारंभ किया तो मुझे गिरफ्तार कर लिया गया तब मेरी समझ में आया कि आजादी तक सिर्फ अपनी मातृभाषा के जरिए ही पहुंचा जा सकता है।' महात्मा गांधी ने भी 1937 में वर्धा में नई तालीम के प्रस्ताव में बच्चों को अनिवार्य निशुल्क शिक्षा के साथ प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा देने और कौशल उन्नयन पर बल दिया था। भारत के राष्ट्रपति और मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने कहा था कि यदि से मैंने मातृभाषा में विज्ञान और गणित की शिक्षा प्राप्त नहीं की होती तो मैं आज इतना बड़ा वैज्ञानिक नहीं बन सकता था। अगर विज्ञान को आम जनता तक पहुंचाना है तो विज्ञान की शिक्षा मातृभाषा में दी जानी चाहिए। शिक्षा का माध्यम मातृभाषा होने से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है, वे जल्दी सीखते हैं और अपनी संस्कृति से जुड़ते हैं। हमारी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी मातृभाषा स्थानीय या क्षेत्रीय भाषा को प्राथमिक शिक्षा के माध्यम के रूप में सर्वोच्च स्थान दिया गया है।

निसंदेह मातृभाषा हमारी संस्कृति और सामाजिक पहचान से जुड़ी होती है । मातृभाषा से ही हमारी परंपराएं, रीति रिवाज और बौद्धिक विरासत एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को हस्तांतरित होती है। अत: मातृभाषा के बिना हम अपने भावों,विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने में समर्थ नहीं होते। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आजादी के अमृत काल में भी हम गुलामी के प्रतीक चिन्हों से चिपके हुए हैं। विकसित भारत के स्वप्न की पूर्णता हमारी एकजुट एकता, राष्ट्र के प्रति नागरिक कर्तव्यों का पालन, विरासत पर गर्व और गुलामी की हर सोच से मुक्ति पर निर्भर करती है। गुलामी की जंजीरें टूट गई किंतु अंग्रेजी का प्रभुत्व आज भी कायम है। हम अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम के कॉन्वेंट स्कूल में प्रवेश दिलाना सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक मानते हैं। जबकि मातृ भाषा में शिक्षा प्राप्त करना बच्चों की बौद्धिक रचनात्मकता और संज्ञानात्मक विकास के लिए अहम होती है। मातृभाषा का सम्मान और संरक्षण करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। आज हम अपनी भाषाओं से दूर होते जा रहे हैं। यदि हमारी भाषा अस्तित्वहीन हो गई तो हमारी संस्कृति परंपरा और विरासत भी समाप्त हो जाएगी। इसलिए मातृभाषा का सम्मान, संरक्षण और संवर्धन बहुत आवश्यक है। मातृभाषा के बिना हमारा जीवन अर्थहीन है। जब भाषा मजबूत होती है तो देश भी मजबूत होता है और जब भाषा गुलाम होती है तो देश भी गुलाम हो जाता है। इसलिए हमें अपनी मातृ भाषा में अभिव्यक्ति पर गर्व होना चाहिए।

मातृभाषा से प्रेम राष्ट्र से प्रेम होता है। मातृभाषा की उपेक्षा राष्ट्रीय स्वाभिमान की उपेक्षा होती है। हमें अन्य भाषाओं का भी सम्मान करना चाहिए आवश्यकतानुसार उन्हें सीखना भी चाहिए किंतु मातृ भाषा की बलि देकर नही। हमें हर संभव परिस्थितियों में मातृभाषा का उपयोग करना चाहिए क्योंकि यह हमारे सम्मान का प्रतीक है।सोशल मीडिया के सभी पटलों पर मातृभाषा को प्राथमिकता देनी चाहिए। जिस देश के नागरिकों में अपनी मातृभाषा के प्रति आत्माभिमान का भाव नहीं होता उनका विश्व में भी कहीं सम्मान नहीं होता। भाषा बचती है तो संस्कृति बचती है। इस दिवस की सार्थकता यह संकल्प लेने में है कि बहु भाषावाद को प्रोत्साहित करते हुए भाषाई विविधता का सम्मान करें। विश्व की अन्य भाषाओं के प्रति अनुराग का भाव रखें। नई प्रौद्योगिकी में अपनी भाषा का उपयोग करें। भाषा को भूलें नहीं उसकी जड़ों से जुड़े और आत्मसात करें।

# संघ प्रमुख और भारत राष्ट्र



आदित्य नारायण चौपड़ा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख श्री मोहन भागवत के लखनऊ में दिये गये बयान को सम्पूर्ण राष्ट्रीय सन्दर्भों में देखने की जरूरत इसलिए है कि भारत की संस्कृति हिन्दू मूलक होने की वजह से ही समावेशी व सहिष्णुता से परिपूर्ण रही है। आठवीं सदी में भारत में इस्लाम धर्म के आने से पहले इसकी संस्कृति के मूल मानक सर्वग्राही व सम्पूर्ण सृष्टि के प्राणीमात्र में प्रेम व सौहार्द भरने वाले थे जिसकी वजह से इस्लाम के आने के बावजूद इनमें किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं हुआ और भारत बीसवीं सदी में भी वसुधैव कुटुम्बकम् का उद्घोष करता रहा। यह आश्चर्य नहीं था कि 1947 में धर्म के आधार पर भारत के दो टुकड़े हो जाने के बावजूद देश के तत्कालीन कर्णधारों ने आजाद भारत को धर्म या पंथ निरपेक्ष राष्ट्र घोषित करने का साहस दिखाया। इसका असली कारण यह था कि भारत के बहुसंख्य लोग हिन्दू थे और जो मानते थे कि इस देश की संस्कृति में वह तासीर है जिसके असर से गैर हिन्दू भी नहीं बच सकते। वास्तविकता भी यही है कि भारत में माने जाने वाले सभी धर्मों के अनुयाइयों पर हिन्दू संस्कृति का प्रभाव पड़े बिना नहीं रह सका जिनमें इस्लाम धर्म भी अपवाद नहीं था। भारत चुंकि तीज–त्यौहारों व उत्सवों वाला देश था अत: प्रत्येक धर्म के अनुयाइयों पर इसका गहरे तक असर पड़ा। यही वजह है कि पंजाब व बंगाल के मुसलमानों पर इन दोनों क्षेत्रीय संस्कृतियों की गहरी छाप हमें आज भी दिखाई पड़ती है। असल में श्री भागवत का यह कहना कि भारत में रहने वाला प्रत्येक हिन्दू है, अतिरंजित नहीं है क्योंकि विदेशी आक्रमणकारियों ने ही भारत के निवासियों को यह नाम दिया था। उनकी नजर में भारत में रहने वाला प्रत्येक व्यक्ति हिन्दू था। इसकी छाप हम आज भी तब देखते हैं जब भारतीय मुसलमान हज करने के लिए सऊदी अरब जाते हैं। इन भारतीय मुसलमानों को वहां 'हिन्दी' कहा जाता है।

श्री भागवत ने इसके साथ ही हिन्दू समाज में व्याप्त जातिवाद पर भी चिन्ता व्यक्त की है और कहा है कि समाज में जो लोग इस आधार पर पीछे रह गये हैं उन्हें झुक कर ऊपर उठाना होगा। इसमें स्पष्ट सन्देश है कि हिन्दू समाज को अगली सदियों में मानववादी दृष्टि अपनाते हुए सामाजिक गैर बराबरी को दूर करना होगा और इसके लिए अपने ही बीच से सुधार शुरू करने होंगे। अक्सर संघ पर यह आरोप लगा दिया जाता है कि वह मनुस्मृति का हिमायती है। इसमें देखने वाली बात केवल इतनी है कि हिन्दू समाज में जिन जातियों का निर्माण हुआ है उनमें लोगों के व्यवसाय या पेशे की भी प्रमुख भूमिका रही है मगर अब 21वीं सदी चल रही है और शिक्षा से लेकर विभिन्न ज्ञान के क्षेत्र समाज के हर वर्ग के व्यक्ति के लिए खुल रहे हैं अत: व्यवसाय मूलक जातियों का भी खात्मा होना निश्चित है। यह भी हिन्दू समाज की विशेषता रही है कि चारों वर्णों में से किसी एक में जन्म लेना वाला व्यक्ति कर्म के आधार पर अपनी जाति बदलता रहा है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण ॠषि विश्वमित्र रहे हैं जो जन्म से क्षत्रिय या राजा थे मगर कर्म से ॠषि हो गये लेकिन इसके समानान्तर यह भी वास्तविकता है कि इसी भारत में जन्मगत जाति के आधार पर सदियों तक दलित या कथित शूद्र वर्ग के लोगों के साथ पशुवत व्यवहार होता रहा है अत: 21 वीं सदी में इसका जड़मूल से सफाया बहुत जरूरी है क्योंकि यह विज्ञान से भी बढ़ कर अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता का युग होता जा रहा है।

भारत वासियों की दृष्टि शुरू से ही वैज्ञानिक रही है जिसके प्रमाण भी हमें इसकी संस्कृति में समाहित मिलते हैं। प्रकृति को देवतुल्य मान कर इसकी पूजा करने का विधान केवल हिन्दू संस्कृति में ही है जो यह बताता है कि हमारे पुरखे पर्यावरण के प्रति कितने संवेदनशील थे परन्तु 1947 में जब देश का बंटवारा भारत व पाकिस्तान में हुआ तो यह लकीर खिंच गई कि हिन्दू व मुसलमान दो राष्ट्र हैं। मुस्लिम लीग के नेता मोहम्मद अली जिन्ना ने भाषा से लेकर सांस्कृतिक चेतना व ऐतिहासिक मान्यताओं के दम पर अंग्रेजों के सामने यह साबित किया कि हिन्दू व मुस्लिम दो अलग– अलग कौमें हैं। हालांकि उस समय भी भारत में ऐसे मुसलमानों की कमी नहीं थी जो हिन्दू व मुसलमानों की मुत्तैहदा कौमियत के हिमायती थे और भारत का बंटवारा नहीं चाहते थे। संघ प्रमुख ने इसी बात को आज थोड़ा घुमा कर कहा है और विचार व्यक्त किया है कि भारत में हर रहने वाला हिन्दू ही है, बेशक उसकी पूजा पद्धति अलग हो सकती है क्योंकि ये सभी एक ही पूर्वजों की सन्तान हैं। इसका प्रमाण यह है कि भारत में मुस्लिम आक्रमणों के बाद भारी संख्या में धर्म परिवर्तन हुआ और यहीं के निवासियों को इस्लाम धर्म की रवायतों में ढाला गया। वर्ना मुस्लिम आक्रान्ताओं के साथ अरब या अन्य देशों से बहुत थोड़ी संख्या में ही लोग आये थे। इस बात पर जरूर मतभेद हो सकते हैं कि सबसे ज्यादा धर्मान्तरण किस मुस्लिम सुल्तान या बादशाह के कार्यकाल में हुआ मगर धर्म परिवर्तन से इंकार नहीं किया जा सकता। यह विचारणीय है कि हमने स्वतन्त्र भारत में प्रत्येक धर्मानुयायी को अपने–अपने धर्म का प्रचार व प्रसार करने का खुला संवैधानिक अधिकार दिया जिसका गलत लाभ कुछ कट्टरपंथियों ने उठाया और लालच या अन्य प्रलोभनों के जरिये लोगों का धर्म परिवर्तन कराते रहे जिसकी वजह से ऐसे धर्मों के मानने वालों की जनसंख्या में वृद्धि इस वजह से भी हुई जबकि हिन्दू मतावलम्बी ऐसे रास्तों से अलग रहे। जब भारत का अस्तित्व ही हिन्दू संस्कृति व इसकी मान्यताओं पर टिका हुआ है तो इस धर्म के मानने वालों का भी यह दायित्व बनता है कि वह भारत की राष्ट्रीयता को सर्वदा जीवन्त रखें। क्योंकि हिन्दू राष्ट्रीयता व भारतीयता में कोई खास अन्तर नहीं है। अत: संघ के प्रमुख के वक्तव्य को संकीर्णता के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए।

# असीमित संभावनाओं वाली मैत्री

श्रीराम चौलिया

मुंबई में फ्रांस के राष्टपति इमैनुअल मैक्रों की जागिंग केवल एक प्रमुख राष्ट्राध्यक्ष की कसरती कवायद न होकर भारत–फ्रांस संबंधों की गतिशीलता का भी प्रतीक रही। इन दो सदाबहार मित्र देशों के रिश्ते निरंतर प्रगाढ़ होते जा रहे हैं। द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को 'विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी' का नया दर्जा दिया जाना ही दर्शाता है कि पेरिस और नई दिल्ली के बीच तालमेल कितना व्यापक और बहुआयामी होता जा रहा है। दोनों देशों के रिश्ते समय की हर कसौटी पर खरे उतरे हैं। इसके पीछे मुख्य कारण है विदेश नीति में रणनीतिक स्वायत्तता को प्राथमिकता देना।

यहां तक कि शीत युद्ध के दौरान जब पश्चिमी देशों ने गुटनिरपेक्ष भारत के प्रति शंकालु रवैया रखते हुए उपेक्षा की नीति अपनाई थी, तब भी फ्रांस नाटो के अन्य सदस्यों के मुकाबले भारत के प्रति सहिष्णुता रखता था, क्योंकि फ्रांस अमेरिका के दबाव में रहकर निर्णय नहीं लेना चाहता था। भारत द्वारा 1998 में परमाणु परीक्षण के बाद फ्रांस इकलौती पश्चिमी शक्ति थी, जिसने नई दिल्ली पर आर्थिक प्रतिबंध नहीं लगाए थे। इतना ही नहीं, उसने परमाणु ऊर्जा सहयोग में भी कोई कमी भी नहीं आने दी थी।

भारत को एक स्वतंत्र शक्ति केंद्र, विश्वसनीय लोकतंत्र और बड़े आर्थिक अवसर के रूप में अगर किसी ने सबसे पहले मान्यता देना आरंभ किया तो यह फ्रांस ही था। फ्रांस में सतत रूप से यह सहमति रही है कि अगर यूरोपीय संघ को अमेरिका और चीन से अलग अपनी पहचान एवं साख बनानी है तो भारत का साथ अनिवार्य है। इन्हीं भावनाओं की ताजा अभिव्यक्ति मैक्रों के भारत दौरे पर दिखी। मैक्रों ने कहा कि दोनों पक्ष हिंद–प्रशांत से लेकर प्रौद्योगिकी के स्तर तक 'किसी भी प्रकार के वर्चस्व के विरुद्ध हैं।' उन्होंने अपने संबंधों की तुलना 'संप्रभु गठबंधन' से भी की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसी संदर्भ में कहा कि दोनों देश 'बहुध्रुवीय विश्व' में विश्वास रखते हैं और उस ध्येय की प्राप्ति के लिए प्रयासरत भी हैं। इसका यही मर्म है कि फ्रांस और भारत महत्वपूर्ण क्षेत्रों में मिलकर काम करेंगे, ताकि वे अमेरिका या चीन की राह पर ही चलने को विवश न हों। संभव है कि ये किसी तीसरे विकल्प का ही मार्ग प्रशस्त करें। तीसरे विकल्प की संभावनाएं अकारण भी नहीं हैं। हाल के दिनों में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का यूरोप के प्रति अपमानजनक रवैया और चीन की आक्रामक व्यापार नीतियों ने यूरोप को आहत किया है। इससे भी फ्रांस के तीसरे विकल्प की आकांक्षा को बल मिला है।

सामरिक मोर्चे पर भी भारत–फ्रांस रिश्ते उड़ान भर रहे हैं। इसे इससे आंका जा सकता है कि आज फ्रांस रूस के बाद भारत को हथियार आपूर्ति करने वाला दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक बन गया है। लड़ाकू विमानों, पनडुब्बियों और इंजनों की बिक्री और संयुक्त उत्पादन के लिए जिस गति से समझौते हो रहे हैं, उसे देखते हुए आने वाले वर्षों में अगर फ्रांस रूस को पीछे छोड़कर पहले पायदान पर पहुंच जाए तो कोई हैरत की बात नहीं होगी। चीन की काट और एशिया में शक्ति संतुलन के लिए भारत के साथ फ्रांस द्वारा सह–निर्मित और सह–उत्पादित राफेल विमान, एच 125 हेलीकाप्टर, हैमर प्रक्षेपास्त्र, स्कार्पीन पनडुब्बियां और पांचवीं पीढ़ी के जेट इंजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

यह भी ध्यान रहे कि फ्रांस चीन या पाकिस्तान को कोई भी मारक हथियार नहीं बेचता है, जबकि रूस चीन को अत्याधुनिक अस्त्र–शस्त्र देता आ रहा है। फ्रांस–भारत द्विपक्षीय सैन्य सहयोग अस्त्रों तक भी सीमित नहीं है। उभरती और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए दोनों देशों ने 'संयुक्त उन्नत प्रौद्योगिकी विकास समूह' स्थापित किया है, ताकि विरोधियों पर सैन्य प्रतिस्पर्धी बढ़त बनाए रखी जा सके। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी का यह दावा कि हमारी आपसी साझेदारी 'गहरे महासागरों से लेकर सबसे ऊंचे पहाड़ों तक' असीमित रूप से आगे बढ़ सकती है, अतिशयोक्ति नहीं है।



नवाचार एक और क्षेत्र है, जिसमें फ्रांस और भारत कई महत्वाकांक्षी पहल कर रहे हैं। इस क्रम में 'भारत–फ्रांस नवाचार संघ' दोनों देशों के विज्ञानियों, शोधकर्ताओं, व्यापारियों और उद्यमियों के लिए अपार संभावनाओं के द्वार खोलेगा। एआइ, अंतरिक्ष और विमानन जैसे क्षेत्रों में फ्रांस और भारत की सक्रियता बढ़ रही है। एआइ के महाकुंभ कहे जाने वाले शिखर सम्मेलनों की शुरुआत भी फ्रांस और भारत ने ही की थी। दोनों पक्ष 'एआइ के लोकतंत्रीकरण' और 'वैश्विक एआइ की खाई को पाटने' जैसे सिद्धांतों को बढ़ावा दे रहे हैं। भारत जैसे विकासशील देश को अगर वैश्विक स्तर पर 2047 तक शीर्ष तीन एआइ महाशक्तियों में शामिल होने के मोदी के संकल्प को साकार करना है तो इसमें फ्रांस और अन्य विकसित एवं वैज्ञानिक रूप से उन्नत देशों की सहभागिता बहुमूल्य होगी।

चूंकि फ्रांस की आवाज को यूरोपीय संघ की आवाज भी माना जाता है तो उसके साथ प्रगाढ़ होती मित्रता के भारत के लिए गहरे गुणात्मक प्रभाव भी होंगे। बीते दिनों यूरोपीय संघ के साथ हुआ बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौता इसकी एक बानगी रहा। अफ्रीका में भी फ्रांस नए सिरे से अपने छवि को ढालने की कोशिश कर रहा है और भारत के साथ त्रिकोणीय सहयोग से तमाम पहलों को अमल में लाने का इच्छुक है। हिंद महासागर और हिंद–प्रशांत में फ्रांस की प्रत्यक्ष उपस्थिति से भी भारत को कई रणनीतिक लाभ मिले हैं। भारत और फ्रांस की मित्रता ने सदैव ठोस परिणाम दिए है और हम इसे लेकर आशान्वित हो सकते हैं कि 'विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी' के नामांतरण के बाद यह जोड़ी दुनिया के कई हिस्सों में अपना रंग दिखाएगी।

**(स्तंभकार 'फ्रेंड्स: इंडियाज क्लोजेस्ट स्ट्रैटेजिक पार्टनर्स' नामक पुस्तक के लेखक है)**

# सिविल सेवा परीक्षा में सही सुधार

प्रेमपाल शर्मा

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रशंसा की जानी चाहिए कि इस संस्था में समय के अनुसार लगातार सुधार और समीक्षा की प्रक्रिया जारी रहती है। 2026 में होने वाली सिविल सेवा परीक्षा में सुधार के कुछ कदम स्वागतयोग्य हैं। इनके अनुसार परीक्षा में अंतिम रूप से सफल होने पर यदि किसी उम्मीदवार को ग्रुप ए की कोई सेवा मिल जाती है, तो उसके बाद उसे आइएएस, आइएफएस जैसी अखिल भारतीय सेवाओं में जाने के लिए केवल एक अवसर और मिलेगा। उसके बाद परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं होगी। यदि वह अपने विभाग से प्रसन्न नहीं है, तो त्यागपत्र देकर फिर से परीक्षा दे सकता है। आइएएस और आइएफएस में एक बार चुने जाने के बाद फिर से परीक्षा में बैठने की इजाजत पहले की तरह अभी भी नहीं होगी। वैसे यहां लोकतांत्रिक ढंग से एक गुंजाइश छोड़ी गई है। लगभग 23 विभागों में पांच विभाग जैसे अगर दिल्ली में दानिक्स या पुडुचेरी पुलिस आदि में ग्रुप बी की सेवा मिलती है तब जरूर उसे एक से ज्यादा अवसर मिल सकते हैं। इस एक सुधार से कई स्तरों पर फायदा होगा। सबसे पहले नए उम्मीदवारों के लिए ज्यादा पद खाली मिलेंगे, वरना पहले से सफल उम्मीदवार बार–बार उन्हीं पदों पर चुने जाते रहे हैं। एक बार चुने जाने वालों के लिए भी एक और अवसर देने से वे लगातार 30–35 वर्ष तक परीक्षा में शामिल होने के लोभ से बच जाएंगे।

सभी सेवाओं के वेतनमान और सुविधाएं लगभग बराबर ही होती हैं। पहले इन विभागों को उम्मीदवार तो आवंटित हो जाते थे, लेकिन उनमें से कितने ज्वाइन करेंगे, कोई पता नहीं होता था। कुछ फिर से परीक्षा में बैठने के लिए लगातार दो–चार वर्षों तक कई बहाने जैसे मेडिकल, मां की बीमारी आदि बताकर कोशिश करते रहते थे। इससे उनकी वरिष्ठता और प्रशिक्षण की समस्याएं पैदा होती थीं। नतीजतन प्रशासनिक क्षमता में लगातार गिरावट आ रही थी। अब सभी विभाग बेहतर ढंग से काम कर पाएंगे। इससे सभी विभागों की ट्रेनिंग और क्षमता भी बेहतर होगी। इस सुधार के सामाजिक परिणाम भी अच्छे आएंगे।



जब जाति विशेष के कारण किसी उम्मीदवार को परीक्षा देने की अनंत छूट रहती है, तब तक उसके अंदर बार–बार परीक्षा देने की भूख भी कायम रहती है, लेकिन प्रश्न है कि कितने उम्मीदवारों के लिए यह संभव है? क्या यह दुनिया की सबसे बड़ी नौजवान पीढ़ी की क्षमता और ऊर्जा की बर्बादी नहीं है? क्या यह सामाजिक–जातीय विभाजन की तरह सेवाओं में भी कमतर और बेहतर की भावना पैदा नहीं करता? उनके अभिभावक भी लगातार चिंता में डूबे रहते हैं कि उनकी परीक्षा के चक्र कब खत्म होंगे? देश को इन सबसे मुक्ति चाहिए। मौजूदा सुधार का दूसरा पक्ष भी महत्वपूर्ण है और वह है राज्यवार कैडर में उम्मीदवारों का वितरण।

नौकरशाही के स्टील फ्रेम में आइएएस सबसे मजबूत आधार होता है। जिस राज्य के लिए उनका आवंटन होता है, वे उस राज्य में ही रहते हैं या फिर केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर आते हैं, लेकिन उस राज्य में बने रहने के कुछ दुष्परिणाम अतीत में अनुभव किए गए।

हालांकि सरकार नए नियमों को कितनी दृढ़ता से लागू करती है, यह एक सवाल है। पुराने अनुभवों पर नजर डालें तो 1986 में भी इससे कुछ मिलते–जुलते कदम उठाए गए थे। तब परीक्षा देने के प्रयासों पर ऐसी ही रोक लगाई गई थी, लेकिन इसके खिलाफ दशकों तक हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट में मुकदमेबाजी हुई। झूठ–सच के आधार पर उम्मीदवारों ने छुट्टी ली और फिर से वर्षों तक परीक्षाएं दीं। इसके परिणामस्वरूप प्रशासनिक ढांचा और उसकी कार्यक्षमता पर बुरा असर पड़ा। अफसरों के बीच जो परस्पर सहयोग की भावना होनी चाहिए, उसके बदले उनमें ईर्ष्या पनपने लगी। जब सभी सेवाओं की लगभग 99 प्रतिशत सुविधाएं बराबर हैं तो इनकम टैक्स में काम करने वाला रेलवे में काम करने वाले को कमतर क्यों समझता है?

अपने देश में आइएएस या आइपीएस का नशा तो सातवें आसमान पर रहता है। यह भारतीय समाज का दुर्भाग्य है कि वह जन्म से ही बराबरी नहीं सिखाता। एक प्रसिद्ध समाजशास्त्री ने कहा भी है कि संविधान में तो हमने बराबरी ला दी, लेकिन समाज अभी उससे बहुत दूर है। इससे देश को नुकसान पहुंच रहा है। इसे तुरंत रोकने की जरूरत है। यूपीएससी में अभी और सुधारों का इंतजार है। हमने ब्रिटिश शासन से स्टील फ्रेम तो ले लिया, लेकिन उसके आत्मा को आत्मसात नहीं किया। यानी कार्यक्षमता, कम उम्र में भर्ती, पाठ्यक्रम, व्यवस्थित प्रशिक्षण, काम के प्रति समर्पण और जिम्मेदारी।

**(लेखक भारत सरकार में संयुक्त सचिव रहे हैं)**

# अब सीमा पर रोबोट आर्मी तैनात करेगा चीन


नई दिल्ली

सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें ह्यूमनॉइड रोबोट असॉल्ट राइफल लेकर चलते दिखाई दे रहे हैं। दावा किया गया कि चीन ने रोबोट सैनिकों को सैन्य सेवा के लिए ट्रेनिंग देना शुरू कर दिया है। लेकिन जांच में यह दावा संदिग्ध पाया गया है और वीडियो को एआई से तैयार किया गया बताया गया है।

वायरल पोस्ट में कहा गया था कि चीन ने यूनिट्री नाम के रोबोट का लाइव-फायर टेस्ट शुरू कर दिया है। पोस्ट में यह भी लिखा गया कि भविष्य में युद्ध के लिए इंसानों की जरूरत नहीं पड़ेगी।

हालांकि एआई टूल ग्रोक की जांच में सामने आया कि यह वीडियो असली नहीं है और संभवतः एआई से बनाया गया है। 2026 में यूनिट्री के ह्यूमनॉइड रोबोट के सैन्य लाइव-फायर टेस्ट की कोई आधिकारिक या विश्वसनीय रिपोर्ट नहीं मिली है।

ग्रोक के अनुसार, अब तक यूनिट्री रोबोट का इस्तेमाल केवल नागरिक कार्यक्रमों में प्रदर्शन के लिए हुआ है। ये रोबोट टीवी कार्यक्रमों, जैसे स्प्रिंग फेस्टिवल गाला, में



प्रदर्शन करते नजर आए हैं। पिछले वर्षों में चीन ने सैन्य परीक्षणों में चार पैरों वाले (क्वाड्रुपेड) रोबोट का इस्तेमाल किया था, लेकिन ह्यूमनॉइड रोबोट सैनिकों की ट्रेनिंग का कोई पुख्ता सबूत नहीं है। यह पहली बार नहीं है जब चीन से जुड़ी ऐसी खबरें वायरल हुई हों। इससे पहले भी दावा किया गया था कि चीन ने एलएसी के पास-द्ध रोबोट तैनात किए हैं। चीन ने हाल ही में कुछ गैर-लड़ाकू कामों के लिए ह्यूमनॉइड रोबोट के ट्रायल की घोषणा की है। शेनझेन की कंपनी ने वियतनाम सीमा के पास एक पायलट प्रोजेक्ट के लिए रोबोट सप्लाई करने का करार किया है। इस प्रोजेक्ट में वॉकर एसडब्ल्यू नाम का ह्यूमनॉइड रोबोट शामिल है, जिसे जुलाई 2025 में पेश किया गया था। इसे ऐसी बैटरी सिस्टम के साथ बनाया गया है जो खुद बदल सकती है, जिससे यह लंबे समय तक काम कर सकता है।

इसका उपयोग लॉजिस्टिक्स, कस्टम और बॉर्डर मैनेजमेंट जैसे कामों में किया जाना है। चीन की कंपनी ने हाल ही में टीवी प्रसारण के दौरान ह्यूमनॉइड रोबोट से मार्शल आर्ट का प्रदर्शन कराया, जिससे दुनिया का ध्यान आकर्षित हुआ। अन्य कंपनियां भी इस क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। मैजिकलब ने डांस करते ह्यूमनॉइड रोबोट दिखाए, जबकि नोएटिक्स रोबोटिक्स ने इंसानों जैसे दिखने वाले रोबोट पेश किए। बीजिंग की गैल्बोट ने ऐसे रोबोट दिखाए जो अखरोट तोड़ने, सॉसेज में सींक लगाने और कपड़े मोड़ने जैसे काम कर सकते हैं। सीएनएन की एक रिपोर्ट के अनुसार, बढ़ती मजदूरी लागत और कम होती कामकाजी आबादी के बीच चीन अपनी मैन्युफैक्चरिंग स्थिति बनाए रखने के लिए रोबोटिक्स में भारी निवेश कर रहा है। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रोबोटिक्स के मुताबिक, 2024 में चीन दुनिया का सबसे बड़ा इंडस्ट्रियल रोबोट बाजार रहा और वैश्विक स्तर पर लगे कुल रोबोट्स में से आधे से ज्यादा चीन में लगाए गए।

फिलहाल ह्यूमनॉइड रोबोट मनोरंजन और डेमो में ज्यादा दिखाई देते हैं, लेकिन उन्हें फैक्ट्रियों, लॉजिस्टिक्स सेंटर और रिसर्च लैब में भी टेस्ट किया जा रहा है। कई कंपनियां सरकार की मदद से इस तकनीक को आगे बढ़ाने में लगी हैं।

# कानून को अपना काम करना चाहिए, एपस्टीन मामले में भाई एंड्र्यू की गिरफ्तारी पर बोले किंग चार्ल्स

नई दिल्ली

कुख्यात यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े प्रकरण में ब्रिटेन के शाही परिवार के सदस्य प्रिंस एंड्र्यू को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी की पुष्टि थेम्स वैली पुलिस ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर की। पुलिस के अनुसार, एंड्र्यू को पूर्वी इंग्लैंड स्थित एस्टेट के वुड फार्म आवास से हिरासत में लिया गया। कार्रवाई के दौरान सादे कपड़ों में अधिकारी बिना चिह्नित वाहनों से पहुंचे। आधिकारिक बयान में पुलिस ने नियमानुसार नाम उजागर नहीं किया और उन्हें पूर्व राजकुमार के रूप में संबोधित किया। पुलिस ने यह भी बताया कि बर्कशायर स्थित उनके पूर्व निवास पर तलाशी की कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि गिरफ्तारी ऐसे दिन हुई जब एंड्र्यू अपना 66वां जन्मदिन मना रहे थे। एपस्टीन फाइल्स के सामने आने के बाद से ये अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। एंड्र्यू पर आरोप है कि उन्होंने 2010 में ब्रिटेन के व्यापार मामलों के विशेष दूत के रूप में अपने पद का दुरुपयोग करते हुए कुछ आधिकारिक एवं गोपनीय दस्तावेज जेफ्री एपस्टीन के साथ साझा किए। ब्रिटेन के राजा चार्ल्स तृतीय, जो उनके बड़े भाई हैं, ने संक्षिप्त प्रतिक्रिया में कहा कि कानून अपना काम करेगा। एंड्र्यू, दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के दूसरे पुत्र हैं। वह पहले भी एपस्टीन से निकट संबंधों को लेकर विवादों में रहे हैं। एपस्टीन फाइल्स में उनकी अभद्र



तस्वीरों के अलावा एक महिला ने आरोप लगाया था कि एपस्टीन उसे 2010 में तत्कालीन प्रिंस एंड्र्यू के साथ यौन संबंध बनाने के लिए ब्रिटेन ले गया था। महिला का दावा था कि वह विंडसर कैसल एस्टेट स्थित एंड्र्यू के शाही निवास में गई थी। वर्ष 2019 में एपस्टीन मामले पर दिए गए एक टेलीविजन साक्षात्कार के बाद एंड्र्यू ने सार्वजनिक शाही दायित्वों से खुद को अलग कर लिया था। 2022 में अमेरिकी नागरिक वर्जीनिया जियुफ्रे द्वारा लगाए गए यौन शोषण के आरोपों से जुड़े दीवानी मुकदमे का निपटारा उन्होंने अदालत के बाहर समझौते के जरिए किया था, हालांकि उन्होंने सभी आरोपों से इनकार किया था। एपस्टीन को 2008 में नाबालिग को वेश्यावृत्ति में धकेलने के मामले में दोषी ठहराया गया था। 2019 में संघीय यौन तस्करी के आरोपों में गिरफ्तारी के बाद न्यूयार्क की जेल में उसकी मृत्यु हो गई थी, जिसे आधिकारिक तौर पर आत्महत्या बताया गया।

## पैक्स सिलिका समझौता कर, हम अपनी मजबूरी का फायदा उठाने वालों को ना कह रहे हैं: जैकब हेलबर्ग

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** अमेरिका और भारत के बीच तकनीक, महत्वपूर्ण खनिजों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में रणनीतिक सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से पैक्स सिलिका घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए गए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और अमेरिकी आर्थिक मामलों के उपमंत्री जैकब हेलबर्ग की मौजूदगी में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस मौके पर अमेरिकी आर्थिक मामलों के उपमंत्री जैकब हेलबर्ग ने कहा कि यह समझौता केवल कागज पर एक करार नहीं है, बल्कि एक साझा भविष्य का रास्ता है। श्री हेलबर्ग ने यहां हस्ताक्षर समारोह के दौरान ने कहा, हम साथ मिलकर यह कहते हैं कि आर्थिक सुरक्षा ही राष्ट्रीय सुरक्षा है। संप्रभुता किसी वैश्विक दफ्तर या नौकरशाही से नहीं आती। यह उन निर्माताओं से आती है, जो आज इस कमरे में मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि यह घोषणा एआई के क्षेत्र में नए आविष्कारों को बढ़ावा देने वाला है। साथ ही, यह तकनीकी विकास को रोकने की कोशिशों के खिलाफ खड़े होने का एक संकल्प है। अमेरिकी उपमंत्री ने प्राचीन इतिहास के एक सबक का जिक्र करते हुए कहा कि सिकंदर महान ने एक बार कहा था कि एशिया के लोग इसलिए गुलाम थे क्योंकि उन्होंने ना शब्द बोलना नहीं सीखा था। उन्होंने कहा, हमारे दोनों राष्ट्रों की नींव ना शब्द पर टिकी है... इसलिए आज जब हम पैक्स सिलिका घोषणापत्र पर हस्ताक्षर कर रहे हैं, तो हम अपनी मजबूरी और निर्भरता का फायदा उठाने वालों को ना कहते हैं, और हम ब्लैकमेल को ना कहते हैं। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने इस समझौते को एक रणनीतिक गठबंधन बताया जो 21वीं सदी की आर्थिक और तकनीकी व्यवस्था को आकार देगा। उन्होंने कहा कि यह खनिजों और चिप बनाने से लेकर एआई के इस्तेमाल तक, पूरी प्रक्रिया को सुरक्षित करेगा। उन्होंने कहा कि पैक्स सिलिका का लक्ष्य मजबूरी वाली निर्भरता को खत्म करके भरोसेमंद औद्योगिक साझेदारी बनाना है, जो स्वतंत्र बाजारों को ताकत दे सके।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह समझौता वैश्विक तकनीक और सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला में भारत की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। उन्होंने कहा, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने हमारे देश के प्रति विश्वास पैदा किया है। आज पैक्स सिलिका पर हस्ताक्षर किए गए, जो सेमीकंडक्टर आपूर्ती श्रृंखला, इसके निर्माण और चिप डिजाइन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, ताकि हमारे देश में सेमीकंडक्टर का पूरा माहौल अच्छी तरह स्थापित हो सके। यह घोषणा आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा, तकनीकी संप्रभुता और एआई की वैश्विक दौड़ को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच अमेरिका-भारत के बढ़ते सहयोग को दर्शाती है।श्री गोर ने भारत और अमेरिका के बीच हाल ही में हुए अंतरिम व्यापार समझौते का जिक्र करते हुए कहा कि यह समझौता केवल व्यापार और आयात शुल्क तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दो महान लोकतंत्रों द्वारा एक-दूसरे से केवल सामान खरीदने के बजाय मिलकर निर्माण करने की साझा प्रतिबद्धता को दिखाता है। तेजी से बदलते वैश्विक माहौल में पैक्स सिलिका में भारत की भागीदारी को साझा समृद्धि, तकनीकी नेतृत्व और लोकतांत्रिक सहयोग में एक लंबे समय के निवेश के रूप में देखा जा रहा है। श्री वैष्णव ने कहा, हम यहाँ केवल एक शिखर सम्मेलन नहीं कर रहे हैं, बल्कि भविष्य बना रहे हैं। हम अपनी युवा पीढ़ी के लिए नींव रख रहे हैं।

## अमेरिका डील पर सरकार चुप्पी तोड़े और सच्चाई बतायेः अखिलेश

**लखनऊ(वार्ता)।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अमेरिका के साथ हुई डील को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इस समझौते को लेकर सरकार की चुप्पी कई संदेह पैदा कर रही है और स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए। श्री यादव ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा, क्या डील ने मुंह पर सील लगा दी है। या तो सरकार बताए कि इस डील में क्या शर्तें तय हुई हैं या फिर बाहरी हस्तक्षेप के दावों को स्पष्ट रूप से खारिज करे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार देश की संप्रभुता और आर्थिक हितों से जुड़े मुद्दों पर पारदर्शिता नहीं बरत रही है। उन्होंने कहा इस डील से किसानों, कारोबारियों, मजदूरों और छोटे-बड़े उद्योगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। यदि खेती और उद्योग प्रभावित होंगे तो रोजगार के अवसर कम होंगे और युवाओं का भविष्य असुरक्षित हो जाएगा। सपा प्रमुख ने इसे देश के सम्मान से जुड़ा विषय बताते हुए केंद्र सरकार से तत्काल स्पष्टीकरण देने की मांग की। उन्होंने कहा कि देश की जनता को यह जानने का अधिकार है कि इस डील से भारत के आर्थिक हितों और आत्मनिर्भरता पर क्या असर पड़ेगा।

## राजनीति का शुद्धिकरण कर रहे योगी आदित्यनाथः डॉ. डेविड फ्रॉले

लखनऊ, (वार्ता)

अमेरिका के प्रख्यात वैदिक विद्वान डॉ. डेविड फ्रॉले ने राजधानी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और योग, आयुर्वेद व सनातन संस्कृति पर चर्चा की। मुख्यमंत्री के बहुआयामी व्यक्तित्व के प्रशंसक डॉ. फ्रॉले ने कहा कि योगी आदित्यनाथ राजनीति का शुद्धिकरण कर रहे हैं। उन्होंने नाथ परंपरा का उदाहरण देते हुए कहा कि इससे वैश्विक कल्याण की नई राह प्रशस्त हो रही है। अमेरिकी विद्वान ने योगी सरकार द्वारा अयोध्या का पुरातन गौरव लौटाने की सराहना की और कहा कि अयोध्या का कायाकल्प वेदों की ओर लौटने का मार्ग है। डॉ. फ्रॉले ने कहा योगी आदित्यनाथ के साथ समय बिताना मेरे लिए अत्यंत सम्मान और सौभाग्य की बात रही। गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी उस नाथ परंपरा से जुड़े हुए हैं, जो प्राचीन योग संस्कृति से जुड़ी है और इसे भारत में जीवंत बनाए हुए है। वे इन परंपराओं को न केवल संरक्षित कर रहे हैं, बल्कि उन्हें वैश्विक स्तर पर विस्तार भी दे रहे हैं। साथ ही वे शरीर, मन, समाज के स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ राजनीति का शुद्धिकरण भी कर रहे हैं। भारत की वे सभी परंपराएं, जो संपूर्ण मानवता के लिए प्रासंगिक हैं, योगी आदित्यनाथ के माध्यम से नई ऊर्जा प्राप्त कर रही हैं। योगी से मिलकर प्रफुल्लित डॉ. डेविड फ्रॉले ने 'नई अयोध्या' की प्रशंसा करते हुए कहा कि अयोध्या का कायाकल्प अत्यंत प्रसन्नता की बात है। प्रभु श्रीराम का दर्शन आध्यात्मिक रूप से अत्यंत सुखद अनुभव देता है। भगवान राम भारत की आत्मा के प्रतीक हैं। वे हमें सूर्यवंश से जोड़ते हैं और समस्त धार्मिक परंपराओं को एक सूत्र में पिरोते हैं। आज विश्व धीरे-धीरे अपनी आध्यात्मिक चेतना खोता जा रहा है। ऐसे में वेद, योग, आयुर्वेद और अन्य भारतीय परंपराओं तक, सबका नवोन्मेष और पुनर्जीवन मौजूदा परिवेश में अत्यंत आवश्यक है। ऐसे समय में योगी जी जैसा नेतृत्व मिलना भारत ही नहीं, पूरे विश्व के लिए वरदान है। डॉ. फ्रॉले ने कहा योगी जी में तेज है, क्योंकि वे 'आदित्य' हैं, सूर्य तत्व से जुड़े हैं। आत्मविद्या के लिए हम आदित्य की ओर देखते हैं और सूर्य ही योग का आधार है। योगी जी के साथ कुछ क्षण बिताना भी जीवनभर के लिए यादगार पल है। विसकॉन्सिन (अमेरिका) में एक कैथोलिक परिवार में जन्मे डॉ. डेविड फ्रॉले की गिनती अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदुत्व के प्रमुख विचारकों में होती है। उन्होंने करीब एक दशक तक आयुर्वेद का भी अध्ययन किया है।

## हरिद्वार में किरायेदार सत्यापन अभियान तेज , 16 मकान मालिकों पर 1.60 लाख का जुर्माना

**भगवानपुर/हरिद्वार(वार्ता)।** उत्तराखंड पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष सत्यापन अभियान के तहत शुक्रवार को थाना भगवानपुर क्षेत्र में व्यापक किरायेदार एवं श्रमिक सत्यापन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 16 मकान मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कुल 1,60,000 का जुर्माना लगाया, जबकि 115 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भगवानपुर के नेतृत्व में चौकी मंडावर क्षेत्र में की गई। अभियान के तहत घरेलू किरायेदारों, नौकरों, फड़-फेरी करने वालों तथा विभिन्न संस्थानों में कार्यरत मजदूरों के दस्तावेजों का गहन सत्यापन किया गया। जांच के दौरान 16 मकान मालिक ऐसे पाए गए जिन्होंने अपने किरायेदारों का अनिवार्य पुलिस सत्यापन नहीं कराया था। इस पर पुलिस ने 83 पुलिस अधिनियम के तहत चालान करते हुए कुल 1.60 लाख रुपये का आर्थिक दंड लगाया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाने और कानून-व्यवस्था मजबूत रखने के लिए सत्यापन अभियान लगातार जारी रहेगा। स्थानीय प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अपने किरायेदारों और कर्मचारियों का समय पर सत्यापन अवश्य कराएं, ताकि अनावश्यक कार्रवाई से बचा जा सके और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे।

# अगले 10 दिनों में मिडिल ईस्ट में होगा कुछ बड़ा, ईरान को ट्रंप की कड़ी चेतावनी

नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर कड़ा बयान दिया है। बोर्ड ऑफ पीस की पहली बैठक में उन्होंने कहा कि ईरान को एक सार्थक समझौता करना होगा, नहीं तो हालात खराब हो सकते हैं। ट्रंप ने चेतावनी भरे अंदाज में कहा, अगले लगभग 10 दिनों में आपको पता चल जाएगा।

ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ समझौता करना हमेशा आसान नहीं रहा है। उन्होंने साफ कहा कि अगर कोई मजबूत और सार्थक डील नहीं होती है, तो बुरी चीजें हो सकती हैं। इस बयान के बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।

हाल ही में अमेरिका और ईरान के बीच ओमान की मध्यस्थता में अप्रत्यक्ष बातचीत फिर से शुरू हुई है। इससे पहले ट्रंप ने ईरान पर प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सैन्य कार्रवाई की धमकी दी थी। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह भी संकेत दिया था कि अमेरिका ईरान पर हमला कर सकता है। उन्होंने ब्रिटेन को चेतावनी दी कि वह हिंद महासागर के चागोस द्वीपसमूह पर अपनी संप्रभुता न छोड़े। ट्रंप ने कहा कि वहां स्थित डिएगो गार्सिया एयरबेस ईरान के खिलाफ जरूरत पड़ने पर इस्तेमाल की जा सकती है।

अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, व्हाइट हाउस को





जानकारी दी गई है कि सेना इस सप्ताहांत तक हमले के लिए तैयार है। हालांकि, यह साफ नहीं है कि ट्रंप अंतिम फैसला लेंगे या नहीं। एक सूत्र के अनुसार, ट्रंप इस मुद्दे पर गहराई से विचार कर रहे हैं और अपने सलाहकारों से राय ले रहे हैं।

द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप को ऐसे सैन्य विकल्प बताए गए हैं, जिनका मकसद अधिकतम नुकसान पहुंचाना है। इनमें ईरान के कई राजनीतिक और सैन्य नेताओं को निशाना बनाने और सरकार को गिराने की योजना भी शामिल बताई गई है।ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा है कि उनका देश युद्ध नहीं चाहता। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि ईरान किसी भी कीमत पर अमेरिका के दबाव के आगे नहीं झुकेगा। इस बीच, अमेरिका ने मध्य पूर्व में अपनी सैन्य ताकत बढ़ा दी है। वहां इस समय 13 अमेरिकी युद्धपोत मौजूद हैं, जिनमें विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन, नौ विध्वंसक जहाज और तीन लिटोरल कॉम्बैट शिप शामिल हैं। दुनिया का सबसे बड़ा विमानवाहक पोत यूएसएस जेराल्ड आर. फोर्ड भी अटलांटिक महासागर से मध्य पूर्व की ओर बढ़ रहा है। इसके साथ तीन विध्वंसक जहाज भी हैं। आमतौर पर इस क्षेत्र में एक समय में दो अमेरिकी विमानवाहक पोत कम ही तैनात होते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका ने बड़ी संख्या में लड़ाकू विमान भी भेजे हैं। इनमें एफ-22 रैप्टर स्टील्थ फाइटर जेट, एफ-15 और एफ-16 लड़ाकू विमान शामिल हैं। इनके साथ केसी-135 एयर रिफ्यूलिंग विमान भी तैनात किए गए हैं, जो हवा में ईंधन भरने का काम करते हैं।

फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटरडार24 के मुताबिक, कई केसी-135 विमान मध्य पूर्व के आसपास उड़ान भरते दिखे हैं। इसके अलावा ई-3 सेंट्री चेतावनी विमान और कार्गो प्लेन भी क्षेत्र में सक्रिय हैं। कुल मिलाकर, बातचीत जारी रहने के बावजूद अमेरिका ने सैन्य तैयारी तेज कर दी है।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

## दो दीवाने सहर में' नैना का किरदार मेरे लिये आईना साबित हुआ : संदीपा धर

अभिनेत्री संदीपा धर का मानना है कि फिल्म 'दो दीवाने सहर में' में उनका किरदार नैना, उनके लिए एक आईना साबित हुआ है, जिसने उन्हें उनकी असुरक्षाओं, आत्म-संदेह और उन खामोश जद्दोजहदों से सामना



करना सिखाया, जिन्हें वे लंबे समय से टालती आ रही थीं। फिल्म 'दो दीवाने सहर में' आज सिनेमाघरों में रिलीज़ हो चुकी है और नैना के रूप में नज़र आ रही संदीपा धर को दर्शकों की तरफ से काफी सराहना मिल रही है। ऐसे में अपने दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए एक बार फिर अपने किरदार नैना से जुड़ी कुछ ख़ास बातें संदीपा ने साझा की है, जो बीते एक साल में उनकी ज़िंदगी का अभिन्न अंग बन चुकी है। भंसाली प्रोडक्शंस की इस फिल्म में मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ नज़र आ रही संदीपा का मानना है कि इस फिल्म में उनका किरदार नैना, उनके लिए एक आईना साबित हुआ है, जिसने उन्हें उनकी असुरक्षाओं, आत्म-संदेह और उन खामोश जद्दोजहदों से सामना करना सिखाया, जिन्हें वे लंबे समय से टालती आ रही थीं। फिल्म के रिलीज़ के साथ संदीपा ने 'नैना' के पीछे के इस बेहद निजी सफ़र के बारे में बात करते हुए बताया है कि उनके लिए यह अनुभव सिर्फ अभिनय नहीं था, बल्कि खुद से बातचीत थी। उनके लिए यह सोचने का मौका था कि हम कितनी बार दूसरों की मंज़ूरी के लिए खुद को बदल लेते हैं, और कितनी बार आईने में सिर्फ़ अपनी कमियाँ ही देखते हैं। एक साल लंबे भावनात्मक सफ़र को याद करते हुए संदीपा ने कहा, , मैं लगभग एक साल से नैना के साथ जी रही हूँ। सच कहूँ तो उसने मुझे उन बातों पर सोचने पर मजबूर कर दिया, जिनका सामना मैं नहीं करना चाहती थी। कितनी बार हम किसी की स्वीकृति पाने के लिए खुद को बदल लेते हैं?




## अनुराग कश्यप और बॉबी देओल की फ़िल्म 'बंदर' 22 मई 2026 को होगी रिलीज

2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक, %बंदर%, 22 मई 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस फिल्म में बॉबी देओल लीड रोल में नजर आएंगे, और उनके साथ जुड़ रही है एक जबरदस्त क्रिएटिव टीम जिसका नेतृत्व डायरेक्टर अनुराग कश्यप और लेखक सुदीप शर्मा एवं अभिषेक बनर्जी कर रहे हैं।

पिछले कुछ सालों में अपनी दमदार परफॉर्मेंस से धमाका करने के बाद, बॉबी देओल इस इंटेंस ड्रामा में एक बिल्कुल अलग अंदाज में दिखने वाले हैं। इस फिल्म को निखिल द्विवेदी ने प्रोड्यूस किया है और इसके पीछे ज़ी स्टूडियोज का बड़ा हाथ है। इस फिल्म को सुदीप शर्मा और अभिषेक बनर्जी ने लिखा है। बंदर ने अपनी रिलीज से पहले ही पूरी दुनिया में हलचल मचा दी है। 2025 के 50वें टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में स्पेशल प्रेजेंटेशन कैटेगरी में इसके प्रीमियर के बाद से ही फिल्म की काफी चर्चा है।

फिल्म में सान्या मल्होत्रा, राज बी शेट्टी, जितेंद्र जोशी, सपना पब्बी, इंद्रजीत सुकुमारन, रिद्धि सेन और नागेश भोसले जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## सूरज बड़जात्या की अगली फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' से जुड़े स्वानंद किरकिरे

प्रसिद्ध गीतकार, गायक, अभिनेता और लेखक स्वानंद किरकिरे फिल्म निर्माता सूरज बड़जात्या की आने वाली रोमांटिक पारिवारिक फिल्म ये प्रेम मोल लिया का हिस्सा बनने जा रहे हैं। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ मुख्य भूमिकाओं में नज़र आएंगे। यह फिल्म सूरज बड़जात्या की उस खास शैली में वापसी मानी जा रही है, जिसके लिए वे पारिवारिक



और रोमांटिक कहानियों के लिए जाने जाते हैं।हालांकि स्वानंद किरकिरे के किरदार की ज़्यादा जानकारी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन फिल्म से जुड़े सूत्रों के अनुसार उनका रोल कहानी में काफी अहम और दिलचस्प होगा, जो फिल्म की भावनात्मक गहराई को और मज़बूत करेगा। स्वानंद किरकिरे ने कहा, सूरज जी के साथ काम करना ऐसा लगता है जैसे एक खास तरह की कहानी कहने की दुनिया में वापस आना, जिसने हम सभी दर्शकों को कहीं न कहीं प्रभावित किया है। उनकी फिल्मों में सिर्फ दो लोगों के बीच का प्यार नहीं, बल्कि परिवारों के बीच, पीढ़ियों के बीच और छोटी-छोटी बातों में छिपे रिश्तों का जश्न मनाया जाता है। जब मैंने 'ये प्रेम मोल लिया' की कहानी सुनी तो उसकी सादगी और सच्चाई ने मुझे बहुत छू लिया। सूरज जी की लिखाई की खास बात यह है कि उनकी फिल्मों में खामोशी भी बहुत कुछ कहती है। रिश्तों को जिस गरिमा, सादगी और गर्मजोशी से वह पर्दे पर दिखाते हैं, वह बेहद खास है। एक अभिनेता के तौर पर यह चुनौतीपूर्ण भी है और संतोष देने वाला भी, क्योंकि आपको बिना ज़्यादा दिखावे के भी भावनात्मक रूप से सच्चा रहना होता है। स्वानंद किरकिरे ने कहा,राजश्री फिल्म का हिस्सा बनना अपने आप में एक विरासत से जुड़ना है। इस बैनर के साथ एक पवित्रता और अच्छाई की भावना जुड़ी है। ऐसे लोगों के साथ काम करना, जो दिखावे से ज़्यादा भावनाओं की सच्चाई को महत्व देते हैं, बहुत ताज़गी भरा अनुभव है।




## प्रतिभा राज और इशिका टोरिया का लोकगीत 'पियावे में बसेला प्राण' रिलीज

गायिका प्रतिभा राज और अभिनेत्री इशिका टोरिया का लोकगीत 'पियावे में बसेला प्राण' रिलीज हो गया है। लोकगीत पियावे में बसेला प्राण म्यूजिक कंपनी वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के बैनर तले रिलीज किया गया है।इस गीत को प्रतिभा राज ने अपनी आवाज़ दी है, जबकि वीडियो में अभिनेत्री इशिका टोरिया नजर आ रही हैं। इस प्रोजेक्ट के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। गीत के बोल पिंकू बाबा ने लिखे हैं और संगीत विकी वॉक्स ने दिया है। वहीं इसका निर्देशन आशीष सत्यार्थी ने किया है। निर्माता रत्नाकर कुमार ने कहा, हम हमेशा दर्शकों के लिए अच्छे और दिल को छूने वाले भोजपुरी गीत लाने की कोशिश करते हैं। 'पियावे में बसेला प्राण' एक बहुत ही प्यारा लोकगीत है और हमें खुशी है कि दर्शक इसे इतना प्यार दे रहे हैं। हमारी टीम ने इस गाने पर बहुत मेहनत की है और यह प्रतिक्रिया हमारे लिए बेहद खास है। गायिका प्रतिभा राज ने कहा, यह गाना मेरे दिल के बहुत करीब है। जब मैंने इसे गाया था, तभी महसूस हो गया था कि यह दर्शकों को जरूर पसंद आएगा। सभी श्रोताओं का दिल से धन्यवाद, जो इस गाने को इतना प्यार दे रहे हैं।

वहीं अभिनेत्री इशिका टोरिया ने दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा,मैं सभी दर्शकों और प्रशंसकों का दिल से धन्यवाद देना चाहती हूं, जिन्होंने 'पियावे में बसेला प्राण' को इतना प्यार दिया। आप लोगों का सहयोग ही हमें और अच्छा काम करने की प्रेरणा देता है।

# नव नियुक्त पदाधिकारियों की प्रथम जिला बैठक हुई सम्पन्न

## पूर्व पदाधिकारियों का विदाभिनंदन व नवीन का हुआ अभिनंदन

### भाजपा में पद कोई अलंकार की वस्तु नहीं एक दायित्व : रामस्नेही पाठक



**नरसिंहपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय नरसिंहपुर में हाल ही में घोषित हुई जिला कार्यकारिणी की प्रथम बैठक सम्पन्न हुई। बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक की अध्यक्षता पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल के मुख्य आतिथ्य व जिला महामंत्री सुरेन्द्र मोहन नेमा, राहुल कौरव व राजाराम कस्तवार एवं वरिष्ठ नेता रामनारायण बड़कुर के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मूर्तियों पर माल्यार्पण कर हुआ तत्पश्चात् आयोजित स्वागत समारोह में सभी पदाधिकारियों का तिलक माला शॉल व पार्टी के अंगवस्त्र से स्वागत किया गया। तत्पश्चात् सभी पदाधिकारियों ने अपना परिचय उपस्थित जनों के मध्य रखा। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा में पद कोई अलंकार की वस्तु नहीं एक दायित्व है। किसी भी दायित्व का मूल्यांकन तब तक शून्य माना जायेगा जब तक वह दिये गये कार्य को पूर्ण ना करें।

आज से आप सभी के लिए पार्टी के कार्य प्रथम व शेष कार्य अंतिम होना चाहिए अतः सभी कार्यकर्ता पूर्ण मनोभाव से पार्टी के दिये कार्यों को तय समय में पूरा करें। पार्टी पदाधिकारी के नाते हमारा आचरण ऐसा होना चाहिए जिसका अनुसरण दूसरे कार्यकर्ता करें। उन्होने आगे आने वाले पार्टी कार्यक्रमों व प्रशिक्षण अभियान की जानकारी सभी के मध्य रखी।

पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल ने उद्बोधन में कहा कि सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा एक विचार है और इस विचार को पूरा विश्व स्वीकार कर रहा है। हमें पार्टी की विचारधारा को बूथ बूथ व घर घर तक पहुंचाकर आगामी चुनाव में पार्टी का परचम लहराना है।

हम सभी को इस बात का गर्व होना चाहिए कि हम भाजपा के कार्यकर्ता है चाहे कितना भी बड़ा नेता हो उसका कार्यकर्ता का पद सदैव स्थायी रहता है। अतः सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता भाव से सभी को साथ लेकर पार्टी के द्वारा दिये गयें कार्यक्रमों व लक्ष्यों को तय समय में पूर्ण करें बैठक का संचालन पूर्व जिला उपाध्यक्ष विनीत नेमा व आभार जिला महामंत्री राहुल कौरव द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष वीना ओसवाल, ठा.हेमेन्द्र सिंह, महीष मोदी, अनुराधा पटैल, मुकेश मरैया, अजय साहू, कीरत गुर्जर, जिला मंत्री प्रभा पटैल, सुषमा रैकवार, अभिजीत महाजन, हर्ष पाठक, महेन्द्र पटैल, रजत चौहान, दुर्गेश नंदनी उइके, जयप्रकाश वर्मा, कार्यमंत्री सुदर्शन वैद्य, सहकार्यालय मंत्री विनोद श्रीवस्तव, रूपाली नामदेव, कोषाध्यक्ष भगवान सिंह पटैल, सह कोषाध्यक्ष मनमोहन साहू, मुकेश कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष अभिशेक पटैल, अंजनी सोनी, रघुनाथ ठाकुर, नीलेश शर्मा, रामनारायण पटैल, भगवत पटैल, अंशुल नेमा, योगेन्द्र पटैल, संजय बनवारी, जितेन्द्र स्वामी, दीपक राय, नीतेश दुबे, ब्रजेन्द्र पटैल, प्रताप पटैल, सीमांत राजपूत, ईश्वर गुर्जर, चन्द्रकांत शर्मा, दिग्विजय सिंह, सुरेश मामुलिया, नरेश कौरव, राजेश गुर्जर सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# आईएफएमआईएस के संबंध में आयोजित हुआ प्रशिक्षण

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र आयुक्त कोष एवं लेखा के निर्देशानुसार और कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार को ई-दक्ष केंद्र नरसिंहपुर में आहरण एवं संवितरण अधिकारियों तथा उनके स्टाफ के लिए आईएफएमआईएस का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण जिला कोषालय अधिकारी श्री अमित चौबे एवं एटीओ श्री एसआर रघुवंशी द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को एसएनए एवं स्पर्श देयकों की एडवाइजरी, ऑब्जेक्शन मास्टर की प्रक्रिया, स्वीकृति आदेश तथा आवश्यक दस्तावेजों के संलग्न की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही कोषालय संहिता के नियमों एवं परिशिष्ट, एमपीटीसी फॉर्म तथा वित्तीय प्रबंधन से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण प्रावधानों की विस्तार से जानकारी और प्रशिक्षणार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शासकीय वित्तीय कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, दक्षता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करना। प्रशिक्षण के माध्यम से अधिकारियों की तकनीकी समझ को सुदृढ़ कर शासन की योजनाओं के प्रभावी एवं सुव्यवस्थित क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।



# जिले के 202 परीक्षा केंद्रों पर कक्षा 5 वीं व 8 वीं की परीक्षा प्रारंभ

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा निर्धारित समय सारणी अनुसार कक्षा 5 वीं व 8 वीं की वार्षिक परीक्षा जिले के 202 परीक्षा केंद्रों पर प्रारंभ हुई। कक्षा 5 वीं में हिन्दी, अंग्रेजी व उर्दू और कक्षा 8 वीं में सहायक वाचन सहित हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू की वार्षिक परीक्षा सम्पन्न हुई। जिले में बनाए गए 202 परीक्षा केंद्रों में कक्षा पांचवीं के 17 हजार 747 परीक्षार्थियों में से 17 हजार 697 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 50 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं कक्षा आठवीं के 16 हजार 622 परीक्षार्थियों में से 16 हजार 501 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 121 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पर्यवेक्षकों द्वारा केंद्र पर व्यवस्थित निर्धारित कक्ष में अनुक्रमांक अनुसार बैठने में सहयोग किया गया। करेली जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत परीक्षा केंद्र शासकीय हाई स्कूल रांकई में कक्षा पांचवीं में 56 एवं कक्षा 8 वीं 36 छात्र- छात्राओं द्वारा प्रथम भाषा उर्दू माध्यम का प्रश्नपत्र हुआ। डाइट प्राचार्य श्री राजीव किशोर श्रीवास्तव, जिला परियोजना समन्वयक श्री मनीष चौकसे, एपीसी श्री समीर त्यागी, विकासखंड स्रोत समन्वयक श्री ओपी राय, बीएसी श्री ब्रजेश नेमा ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। समस्त संस्था प्रभारी को पालक से संपर्क कर परीक्षार्थियों को परीक्षा शतप्रतिशत उपस्थिति के लिए निर्देशित किया गया। परीक्षा के सफल संचालन में सभी केंद्राध्यक्ष एवं सहायक केंद्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों द्वारा परीक्षा को सुचारू संचालित किया गया।

# कलेक्टर ने नरसिंहपुर में सीवर, तालाब सौंदर्यीकरण सड़क व पानी की टंकी के निर्माण का किया निरीक्षण

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने नगरपालिका परिषद नरसिंहपुर अंतर्गत प्रगतिरत विभिन्न अधोसंरचना कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सीवर, तालाब सौंदर्यीकरण, सड़क निर्माण एवं पानी की टंकी निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी नरसिंहपुर श्री नीलम चौहान, सहायक यंत्री, उपयंत्री, मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी, आरवी एसोसिएट पीडीएमसी के प्रतिनिधि तथा संबंधित योजनाओं के ठेकेदार मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने केएफडब्ल्यू से वित्तपोषित सीवर परियोजना के अंतर्गत डेडवारा स्थित सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने सीवर ट्रीटमेंट प्लांट पर शोधन प्रक्रिया के उपरांत प्राप्त जल का अपने समक्ष परीक्षण कराकर गुणवत्ता का अवलोकन किया।

उन्होंने सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि ट्रीटमेंट के पश्चात निकलने वाला जल निर्धारित मानकों के अनुरूप हो। अमृत 2.0 के अंतर्गत नरसिंह तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित आशमा कंस्ट्रक्शन पटनिया को एक सप्ताह के भीतर प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रगति संतोषजनक न होने पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश मुख्य नगरपालिका अधिकारी को निर्देशित किया। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कायाकल्प योजना 1.0 अंतर्गत महारानी लक्ष्मी माता मंदिर से आईसीआईसीआई बैंक के सामने तक जारी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इतवारा बाजार क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए, जिससे आवागमन सुगम हो सके। इसी क्रम में अमृत 2.0 अंतर्गत पेयजल योजना के तहत तिलक वार्ड में निर्माणाधीन पानी की टंकी का निरीक्षण कर संबंधित ठेकेदार को निर्माण स्थल पर आवश्यक सुरक्षा उपकरण, बेरिकेटिंग एवं श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के सख्त निर्देश दिए। समय सीमा में कार्य पूर्ण न होने पर संबंधित एजेंसी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सभी निर्माण कार्यों में लगी एजेंसियों को गुणवत्ता मानकों के अनुरूप एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# परिवहन विभाग ने करेली क्षेत्र में लगभग 10 वाहनों की गई जांच

## दो बसें बिना परमिट व ओवरलोड पाए जाने पर जब्त

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में परिवहन विभाग द्वारा जिले के करेली क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित वाहनों एवं ओवरलोड बसों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान लगभग 10 वाहन बसों की जांच की गई, जिनमें से 2 बसें बिना वैध परमिट व ओवरलोडिंग पाए जाने पर नियमानुसार जब्ती की कार्रवाई की गई। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि अवैध एवं ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा यात्री सुरक्षा एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# जर्मन विकास बैंक के प्रतिनिधि मंडल ने किया नरसिंहपुर सीवरेज परियोजना का निरीक्षण





नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।

जर्मन विकास बैंक प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर अंतर्गत संचालित सीवरेज परियोजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रतिनिधियों ने परियोजना कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया तथा आगामी अवधि में नए सीवर कनेक्शन शीघ्रता से प्रदान करने के निर्देश दिए। साथ ही पूर्व में दिए गए कनेक्शनों की समीक्षा कर उनकी वर्तमान स्थिति का भी जायजा लिया गया। इस अवसर पर केएफडब्ल्यू के विशेषज्ञ श्री लुकास व श्री राहुल मनकोटिया, मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी-एमपीयूडीसी पीआईयू जबलपुर के सामुदायिक विकास अधिकारी, सब इंजीनियर, पीएमसी तथा संविदाकार के प्रतिनिधि मौजूद थे।

परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं नागरिकों को बेहतर सीवरेज सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। उल्लेखनीय है कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारा नरसिंहपुर में सीवरेज परियोजना पर कार्य किया जा रहा है।

# मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सामूहिक नमाज अदा कर अल्लाह का शुक्र अदा किया

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** रमजान के पहले जुमा में मस्जिदों में नमाजियों की भारी तादाद रही । रमजान के जुमा मे नमाजियों का जन सैलाब देखने मिला । मुस्लिम समुदाय के लोगो ने सामुहिक नमाज अदा कर अल्लाह का शुक्र अदा किया। रमजान इबादत, बरकत, रहमत वाला महीना है रमजान में लोग रोजा रखकर नमाज पढ़कर अपने रब की इबादत में मशगूल दिखाई दे रहे हे । शुक्रवार जुमा को जामा मस्जिद में हाफिज व कारी जुबेर आलम साहब ने नमाज पढ़ाकर अहले वतन की तरक्की खुशहाली कामयाबी के लिए दुआए की । जामा मस्जिद कमेटी अध्यक्ष अबरार खान ने तामीर सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी । रमजान उत्साह के साथ मनाया जा रहा है सुबह शहरी के वक्त से रोजेदारों की चहल पहल शुरू हो जाती है । मुस्लिम समुदाय द्वारा खुशनुमा अंदाज में रमजान का पर्व मनाया जा रहा है लोग मोहब्बत के साथ मगरिब की अजान के वक्त सामूहिक रोजा इफ्तार करते नजर आते है तरावीह की नमाज मस्जिदों में अदा की जा रही है ।



# पूजा कौरव बनी असिस्टेंट कमांडेंट



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)** । ग्राम महगवां खुर्द मे रहने बाली पूजा कौरव जिन्हें,बचपन से ही वर्दी पहनने और देश की सीमाओं की रक्षा करने का सपना देखने वाली पूजा ने कठिन परिश्रम के बल पर संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सीएपीएफ परीक्षा में सफलता हासिल की।

अब वह सीमा सुरक्षा बल में अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं देगीं। पूजा कौरव की इस उपलब्धि पर उनके निवास स्थान पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने इसे महिला सशक्तिकरण का एक उत्कृष्ट उदाहरण बताया है। उनके पिता कृष्ण कुमार कौरव ने भावुक होते हुए कहा कि आज उनकी बेटी ने उनका सिर फक्र से ऊंचा कर दिया है।उनकी माता अर्चना कौरव ने हमेशा अपनी बेटी के सपनों को साकार करने में उनका भरपूर साथ दिया।

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 23 को

**नरसिंहपुर।** जिले में आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्वक मनाए जाने के लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सोमवार 23 फरवरी को अपरान्ह 3 बजे नरसिंह भवन कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। कार्यपालिक दंडाधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि जिले में आगामी 2 मार्च को होली (धुरेड़ी), 8 मार्च को रंगपंचमी, 19 मार्च को चैत्र नवरात्र प्रारंभ/ गुड़ी पडवा/ चेटीचांद, 21 मार्च को ईद-उल-फितर और 27 मार्च 2026 को रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाये जाने के संबंध में बैठक आयोजित की जाएगी।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद करेली, जिला - नरसिंहपुर (म.प्र.)**
(Main Road, Kareli Phone : 07793-270046 Email : cmokareli@mpurban.gov.in)

पत्र क्र. 385/ ई-टेण्डर / 2025-26 | **निविदा सूचना** | करेली, दिनांक 20/2/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_483985_1<br>21.02.2026 | Interception & Diversion of Nallahs with STP works Project of Kareli town under SBM 2.0 | 12 माह (वर्षाऋतु सहित)<br>81430000.00 | 20000.00<br>407150.00 | 28.03.2026 |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद करेली

# कटनी में कांग्रेसजनों का भारी आक्रोश मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला फूंका

कटनी (स्वतंत्र मत)।



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार आज जिला कांग्रेस कमेटी कटनी द्वारा प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के विरुद्ध पुरानी कचहरी चौराहा पर तीव्र विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के संबंध में की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष एड. अमित शुक्ला ने किया। आक्रोशित कांग्रेसजनों ने विरोध स्वरूप पुतला दहन कर नारेबाजी की तथा लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय मर्यादाओं के सम्मान की मांग की। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और मंत्री के प्रति गहरा रोष व्यक्त किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में इस प्रकार की असंसदीय एवं आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग निंदनीय है। कांग्रेसजनों ने आरोप लगाया कि बार-बार इस तरह की भाषा का उपयोग लोकतांत्रिक परंपराओं को आहत करता है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

कांग्रेस पार्टी ने राज्य सरकार से मांग की कि संबंधित मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को तत्काल मंत्रिमंडल से हटाया जाए तथा उनका इस्तीफ़ा लिया जाए। कांग्रेसजनों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन को और व्यापक करेगा।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष एड अमित शुक्ला,महिला अध्यक्ष रजनी वर्मा,पूर्व जिला अध्यक्ष करन सिंह चौहान, राकेश जैन 'कक्का', राजा जगवानी, आफताब चोखे भाईजान, प्रशांत जायसवाल, जालेम यादव, इस्तियाक अहमद, मंजू निषाद, जितेन्द्र गुप्ता, अजय जैसवानी, मनोज गुप्ता, श्याम पाहुजा, राकेश 'गुड्डू' द्विवेदी, नारायण निषाद, दिग्विजय सिंह, मंगल सिंह, संजय गुप्ता, हाजी गुलाम जाफर, राजेश चावरे, अजय कोल, श्याम यादव, मुन्ना कुशवाहा,कल्लू दास बैरागी अदिता वर्मा, रूपा तिवारी, शोभा मंगलानी, शशि शेखर भारद्वाज, रमेश मिश्रा,रवि मंगलानी,अजय वर्मा, प्रशांत पांडे, सुशील जायसवाल, अभय खरे, अनुराग दहिया, जार्ज डेविड एवं अंशु गुप्ता हर्षित मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ तथा अंत में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया गया।

# कृषकों को डेयरी एवं जैविक कृषि फार्म का अवलोकन कराया गया

कटनी (स्वतंत्र मत)।



जबलपुर जिले के जनपद पंचायत शहपुरा के अंतर्गत ग्राम नीची सालीवाडा एवं कामटिया ग्राम के महिला एवं पुरुष कृषकों का दल कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग तथा उन्नत कृषि तकनीकी जैविक खेती तथा डेयरी एवं आत्मनिर्भर स्वावलंबी स्वरोजगार स्थापित करने के लिए श्याम श्री गौ संरक्षण गौशाला एवं जैविक कृषि फार्म तिवारी का भ्रमण कराया गया।

जहां जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा केंचुआ निर्माण की सामान्य एवं चार गड्ढा निर्माण विधि बर्मी वाश के निर्माण एवं फसलों में उपयोग का अवलोकन कराया गया। गौशाला मैं कृषक पवन कुमार पांडे ने कृषकों को गौशाला प्रबंधन गाय की विभिन्न नस्ल साहिवाल गिर हरियाणा तथा उनसे प्राप्त होने वाले दूध की मात्रा संतुलित पशु आहार नेपियर घास गोबर गोमूत्र का जैविक खेती में उपयोग गायों में विभिन्न रोग एवं उनके नियंत्रण तथा टीकाकरण की जानकारी दी गई।

कृषकों को प्रकाश खाद एवं ईंधन प्रयोग के लिए बायोगैस संयंत्र। एजोला निर्माण का अवलोकन कराया गया इसका उपयोग दूध के अधिक उत्पादन के लिए किया जाता है क्योंकि इसमें 25 से 30त्न प्रोटीन पाया जाता है धान में उपयोग करने से नाइट्रोजन की एक तिहाई कम देनी पड़ती है। जैविक सब्जियां तथा फसलों का अवलोकन कराया गया। केंचुआ खाद बनाने की सामान्य एवं चार गड्ढा विधि तथा वर्मी वाश निर्माण की तकनीकी जानकारी तथा अवलोकन कराया गया भ्रमण के समय कृषि विस्तार अधिकारी गौतम यादव एवं रोहित गुप्ता जनपद शहपुरा फॉर्म कर्मचारी रोहणी तिवारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिक्षण सत्र 2025-26 से शुरू होगी व्यवस्था



**कटनी।** स्कूल शिक्षा विभाग ने परीक्षा प्रबंधन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की है। विभाग ने एजुकेशन मैनेजमेंट सिस्टम (श्वरूस्) पोर्टल विकसित किया है। इस पोर्टल के माध्यम से कक्षा 9वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र, परिणाम और अंक सूची तैयार की जाएगी। विभाग द्वारा यह व्यवस्था शिक्षण सत्र 2025-26 से ही शुरू की जाएगी। विभाग ने इसकी तैयारी भी पूरी कर ली है। नई व्यवस्था के शुरू होने से वार्षिक परीक्षाओं की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सरल एवं समयबद्ध हो सकेगी। साथ ही परीक्षा संबंधी कार्यों में समय की बचत के साथ प्रशासनिक दक्षता भी बढ़ेगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विकसित ईएमएस पोर्टल के माध्यम से सभी विद्यार्थियों के लिए यूनिक रोल नंबर जनरेट किए जाएंगे, जिसके आधार पर परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। वार्षिक परीक्षा परिणाम भी पोर्टल पर ही तैयार किए जाएंगे तथा विद्यार्थियों की अंकसूचियां सीधे प्रिंट की जा सकेंगी। इस प्रक्रिया के माध्यम से राज्य, संभाग एवं जिला स्तर पर परीक्षा परिणामों का त्वरित विश्लेषण किया जा सकेगा। साथ ही पोर्टल के माध्यम से द्वितीय परीक्षा की कार्यवाही भी की जा सकेगी। स्कूल शिक्षा विभाग की यह पहल परीक्षा प्रणाली के डिजिटलीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। इससे विद्यार्थियों एवं विद्यालयों दोनों को सुविधा मिलेगी।

# सशक्त नेतृत्व में तेजी से बढ़ता विकास : महापौर प्रीति

## संजीव सूरी ने 41 लाख के डामरीकरण कार्यों का किया निरीक्षण, गुणवत्ता पर दिया विशेष जोर

### सुदृढ़ सड़कों से सशक्त शहर की ओर कदम



**कटनी ।** शहर में आधारभूत संरचना को मजबूत करने की दिशा में नगर निगम द्वारा निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने क्षेत्रीय पार्षद सुरेंद्र गुप्ता एवं अन्य एमआईसी सदस्यों के साथ विवेकानंद वार्ड अंतर्गत लगभग 41 लाख रुपये की लागत से किए जा रहे डामरीकरण कार्यों का विस्तृत स्थल निरीक्षण किया।

इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सर्व श्री सुभाष साहू,डॉ रमेश सोनी,उमेंद्र अहिरवार,बीना बैनर्जी,पार्षद शकुंतला सोनी समाजसेवी संजय तिवारी सहित अन्य जनों की मौजूदगी रही।

महापौर ने विक्रम स्कूल गली, साउथ स्टेशन रोड तथा त्रिलोकीनाथ मंदिर के आसपास विभिन्न स्थानों पर बन रही सड़कों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, डामर की मोटाई, सड़क की चौड़ाई, समतलीकरण, जल निकासी व्यवस्था एवं किनारों की मजबूती की अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य पूर्णतः निर्धारित मानकों, स्वीकृत एस्टीमेट एवं तकनीकी प्रावधानों के अनुरूप ही किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। महापौर ने कहा कि नगर के नागरिकों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है। अच्छी सड़कों से न केवल आवागमन सुगम होता है, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को भी गति मिलती है।

**स्थानीय नागरिकों ने जताई खुशी** - निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों ने महापौर से भेंट कर चल रहे निर्माण कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। रहवासियों ने कहा कि लंबे समय से सड़क की समस्या बनी हुई थी, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई होती थी। अब डामरीकरण कार्य से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। नागरिकों ने विकास कार्यों के लिए नगर निगम एवं महापौर का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी प्रकार क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य होते रहेंगे।

# शासकीय महाविद्यालयों में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नियुक्त

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा जनभागीदारी समिति के नियमित अध्यक्षों की नई नियुक्ति होने तक जिले के शासकीय महाविद्यालयों में व्यवस्था के मद्देनजर कलेक्टर आशीष तिवारी ने पदेन अध्यक्षों की नियुक्ति कर दिया है।कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय,कटनी की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष स्वयं कलेक्टर होंगे। वहीं शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में पदेन अध्यक्ष के रूप में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटनी को दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय, स्लीमनाबाद में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बहोरीबंद को पदेन अध्यक्ष बनाया गया है। शासकीय महाविद्यालय, बरही एवं शासकीय महाविद्यालय, विजयराघवगढ़ की जनभागीदारी समितियों के पदेन अध्यक्ष अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विजयराघवगढ़ होंगे।

इसके अतिरिक्त शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा, शासकीय महाविद्यालय उमरियापान तथा शासकीय महाविद्यालय सिलौड़ी की जनभागीदारी समितियों के पदेन अध्यक्ष का दायित्व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ढीमरखेड़ा को सौंपा गया है।

उल्लेखनीय है कि शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार यदि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त हो जाता है तो नई नियुक्ति तक पदेन उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किए जाने के प्रावधान हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर द्वारा यह व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि महाविद्यालयों की शैक्षणिक एवं विकासात्मक गतिविधियाँ निर्बाध रूप से संचालित होती रहें।

# स्वरोजगार योजनाओं का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति करें : कलेक्टर



**कटनी।** कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने आदिम जाति कल्याण उद्योग नगर निगम और नगर परिषदों सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को उनके विभाग द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं के लिए निर्धारित लक्ष्यों का शत-प्रतिशत उपलब्धि अर्जित करने के निर्देश दिए। उन्होनें कहा कि छोटे छोटे स्वरोजगार आर्थिक उन्नति का बड़ा अवसर देते है। इसलिए स्वरोजगार योजनओं के स्वीकृत प्रकरणों में बैंको से समन्वय कर वितरण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री अभिनय विश्वकर्मा भी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि नया शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल से शुरू हो रहा है, इसको देखते हुए शाला जाने योग्य प्रत्येक बच्चे के शाला में प्रवेश और निःशुल्क पुस्तकों के वितरण आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्कूलों में बालिका शौचालयों का निर्माण 8 मार्च तक हर हाल में पूरा कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री तिवारी ने समय-सीमा की बैठक और शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान पूर्व में दिए निर्देशों का जिक्र करते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में जर्जर स्कूल भवन में शाला का संचालन न किया जाए। उसके लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की जाए और इसके संबंध की कोई भी जानकारी उन्हें भी अवगत कराई जाए। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि वे जल जीवन मिशन योजना के तहत पूर्ण नल-जल योजनाओं का ग्राम पंचायतो को हस्तांतरण कराया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी को वृंदावन ग्राम योजना के तहत गांवो के चयन कर लेवें।

कलेक्टर ने 6 वर्ष तक के आयु के बच्चों के मानसिक विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास के विभाग को समनवित रूप से प्रयास करने और 3 वर्ष से 6 वर्ष के आयु के सभी बच्चों का आंगनबाड़ी केंद्रो में प्रवेश सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा वर्ष 2026 को शासन के निर्देश के अनुसार कृषि वर्ष के रूप में मनाए जाने के मद्देनजर कृषि वर्ष में नवाचारों सहित अन्य गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और प्रधानमंत्री किसान सूर्य मित्र योजना अंतर्गत चिन्हित सभी किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

# मासूम पर कुत्ते ने किया हमला

उमरिया (स्वतंत्र मत)। कोतवाली थाना के बिलासपुर चौकी अंतर्गत हर्रवाह बिलासपुर निवासी 6 माह के अबोध बच्चे आर्यन कोल को आवारा कुत्ते ने काट लिया।बताया जा रहा है कि आर्यन अपने घर के आंगन में खेल रहा था, तभी अचानक एक आवारा कुत्ता वहां पहुंचा और उसने मासूम पर हमला कर दिया। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और किसी तरह कुत्ते को भगाया।घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। तत्काल 108 एम्बुलेंस को सूचना दी गई, जिसके माध्यम से बच्चे को जिला अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों द्वारा आर्यन का इलाज किया जा रहा है। फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।घटना के बाद क्षेत्र में आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक को लेकर लोगों में आक्रोश है।

# बालिका को 24 घंटे में जिला विदिशा से किया दस्तयाब



**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ,अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संतोष डेहरिया के निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक (मुख्या.) रत्नेश मिश्रा के कुशल मार्ग दर्शन में थाना एन.के.जे. प्रभारी को अपहर्त बालिका को तलाश करने में मिली सफलता। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान 'आपरेशन मुस्कान' के तहत कटनी पुलिस अधीक्षक श्री अभिनय विश्वकर्मा द्वारा अपहृत बालक / बालिका के दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके पालन में अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संतोष डेहरिया के निर्देशन एवं उप पुलिस महोदय (मुख्या.) रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी एनकेजे कटनी के नेतृत्व में बालिका के दस्तयाबी हेतु टीम गठित की गई थी । इसी तारतम्य मे थाना एनकेजे के अप. क्र. 80/26 धारा 137(2) बीएनएस के प्रकरण मे साइबर सेल कटनी की मदद से थाना एन.के.जे. के टीम द्वारा अपहृत नाबालिग बालिका को जिला विदिशा से तलाश कर थाना लाकर दस्तयाब किया गया । थाना लाकर परिजनो को सुपुर्द किया गया । बालिका के मिलने पर परिजनो ने एनकेजे पुलिस के कार्य की सराहना की है।

**सराहनीय भूमिका** - थाना प्रभारी उप.निरी.रुपेन्द्र राजपूत , सउनि केवल उईके, प्र.आर.304 शैलेष दमोहिया, म.प्र.आर. 486 पुष्पलता मिश्रा , साइबर सेल कटनी टीम से आर अजय शंकर साकेत , शुभम गौतम, सर्तेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।



# 25 ब्राम्हण बटुकों का विधि विधान से उपनयन संस्कार

## ब्राम्हण सतसंग भवन में जिला ब्राम्हण समाज ने कराया सामूहिक उपनयन संस्कार

**कटनी।** ब्राम्हण सतसंग भवन में जिला ब्राम्हण समाज के तत्वावधान में आज शुक्रवार को सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया जिसमें जिले भर से ब्राम्हण समाज के लोगों की बडी संख्या में उपस्थिति रही। ब्राम्हण सतसंग भवन प्रांगण में सनातन हिंदू रीति रिवाज के अनुसार पुरोहितों ने करीब 25ब्राम्हण बटुको का पूरी विधि विधान से मंत्रोच्चारण के साथ उपनयन संस्कार कराया।सतसंग भवन में ब्राम्हण बटुको के उपनयन संस्कार में बडी संख्या में महिलाओं और परिजनों की उपस्थिति रही।जिला ब्राम्हण समाज द्वारा आगंतुक ब्राम्हणो के लिये भोजन और ठहरने की व्यवस्था भी की गयी। इस मौके पर ब्राह्मण समाज जिला अध्यक्ष ट्टट्ठ राजू शर्मा जी ,महामंत्री सूर्यकांत गौतम जी,बिल्लू शर्मा ,विक्रांत शर्मा, संजय शर्मा ,राजेंद्र गौतम,प्रभात त्रिपाठी,रामचंद्र तिवारी,राजेंद्र तिवारी ,जैनेंद्र त्रिपाठी जी, रमेश शुक्ला,सुनील उपाध्याय, युवा अध्यक्ष सूर्यकांत मिश्रा जी ,महामंत्री नीरज चर्तुवेदी,हिमांशु प्यासी संगठन मंत्री आयुष अवस्थी, प्रताप पांडे,अंकुश तिवारी,अंकित अग्निहोत्री,तरुण उपाध्याय एवं समस्त वरिष्ठजन उपस्थिति हुए।

# विकास कार्यक्रम नौकरशाही के चंगुल से बाहर कैसे निकलेगा ?


उमरिया (स्वतंत्र मत)।

ऑल इंडिया पंचायत परिषद के मुख्य महामंत्री एवं बलवंत राय मेहता पंचायती राज फाउंडेशन के न्यासी - सचिव शीतला शंकर विजय मिश्र ने गुरुवार 19 फरवरी को बांधवगढ़ के टाइगर हैवल रिसॉर्ट (ताला) जिला उमरिया में मध्यप्रदेश राज्य पंचायत परिषद द्वारा अमर शहीद बलवंतराय मेहता, संस्थापक अध्यक्ष,ऑल इण्डिया पंचायत परिषद, प्रथम मुख्यमंत्री गुजरात एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के 127वें जन्म दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के अधिकांश राज्यो में विकास कार्यक्रम अभी भी नौकर शाही के चंगुल से बाहर नहीं निकल पाया है सभी स्तरों पर अंतिम निर्णय सरकारी कर्मचारियों एवं अधिकारियों के की इच्छा से ही हो रहा है।

पंचायतीराज के माध्यम से इन्हें संचालित होना है परंतु प्रकारान्तर से पंचायतों पर भी नौकर शाही का प्रभुत्व स्थापित है।

# रविवार को बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

कटनी (स्वतंत्र मत)।




विघुत लाइनों के सुदृढ़िकरण की वजह से रविवार 22 फरवरी को प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक 132 के. व्ही उपकेंद्र कटनी के 33 के.व्ही मेन बस के सुदृढीकरण एवं कंडक्टर प्रतिस्थापन कार्य हेतु शट डाउन लिया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आनेवाले क्षेत्रों से जुड़े समस्त उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## यहां रहेगी विघुत आपूर्ति बाधित

33 के.व्ही बडवारा फीडर (22 फरवरी को प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक) 33/11 के. व्ही उपकेंद्र बडवारा, विलायतकला उपकेंद्र से निकले समस्त 11 के. व्ही फीडर से विद्युत प्रदाय वाले समस्त निम्नदाब एवं उच्चदाब कनेक्शन 33 के. व्ही मानसरोवर फीडर (22 फरवरी को प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक) प्रभावित क्षेत्र 33/11 के. व्ही समदडिया उपकेंद्र से निर्गमित 11 के.व्ही समदडिया 1, 2, 33/11 के. व्ही उपकेंद्र मित्तल से निर्गमित 11 के.व्ही मित्तल 1, 2 से जुडे समस्त उपभोक्ता की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इसके अलावा 33 के.व्ही आर्डिनेंस 1 फीडर दि. 22 फरवरी को प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक बजे तक बंद रहेगा

33 के. व्ही कटाएघाट-1 (22 फरवरी को सायं 4 बजे से सायं 6 बजे तक) प्रभावित क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र बरगवां के समस्त उच्चदाब उपभोक्ता ।

33 के. व्ही कटाएघाट-2 (22 फरवरी को सायं 4 बजे से सायं 6 बजे तक) कालोनी, भट्टा मोहल्ला, मदनमोहनचौवे बार्ड, पम्प हाउस, औद्योगिक क्षेत्र से जुडे सभी निम्नदाब उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। प्रभावित क्षेत्र बरगवां, डन उच्चदाब एवं प्रभावित क्षेत्र 6. 8 एम.व्ही.ए एवं 5 एम.व्ही.ए, शांतिनगर (22 फरवरी को सायं 4 बजे से सायं 6 बजे तक) द्वारिका सिटी, हाउसिंग बोर्ड, रॉय कालोनी, विश्रामबाबा, एम.ई.एस कालोनी।

प्रभावित क्षेत्र 33/11 7. 33 के. व्ही पहरूआ फीडर (22 फरवरी को सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक) के. व्ही उपकेंद्र गणेशचौक से निर्गमित 11 के.व्ही सिटी-8, सिटी-9, सिटी-10, सिटी-11 फीडर से जुडे उच्चदाब उपभोक्ता, शासकीय हास्पीटल, रेलवे, सिविल लाइन, व्हीआईपी रोड, रेलवे स्टेशन, बरही रोड, विधायक बंगला, हीरा गंज, गुरूनानक वार्ड, सुभाष चौक, झंडा बाजार, गोल बाजार, गर्गचौराहा, घंटाघर, गांधीद्वार, सब्जी मंडी, विश्वकर्मा पार्क, गणेशचौक, गजानन काम्पलेक्स, ढोर हस्पताल, एवं फीडर से जुडे समस्त उपभोक्ता।

33 के. व्ही एनकेजे फीडर (22 फरवरी को सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक) प्रभावित क्षेत्र 11 के.व्ही खिरहनी फीडर क्षेत्र सांई पुरम कालोनी, दुबे कालोनी, दुर्गाचौक, प्रेमनगर, छोटी खिरहनी, राहुल बाग, निमिया मोहल्ला, 11 के. व्ही गायत्रीनगर फीडर क्षेत्र-गायत्रीनगर, नीरज टाकीज, रबर फेक्टरी, शास्त्री कालोनी, 11 के.व्ही एनकेजे फीडर क्षेत्र- एनकेजे मार्केट, जैन कालोनी, एस. के.पी कालोनी, आई.टी.आई. 11 के.व्ही मंगलनगर फीडर क्षेत्र-मंगल नगर, बिलगवा, लखेरा, मूंगाबाई कालोनी, 11 के.व्ही बडवारा, रोशननगर क्षेत्र से जुडे सभी उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

33 के. व्ही डाबर फीडर (22 फरवरी को दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक) सायना, न्याय निकुंज, जिला न्यायालय, दद्दा धाम, वृंदावन कालोनी, कलेक्ट्रेट, एस.पी आफिस, कलेक्टर बंगला।

33 के.व्ही बर्न एंड कंपनी फीडर (22 फरवरी को दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक) प्रभावित क्षेत्र-33/11 के.व्ही निवार, भनपुरा, भरौली उपकेंद्र से निकले समस्त निम्नदाब एवं उच्चदाब उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी ।

33 के.व्ही विलहरी फीडर (22 फरवरी को सुबह 8 बजे से सायं 4 बजे तक) - प्रभावित क्षेत्र 11 के.व्ही बिलहरी, रैपुरा घरेलू, घुघरा घरेलू एवं कृषि, 33 के. व्ही बिलहरी फीडर के उच्चदाब उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

33 के.व्ही स्लीमनाबाद फीडर (22 फरवरी को सुबह 8 बजे से सायं 4 बजे तक) प्रभावित क्षेत्र 33/11 के. व्ही बडवारा, विलायतकला, देवरीहटाई, भुडसा उपमेंद्रों से जुडे समस्त निम्नदाब एवं उच्चदाब उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

उपरोक्तानुसार 33 के. व्ही एवं 11 के.व्ही फीडरों के अंतर्गत आनेवाले क्षेत्रों से जुडे सभी उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# भारत-पाक मैच की व्यूअरशिप ने टी 20 वर्ल्ड कप फाइनल को पीछे छोड़ा








मुंबई (वार्ता)। जियो स्टार, जो टी20 वर्ल्ड कप 2026 का ऑफिशियल डिजिटल और ब्रॉडकास्ट पार्टनर है, ने आज अनाउंस किया कि जियो हॉटस्टार पर भारत बनाम पाकिस्तान मैच ने रीच और कंजम्पशन में हिस्टोरिक माइलस्टोन सेट किए हैं। इस मैच ने 163 मिलियन की अभूतपूर्व डिजिटल रीच दर्ज की, जिससे यह टी20 फॉर्मेट में किसी भी आईसीसी इवेंट के लिए सबसे ज्यादा मैच रीच बन गई, यहाँ तक कि इसने भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 वर्ल्ड कप 2024 फाइनल की व्यूअरशिप को भी पीछे छोड़ दिया।

मोबाइल पर, इस गेम ने किसी भी आईसीसी टी20 इवेंट के लीग स्टेज में सबसे ज्यादा मैच रीच हासिल की और टी20 वर्ल्ड कप 2024 में पिछले इंडिया-पाकिस्तान मैच से 1.2 गुना ज्यादा। क्रिकेट में सबसे बड़ी राइवलरी के तौर पर पहचाने जाने वाले, इंडिया-पाकिस्तान मैच ने जियो हॉटस्टार पर फैंस के इकट्ठा होने पर अपनी बेजोड़ अपील दिखाई। सीटीवी पर, मैच की रीच 2024 एडिशन के इंडिया-पाकिस्तान मैच से 2.4 गुना ज्यादा थी।

इस मैच को सभी स्क्रीन पर कुल 20 बिलियन मिनट तक देखा गया, जिससे फैंस की ज़बरदस्त एंगेजमेंट का पता चलता है। इससे पिछले एडिशन के मैच के मुकाबले कंजम्पशन में 42प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जो इंडियन नेशनल क्रिकेट टीम के शानदार परफॉर्मेंस की वजह से हुआ, क्योंकि उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान पर अपना हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 8-1 कर लिया।

लीनियर टीवी पर, जिस मैच का बेसब्री से इंतज़ार था, उसने उतना ही शानदार परफॉर्मेंस दिया, टीवीआर में 71प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 2021 के बाद से सबसे ज्यादा रेटिंग वाला इंडिया-पाकिस्तान टी20 मैच बन गया। लीनियर टीवी पर रिकॉर्ड-ब्रेकिंग एंगेजमेंट ने ट्रेडिशनल ब्रॉडकास्ट की लगातार ताकत को दिखाया, जो एक बड़ा, कलेक्टिव व्यूइंग एक्सपीरियंस देता है।

**जियोस्टार के हेड** - सेल्स, स्पोर्ट्स, अनूप गोविंदन ने कहा, टी20 वर्ल्ड कप 2026 में इंडिया बनाम पाकिस्तान गेम की तैयारी और मैच में ही एक शानदार नज़ारे के सभी तत्व थे। रिकॉर्ड-ब्रेकिंग पहुंच और कंजम्पशन इस बात को दिखाता है कि दुनिया भर के फैन इस टूर्नामेंट से अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर किस तरह जुड़ते हैं। इस टूर्नामेंट ने दुनिया भर के फैंस को पहले ही रोमांचक पल दिए हैं, और इंडिया-पाकिस्तान मैच को मिला रिस्पॉन्स एक रोमांचक टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए माहौल बनाता है, जिसका सबसे अच्छा मैच अभी आना बाकी है।

# श्रीलंका को हराकर भारत एशिया कप राइजिंग स्टार्स के फाइनल में

## राधा यादव को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार




**बैंकॉक (वार्ता)।** राधा यादव (चार विकेट और नाबाद 31 रन) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत भारत ए महिला टीम ने शुक्रवार को महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स के पहले सेमीफाइनल में श्रीलंका ए पर 39 गेंदें शेष रहते पांच विकेट से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। राधा यादव को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। 119 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत ए महिला टीम ने 13.3 ओवर में पांच विकेट पर 119 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। भारत के लिए दिनेश वृंदा ने 20 गेंदों में आठ चौके लगाते हुए 42 रनों की पारी खेली। अनुष्का शर्मा ने 18 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए 27 रन बनाये। नंदिनी कश्यप (13), मिन्नू मनी (दो) और तेजल हसबनिस तीन रन बनाकर आउट हुईं। कप्तान राधा यादव ने 18 गेंदों में सात चौके लगाते हुए नाबाद 31 रनों की पारी खेली। राधा यादव ने 14वें ओवर की तीसरी गेंद पर चौका लगाकर भारत को जीत दिलाई। श्रीलंका ए महिला टीम के लिए शशिनी गिम्हानी ने दो विकेट लिये। यशोती निमेशिका ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ए महिला टीम के लिए हंसिमा करुणारत्ना और संजना कविंदी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 36 रन जोड़े। पांचवें ओवर में तनुजा कंवर ने हंसिमा करुणारत्ना (14) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ही ओवर में मिन्नू मनी ने कप्तान अनुष्का संजीवनी (पांच) का शिकार कर लिया। 11वें ओवर में प्रेमा रावत ने संजना कविंदी (31) को आउटकर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। सत्या संदीपनी (15) और शशिनी गिम्हानी (22) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद राधा यादव के गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंकाई बल्लेबाज टिक नहीं सके और अपने विकेट गंवाते चले गये। राधा यादव ने 20वें ओवर की चौथी गेंद पर यशोती निमेशिका (शून्य) को आउट कर 118 के स्कोर पर श्रीलंका की पारी का अंत किया।



# गॉफ और पेगुला सेमीफाइनल में


**दुबई (वार्ता)।** दुबई टेनिस चैंपियनशिप में कई खिलाड़ियों के हटने के बाद, टॉप सात में से चार सीड सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए क्रोएशिया की एंटोनिया रुज़िक को हराया, जो लकी लूज़र के तौर पर क्वालीफाई करने और ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू को हराकर आखिरी आठ में पहुंची थीं। बीबीसी स्पोर्ट के मुताबिक, दुनिया की नौवीं नंबर की खिलाड़ी ने गुरुवार को 3-6, 6-2, 6-3 से जीत हासिल की और यूएई में होने वाले फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका सामना अमेरिका की कोको गॉफ से होगा। तीसरी सीड खिलाड़ी को एलेक्ज़ेंड्रा एला को हराने में सिर्फ 69 मिनट लगे, उन्होंने बिना सीड वाली फिलिपिनो खिलाड़ी पर 6-0, 6-2 से जीत हासिल की। जेसिका पेगुला को डेनमार्क की क्लारा टॉसन को हराने में तीन सेट लगे, जिसमें चौथी सीड खिलाड़ी ने 6-3, 2-6, 6-4 से जीत हासिल की। अब उनका सामना साथी अमेरिकी अमांडा अनिसिमोवा से होगा, जिन्होंने पांचवीं सीड और डिफेंडिंग चैंपियन मिरा एंड्रीवा को 2-6, 7-5, 7-6 (7-4) से हराया।

# स्पिन की मददगार पिच पर भिड़ेंगे न्यूजीलैंड और पाकिस्तान



**कोलंबो (वार्ता)।** टी 20 विश्व कप के सुपर आठ के पहले मुकाबले में पाकिस्तान और न्यूज़ीलैंड आर प्रेमदासा की उस पिच पर भिड़ेंगे जिस पर स्पिनरों को मदद मिलने की उम्मीद है। न्यूज़ीलैंड के लिए सबसे बड़ी चुनौती वेन्यू बदलना है। उन्होंने अपने सभी मैच चेन्नई और अहमदाबाद में खेले, और सीम और स्पिन के बीच बैलेंस पर भरोसा किया, जो पहले वाले की तरफ झुका हुआ था, जिसमें मिचेल सेंटनर अकेले फ्रंटलाइन स्पिनर थे और रचिन रवींद्र या ग्लेन फिलिप्स कभी-कभार ओवर करते थे। कोलंबो में, यह बैलेंस उलट सकता है क्योंकि धीमे गेंदबाज सेंटर स्टेज पर होंगे, जिसे पाकिस्तान ने अपने ज्यादातर मैचों में बहुत अच्छे से इस्तेमाल किया है। सेंटनर को टीम ने बैटिंग ऑर्डर में ज्यादा बदलाव नहीं किया है, जो ज्यादातर समय काफ़ी अच्छा रहा है। कमज़ोर टीमों के खिलाफ़ ओपनर फिन एलन और टिम सीफर्ट, या टॉप ऑर्डर बैटर रवींद्र और फिलिप्स के कॉम्बिनेशन ने इतनी फ़ायरपावर दिखाई है कि आसानी से जीत हासिल कर ली। विरोधी टीम के अटैक भी अपनी जगह बनाने में जूझ रहे हैं, न्यूज़ीलैंड ने चार गेम में सिर्फ़ 14 विकेट गंवाए, जो इस टूर्नामेंट में किसी भी टीम के लिए दूसरा सबसे कम विकेट है। न्यूज़ीलैंड के उलट, पाकिस्तान अब इस शहर को अच्छी तरह जानता है। उनके चार में से तीन गेम एसएससी - कोलंबो का दूसरा ग्राउंड - में खेले, लेकिन आरपीएस में भारत के खिलाफ उनका मैच भी, शनिवार के मैच की तरह, शाम का गेम था, जिससे उन्हें पिच और कंडीशन का अंदाज़ा लगाने में मदद मिली। यह वह जगह है जहां उन्होंने किसी भी दूसरी जगह से ज्यादा स्पिन का इस्तेमाल किया, और कप्तान सलमान अली आगा का कहना है कि यह सुपर आठ में भी जारी रहेगा। पाकिस्तान के टॉप ऑर्डर में टीमों को हराने की जबरदस्त काबिलियत है, भले ही सैम अयूब के फ़ॉर्म की वजह से उन्हें उस काबिलियत को दिखाने में मुश्किल हुई हो। दूसरे छोर पर साहिबज़ादा फरहान ने पावरप्ले में रन बनाने की ज़िम्मेदारी संभाली है क्योंकि नामीबिया के खिलाफ़ मैच से पहले आगा के लिए रन कम हो गए थे, और बाबर आजम अपनी काबिलियत का पूरा फ़ायदा उठाने के करीब नहीं थे। यह कमज़ोरी बहुत जल्दी मिडिल ऑर्डर को सामने लाती है जिसमें बहुत सारे बॉलिंग ऑलराउंडर या बिना परखे ख्वाजा नफ़े शामिल हैं, ऐसी स्थिति जिसके कारण नीदरलैंड्स के खिलाफ़ लगभग हार और भारत के खिलाफ़ निर्णायक हार हुई। ये दो टीमें इस वर्ल्ड कप की मिडिल पावर में हैं, जो यह दिखाने के लिए बेताब हैं कि वे भारत और दक्षिण अफ्रीका जैसी असली सुपरपावर के खिलाफ़ जितना कर पाए, उससे बेहतर हैं। आखिरकार, जो मायने रखता है, वह यह है कि उनमें से कौन दिखा सकता है कि वे शनिवार को जिस मिडिल पावर का सामना करेंगे, उससे बेहतर हैं।

# अल्काराज सेमीफाइनल में, सिनर हारकर बाहर



**दोहा (वार्ता)।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने रूस के करेन खाचानोव को हराकर कतर ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। वहीं इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर को जैकब मेन्सिक के हाथों हार का सामना करना पड़ा। जैकब मेन्सिक ने गुरुवार को खेले गये क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जैनिक सिनर को 7-6 (7-3) 2-6 6-3 से हराकर कतर ओपन से बाहर कर दिया। चेक रिपब्लिक के छठे सीड वाले खिलाड़ी जैकब मेन्सिक ने पहला सेट जीता। हालांकि सिनर ने बराबरी कर ली। मेन्सिक ने अखिरी गेम जीत कर जीत दर्ज मुकाबला अपने नाम किया। इसी के साथ सिनर का 23 मैचों में 22 जीत का सिलसिला समाप्त हो गया। जैकब मेन्सिक अब उनका सामना बिना सीड वाले फ्रेंचमैन आर्थर फिल्स से होगा, जिन्होंने मेंसिक के हमवतन जिरी लेहेका को 6-3, 6-3 से हराया। उन्होंने पिछले महीने ऑकलैंड ओपन जीतकर अपने करियर का दूसरा खिताब जीता था।

दुनिया के नंबर वन अल्काराज ने गुरुवार को खेले गये क्वार्टर फाइनल में कड़े मुकाबले में जोरदार वापसी करते हुए खाचानोव पर 6-7 (3/7), 6-4, 6-3 से जीत दर्ज की। अल्काराज अब सेमीफाइनल में रूस के एंड्री रुबलेव से भिड़ेंगे। रूस के पांचवें सीड खिलाड़ी ने यूनान के स्टेफानोस सित्सिपास को 6-3, 7-6 (7-2) से हराया है।



# रुपया 26 पैसे टूटा

मुंबई (वार्ता)। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया शुक्रवार को 26 पैसे कमजोर हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 90.9450 रुपये का बोला गया। भारतीय मुद्रा पिछले कारोबारी दिवस पर 3.50 पैसे की मजबूती के साथ 90.6850 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपया आज 26 पैसे की गिरावट में 90.9450 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव के बाद अंत में उसी स्तर पर बंद हुआ। यह ऊपर 90.93 रुपये और नीचे 91.04 रुपये प्रति डॉलर तक गया। कारोबारियों ने बताया कि निजी तथा सार्वजनिक बैंकों की डॉलर लिवाली से रुपये पर दबाव रहा।

# गेहूं, चीनी मजबूत- दालों, तेलों में घट-बढ़



नयी दिल्ली (वार्ता)। घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव स्थिर रहे। गेहूं और चीनी की कीमतों में तेजी देखी गयी जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 3,860 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं का भाव छह रुपये बढ़कर 2,858 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटा भी 11 रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल औसतन 15 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मूंग दाल की कीमत 13 रुपये और उड़द दाल की पांच रुपये बढ़ गयी। मसूर दाल पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। चना दाल के भाव में टिकाव रहा। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 27 रिंगिट टूटकर 4,090 रिंगिट प्रति क्विंटल पर रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.75 प्रतिशत की गिरावट में 59.64 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल की औसत कीमत 45 रुपये बढ़ गयी। मूंगफली तेल में 36 रुपये और पाम ऑयल में 22 रुपये की तेजी रही। सोया तेल 16 रुपये महंगा हुआ। सरसों तेल की कीमत नौ रुपये और वनस्पति की चार रुपये प्रति क्विंटल घट गयी। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव अपरिवर्तित रहे। चीनी भी तीन रुपये महंगी हुई दाल चना 7800.57 रुपये, मसूर काली 8105.42 रुपये, मूंग दाल 10161.02 रुपये, उड़द दाल 10698.13 रुपये, तुअर दाल 11134.16 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2857.77 रुपये और चावल 3859.98 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3316.61 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी एस 4300.88 रुपये और गुड़ 4985.40 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। सरसों तेल 17639.55 रुपये, मूंगफली तेल 18327.31 रुपये, सूरजमुखी तेल 16496.57 रुपये, सोया तेल 14049.25 रुपये, पाम ऑयल 12727.47 रुपये और वनस्पति 14569.43 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## लिथुआनिया, फ्लांडर्स के मंत्रियों ने गोयल से की मुलाकात

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को राजधानी में लिथुआनिया के आर्थिक एवं नवाचार मामलों के मंत्री एडविनास ग्रिकसास के साथ द्विपक्षीय व्यापार और निवेश से जुड़े मुद्दों पर बातचीत की। श्री गोयल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। भारत यात्रा पर आये श्री ग्रिकसास श्री गोयल से उनके कार्यालय में मिलने गये थे। उन्होंने कहा कि यह बैठक सकारात्मक रही। इसमें दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों के विस्तार के अलावा कौशल विकास के क्षेत्र में सहयोग तथा भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से उत्पन्न अवसरों का लाभ उठाने पर बातचीत हुई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के उद्यमियों को आपस में कारोबार करने की साझा प्रतिबद्धता को दोहराया तथा आर्थिक सहयोग को विस्तार देने के लिए काम करने पर सहमति जतायी।

# एयरटेल-ज़ीस्केलर मिलकर बनायेंगे अनुसंधान केंद्र




**नयी दिल्ली (वार्ता)।** क्लाउड सुरक्षा क्षेत्र की अग्रणी अमेरिकी कंपनी ज़ीस्केलर ने दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल के साथ साझेदारी में भारत में एआई एवं साइबर थ्रेट रिसर्च सेंटर की शुरुआत की शुक्रवार को घोषणा की। एयरटेल की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि यह पहल देश की राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा क्षमता को सुदृढ़ करने, दूरसंचार, बैंकिंग और ऊर्जा जैसे आर्थिक एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों, उद्योगों और परिसंपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, डिजिटल उपयोगकर्ताओं की रक्षा करने तथा देश के तेजी से विकसित हो रहे डिजिटल पारितंत्र में विश्वसनीय एआई अपनाने में मददगार होगी। ज़ीस्केलर पहले से भारत में तकनीकी नवाचार और साइबर अनुसंधान के क्षेत्र में काम कर रही है। यह अनुसंधान केंद्र उसके संचालन को विस्तार देगा और एक राष्ट्रीय सहयोग मंच के रूप में काम करेगा, जो निजी क्षेत्र, सार्वजनिक क्षेत्र, शैक्षणिक संस्थानों और सरकार के बीच सहयोग को बढ़ावा देगा। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह केंद्र भारत में, भारत के लियेज्ञ की भावना के साथ डिजाइन किया गया है, जिसका उद्देश्य देश की साइबर सुरक्षा को मजबूत करना और विकसित भारत के लक्ष्य तथा शांतिपूर्ण, सुरक्षित और डिजिटल रूप से आत्मनिर्भर भविष्य की दिशा में भविष्य के लिए तैयार प्रतिभाओं को तैयार करना है। एयरटेल ने कहा है कि जैसे-जैसे खतरे अधिक परिष्कृत होते जा रहे हैं, पारंपरिक परिधि-आधारित सुरक्षा मॉडल अब पर्याप्त नहीं रहे हैं। आवश्यक सेवाओं में व्यवधान राष्ट्रीय आर्थिक स्थिरता को प्रभावित कर सकते हैं।

इसलिए सुरक्षित और आधुनिक आर्किटेक्चर अनिवार्य हो गया है। इस समझौते के तहत ज़ीस्केलर भारत-केंद्रित एक विशेष थ्रेट रिसर्च टीम तैनात करेगी जो ज़ीस्केलर जीरो ट्रस्ट एक्सचेंज प्लेटफॉर्म का उपयोग करेगी। यह प्लेटफॉर्म हर दिन 500 अरब से अधिक लेन-देन प्रोसेस करता है, ताकि देश के सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए खतरा संबंधी खुफिया जानकारी निकाली जा सके।



# विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा

मुंबई (वार्ता)। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 8.663 अरब डॉलर बढ़कर 725.727 अरब डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा का देश का भंडार पहली बार 725 अरब डॉलर के पार गया है। इससे पहले 06 फरवरी को समाप्त सप्ताह में यह 6.71 अरब डॉलर घटकर 717.064 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 13 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 3.55 अरब डॉलर की वृद्धि हुई और शुक्रवार को यह 573.603 अरब डॉलर रहा। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा, जापानी येन, ब्रितानी पाउंड और यूरो भी शामिल हैं। इनके मूल्य का निर्धारण डॉलर की तुलना में संदर्भ दर के आधार पर होता है। आलोच्य सप्ताह में स्वर्ण भंडार भी 4.99 अरब डॉलर बढ़कर 128.466 अरब डॉलर पर पहुंच गया। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.9 करोड़ डॉलर और विशेष आहरण अधिकार 10.3 करोड़ डॉलर बढ़कर क्रमश: 4.734 अरब डॉलर और 18.924 अरब डॉलर हो गया। विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में चीन, जापान, यूरोप और रूस के बाद भारत पांचवें स्थान पर है।

# शेयर बाजारों में लौटी तेजी, आईटी सेक्टर पर दबाव




मुंबई (वार्ता)। बैंकिंग और धातु सेक्टरों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को तेजी लौट आयी, हालांकि आईटी सेक्टर की कंपनियों पर दबाव देखा गया। बीएसई का सेंसेक्स 316.57 अंक (0.38 प्रतिशत) चढ़कर 82,814.71 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 116.90 अंक यानी 0.46 प्रतिशत ऊपर 25,571.25 अंक पर रहा। पिछले कारोबारी दिवस पर दोनों सूचकांक डेढ़ प्रतिशत के करीब टूटे थे। एशियाई बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच सुबह प्रमुख सूचकांक गिरावट में खुले थे, लेकिन पहले घंटे में ही हरे निशान में पहुंच गये। सेंसेक्स में 926 अंक का उतार-चढ़ाव रहा। यह नीचे 82,206.21 अंक और नीचे 83,132.08 अंक तक गया। मझौली कंपनियों में आज लिवाली ज्यादा हुई जबकि छोटी कंपनियों में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.40 प्रतिशत चढ़ गया। स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.11 प्रतिशत की गिरावट रही। बैंकिंग, धातु, एफएमसीजी, ऑटो, तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलटी और स्वास्थ्य समूहों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। आईटी और मीडिया समूहों में गिरावट रही। एनएसई में जिन 3,248 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 1,520 में तेजी और 1,621 में गिरावट रही। अन्य 107 कंपनियों के शेयर अंतत: अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी का शेयर 2.73 फीसदी चढ़ गया। एलएंडटी में 2.37 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.56 फीसदी, बजाज फाइनेंस में 1.47, पावरग्रिड में 1.44, टाटा स्टील में 1.36, बीईएल में 1.29, बजाज फिनसर्व में 1.20, कोटक महिंद्रा बैंक में 1.15 और एशियन पेंट्स में 1.12 प्रतिशत की तेजी रही। टाइटन, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंडिगो, अल्ट्राटेक सीमेंट, सनफार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, मारुति सुजुकी, ट्रेंट और आईसीआईसी के शेयर भी ऊपर बंद हुए।

क्वालिटी वॉल में सबसे अधिक 3.48 प्रतिशत की गिरावट रही। टेक महिंद्रा का शेयर 1.61 प्रतिशत, इंफोसिस का 1.23, इटरनल का 1.10 और एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 0.92 प्रतिशत टूट गया। भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 1.26 प्रतिशत, जापान का निक्केई 1.12 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 1.10 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.64 फीसदी और जर्मनी का डैक्स 0.31 फीसदी ऊपर था।



# आठ प्रमुख उद्योगों का उत्पादन जनवरी में चार प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** इस्पात और सीमेंट सेक्टरों में जोरदार तेजी से देश के आठ प्रमुख उद्योगों का उत्पादन जनवरी 2026 में साल-दर-साल आधार पर चार प्रतिशत बढ़ गया। इससे पहले दिसंबर 2025 में इसकी वृद्धि दर 4.7 प्रतिशत और जनवरी 2025 में 5.1 प्रतिशत रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि जनवरी में सीमेंट सेक्टर की वृद्धि दर 10.7 प्रतिशत, इस्पात की 9.9 प्रतिशत और बिजली की 3.8 प्रतिशत बढ़ा। उर्वरक उत्पादन में 3.8 फीसदी और कोयला उत्पादन में 3.1 फीसदी की वृद्धि हुई। वहीं, कच्चे तेल का उत्पादन 5.8 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस का पांच प्रतिशत घट गया। रिफाइनरी उत्पादों का उत्पादन स्थिर रहा। चालू वित्त वर्ष के पहले 10 महीने में अप्रैल से जनवरी तक आठ प्रमुख उद्योगों की वृद्धि दर 2.8 प्रतिशत रही। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 4.5 प्रतिशत बढ़ा था। इस दौरान, इस्पात की वृद्धि दर 9.8 प्रतिशत और सीमेंट की 9.1 प्रतिशत रही। उर्वरक उद्योग में 1.9 प्रतिशत और बिजली उत्पादन में 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। रिफाइनरी उत्पादों में 0.1 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की गयी।

# तकनीक तभी सार्थक जब वह मानव हित में हो : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में की इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में सहभागिता

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कोई भी नई तकनीक तभी सार्थक है, जब वह मानवता के हित में अवसरों से भरपूर और कारगर हो। हमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता अर्थात आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) को नवाचार के साथ सबके विकास, सामाजिक समरसता, सुशासन और देश-प्रदेश के सर्वांगीण विकास के साधन के रूप में अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि भारत आज डिजिटल परिवर्तनों को अपनाकर निरंतर आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में एआई कृषि, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन उद्योग और प्रशासन में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एआई के माध्यम से पारदर्शिता बढ़ेगी, निर्णय प्रक्रिया तेज होगी और आम नागरिक तक योजनाओं का लाभ भी अधिक प्रभावी ढंग से पहुंच सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय एकता और सामूहिक संकल्प का आह्वान करते हुए कहा कि देश के विकास के लिए सभी को मिलकर आगे बढ़ना होगा। हम सब एकजुट होकर एआई के माध्यम से भारत को समृद्धि की नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं। एआई तकनीक हमारे लिए अवसर भी है और जिम्मेदारी भी। शीघ्र ही मध्यप्रदेश स्टेट एआई मिशन लांच करेगा, जो शासन प्रणाली, सार्वजनिक सेवाओं और आर्थिक अवसरों को तकनीक आधारित रूप में बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।



### हमारी सरकार तेज गति से आगे बढ़ रही

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम् में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 के समापन सत्र में सहभागिता की। उन्होंने भारत मंडपम् स्थित भोपाल मीडिया सेंटर में नेशनल मीडिया करेस्पांडेंट्स से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के भविष्य और इसके इस्तेमाल पर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एआई से निर्भय होकर देश के हित में काम करने पर जोर दिया है। हमारी सरकार प्रदेश की समृद्धि के लिए सभी चुनौतियों से उबरकर तेज गति से आगे बढ़ रही है।

### एआई नये जमाने की नई वैज्ञानिक विधा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एआई को नये जमाने की नई वैज्ञानिक विधा बताते हुए इसके जिम्मेदारीपूर्ण और मानवीय उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एआई तकनीकी प्रगति के माध्यम के साथ मानव जीवन की गुणवत्ता सुधारने का सशक्त साधन भी है। सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राष्ट्र के लिए यह आवश्यक है कि एआई का विकास और उपयोग भारतीय मानवीय मूल्यों के संरक्षण के साथ हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में प्रतिभा, संसाधन और दृष्टि, तीनों का अद्वितीय संगम मौजूद है।

### हमारे पास पर्याप्त लैंड बैंक है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा प्रदेश देश के मध्य में स्थित है। हमारे पास पर्याप्त लैंड बैंक है। प्रदेश में एआई आधारित एक बड़ा डेटा सेंटर स्थापित किया जाएगा। इस डेटा सेंटर की स्थापना के लिए हमने बड़े निवेशकों और कम्पनियों को भी आमंत्रित किया है। एआई के जरिए प्रदेश के तकनीकी विकास और समृद्ध मध्यप्रदेश के निर्माण को गति मिलेगी। प्रदेश के नागरिकों के कल्याण के लिए हम हर सेक्टर में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि प्रधान राज्य है।

### हमारे युवाओं में टैलेंट की कमी नहीं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश के बड़े और छोटे शहरों में आईटी पार्क बनाए जा रहे हैं। हमारे युवाओं में टैलेंट की कमी नहीं है। युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार कार्य कर रही है। प्रदेश में एआई सेक्टर के विकास के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर, टैलेंट सपोर्ट, इंडस्ट्री में उपयोग, रिसर्च और इनोवेशन से जुड़कर इंडस्ट्री रिसर्च सेंटर को प्रोत्साहन देकर आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने के लिए हम आगे बढ़ेंगे।

### हमारा राज्य कृषि क्षेत्र में समृद्ध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा राज्य कृषि क्षेत्र में समृद्ध होता जा रहा है। मध्यप्रदेश गेहूं और धान उत्पादन में अग्रणी है। राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए फल उद्यान, बागवानी फसलों और जैविक खेती को प्रोत्साहित कर रही है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग हमारे सभी किसानों को एआई का भरपूर लाभ दिलाने में मदद करेगा।

### मध्यप्रदेश में बनेगा एआई का पूरा ईको सिस्टम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में एआई का पूरा नया ईको सिस्टम तैयार किया जाएगा। इस ईको सिस्टम के 5 मुख्य हिस्से होंगे। पहला कम्प्यूटर इंफ्रॉस्ट्रक्चर- इसमें साझा जीपीयू और डेटा सेंटर होगा। दूसरा टैलेंट डेवलपमेंट- इसमें कॉलेजों में एआई की पढ़ाई और इंडस्ट्री सर्टिफिकेशन किया जाएगा। तीसरा स्टार्ट-अप सपोर्ट- इसमें फंडिंग, मेंटरशिप और इन्क्यूबेशन की सुविधा दी जाएगी।

### वैश्विक टेक कंपनियों से किया वन-टू-वन संवाद

एआई समिट में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न अग्रणी वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों के वरिष्ठ नेतृत्वकर्ताओं के साथ वन-टू-वन संवाद किया की। एनवीडिया की उपाध्यक्ष कैलिस्टा रेडमंड से पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप की स्थापना, स्टार्टअप्स को सब्सिडी दरों पर जीपीयू उपलब्ध कराने, स्थानीय साझेदारों को सशक्त बनाने के लिए सहयोग तंत्र विकसित करने और तकनीकी टूल्स, संसाधन और लाइब्रेरी उपलब्ध कराने पर चर्चा की। श्री ब्रेनो मेलो से वन-टू-वन बैठक कर राज्य में समाधान प्रदाता के रूप में उनकी भूमिका, उपलब्ध तकनीकी समाधानों के उपयोग और एमओयू के अनुरूप पायलट प्रोग्राम प्रारंभ करने पर चर्चा की।

### विभिन्न कंपनियों के साथ हुए एओयू

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम के माध्यम से राज्य के एआई मिशन के प्रमुख स्तंभों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने के लिए 3 महत्वपूर्ण रणनीतिक समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया। इन एमओयू में जेनस्पार्क एआई इंक. के साथ एआई इन्फॉस्ट्रक्चर के अनुकूलन, सृजनात्मक एआई आधारित शासन समाधानों के विकास और नवाचार परीक्षण मंच की स्थापना पर सहमति बनी।



# मंत्रियों के इस्तीफे की मांग को लेकर किया पुतला दहन

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** भारत अमेरिका ट्रेड डील एवं मनरेगा में केन्द्र सरकार द्वारा बदलाव कर मजदूरी के कानूनी अधिकार पर प्रहार के विरोध में तथा मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार के तीन कलंकित मंत्रियों के इस्तीफे की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संगठन महासचिव नितिन मिश्रा के नेतृत्व में चार पुतलो का दहन अम्बेडकर चौक के पास किया गया। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि बदजुवान मंत्री जो सत्ता के नशे में मदमस्त है। वह तीनों मंत्री पद से चिपके हुए है उन्हें तो नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिये। पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कफ सीरप के जिम्मेवार मंत्री राजेन्द्र शुक्ल, सेना, अधिकारी और महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाले मंत्री विजय शाह, दूषित पानी से हुई मौतों के जिम्मेवार मंत्री कैलाश विजयवर्गीय यदि इस्तीफा नहीं देते तो उन्हे बर्खास्त करे मोहन सरकार। संजय चौरसिया, वीरेन्द्र दवे, राजेश तिवारी, तिलक सींग, रजनी ठाकुर, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, बबलु भटट्, रोहन पाठक, विक्रम ठाकुर, कमला निषाद, लाखन सिंह, मुख्तार जाफ़री ने कथित दोषी मंत्रियों का पुतला फूकते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार की असफलता के चलते प्रदेश व्यापक आर्थिक बदहाली और अराजकता के दौर से गुजर रहा है। पार्षद राजा रोतेला, शैलेन्द्र सिंह, हेमराज, मिक्की चंदेल एवं डालचंद कुशवाहा, पप्पू कुशवाहा, अशोक ठाकुर, गोपाल रैकवार, वीरेन्द्र चौबे, संजय सेठ, अरूण दुबे, श्रीकांत पटैल, प्रमेश सीरोठिया, गीता लोधी, अजय जाटव, वीर सिंह, शेरू कछवाहा, रामकुमार सीरोठिया, प्रवेन्द चंदाकर ने भी भाजपा की केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की अनीतियों के खिलाफ जमकर नारेवाजी करते हुए कहा कि मोहन सरकार को इन मंत्रियों में क्या दिख रहा है जिसके कारण वह दबाव में है। इस अवसर पर खिल्लू ठाकुर, विनोद पटैल, विन्दू पटेल, संजीव अहिरवार, दुर्गेश नामदेव, नीलेश यादव, एके चिश्ती, सलीम बेटरी, अरविन्द सिह, धीरज यादव, बाबु चौहान, मानक अहिरवार सहित कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।

## अजब धाम में वार्षिक महोत्सव का समापन

**हटा (स्वतंत्र मत)।** बटियागढ़ ब्लॉक के प्रसिद्ध अजब धाम में जै जै सरकार वार्षिक महा महोत्सव का शुक्रवार को धार्मिक अनुष्ठान, भंडारा प्रसादी के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर में पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओ ने छोटे सरकार महंत रामनुग्रह दास का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। बड़ी संख्या में दमोह-जबलपुर कटनी मंडला नरसिंगपुर आदि जिलों से श्रद्धालु अजबधाम पहुंचे और अजबश्री सरकार और छोटे सरकार से आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन स्थल पर मेले में श्रद्धालुओं और महिलाओं, बच्चों ने आनन्द लिया। सुरक्षा व्यवस्था में अजब धाम में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे। आयोजन स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया जिसमें बुंदेलखंड एंजेल की लोक गायक और कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देने पहुंचे।





# सफाईकर्मियों की लापरवाही से वार्ड नंबर 1 के लोग परेशान

**पथरिया (स्वतंत्र मत)।** पथरिया नगर के वार्ड क्रमांक एक में इन दिनों हालात बद से बद्तर है। जहां पर निवासरत सैंकड़ों परिवार नाले के गंदे पानी और सफ़ाई के अभाव से परेशान है। ताज्जुब करने वाली बात तो यह है कि इस गंदे पानी से भरे गड्ढे के ठीक सामने शासकीय प्राथमिक शाला है जिसमें रोजाना छोटे-छोटे बच्चे अपने उज्वल भविष्य के लिए आते है। परंतु उन बच्चों को भी स्कूल पहुंचने से पहले गड्ढे में भरे नलियों के गंदे पानी का सामना करना पड़ता है। वहीं वार्ड के लोगों ने बताया कि यह समस्या आज की नहीं बल्कि काफी समय से है इसकी शिकायत वार्ड पार्षद, सफाई, कर्मी, दरोगा एवं नगर परिषद में भी कर चुके है परंतु अबतक सफाई संबंधी समस्या का कोई निराकरण नहीं हुआ न ही नालियों की सफाई होती है और ना ही इस गड्ढे में भरे गंदे पानी को निकाला जाता है। जिस वजह से वार्ड के लोगों को आवागम करने और स्कूली बच्चों को स्कूल जाने में समस्या का सामना करना पड़ता है।

# किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये कराया पंजीयन : मंत्री राजपूत

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने जानकारी दी है कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये अब तक एक लाख 81 हजार 793 किसानों ने पंजीयन करा लिया है। पंजीयन की कार्यवाही 7 मार्च तक जारी रहेगी। उन्होंने किसानों से अपील की है कि निर्धारित समय में पंजीयन जरूर करा लें। उन्होंने बताया है कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। कुल 3186 पंजीयन केन्द्र बनाये गए हैं। केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिये गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रूपये अधिक है। मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि अभी तक इंदौर संभाग में 27 हजार 175, उज्जैन में 73 हजार 398, ग्वालियर में 3358, चम्बल में 1449, जबलपुर में 12 हजार 342, नर्मदापुरम में 11 हजार 698, भोपाल में 41 हजार 268, रीवा में 3242, शहडोल में 726 और सागर संभाग में 7137 किसानों ने पंजीयन कराया है।



**पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था**

पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है।

पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था

पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है।

**किसानों को करें एसएमएस**

खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि विगत रबी एवं खरीफ के पंजीयन में जिन किसानों के मोबाइल नंबर उपलब्ध हैं, उन्हें एसएमएस से सूचित करने के निर्देश दिये गये हैं। गांव में डोंडी पिटवाकर ग्राम पंचायतों के सूचना पटल पर पंजीयन सूचना प्रदर्शित कराने तथा समिति/ मंडी स्तर पर बैनर लगवाने के निर्देश भी दिये गये हैं।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद नरसिंहपुर (म.प्र.)

क्रमांक 4596/रा.शा./नपा/2025 नरसिंहपुर दिनांक 19/02/2026

**इश्तहार सूचना (भवन/प्लाट/दुकान नामांतरण सूचना)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय द्वारा निम्नांकित आवेदनो पर नामांतरण कार्यवाही की जाना है। इस हेतु आज दिनांक से तीस दिवस के अंदर आपत्तियों का आव्हान किया जाता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियां एवं प्रमाण रहित आपत्तियां मान्य नहीं की जावेगी। सूचित होवें ।

| क्र. | प्रकरण क्रमांक | वार्ड का नाम | भवन/प्लाट | संपति हस्ता. माध्यम | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तान्तरिति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 374/09-02-2026 | किसानी | प्लाट | पंजी. बैनामा | टीकाराम ठाकुर | रीना जाट |
| 2 | 375/09-02-2026 | पटैल | भवन | पंजी. बैनामा | आलोक गुप्ता वगैरह | किरण सोनी |
| 3 | 376/09-02-2026 | पटैल | प्लाट | पंजी. बैनामा | आलोक गुप्ता वगैरह | ममता गुप्ता |
| 4 | 377/10-02-2026 | बेलापुरकर | प्लाट | पंजी. दानपत्र | धनीराम चौरसिया | अमितकुमार चौरसिया |
| 5 | 378/10-02-2026 | रानी अवन्ति | भवन | पंजी. हकत्याग | ऋतु वर्मा वगैरह | भूपेन्द्रसिंह झाला |
| 6 | 379/11-02-2026 | मुशरान | प्लाट | पंजी. बैनामा | नीरज गुप्ता | सुनीता साहू वगैरह |
| 7 | 380/11-02-2026 | किसानी | प्लाट | पंजी. बैनामा | मो. अनवर राईन | सपना साहू |
| 8 | 381/13-02-2026 | तिलक | भवन | पंजी. हकत्याग | रामकुमार पाठक | उमेश पाठक |
| 9 | 382/13-02-2026 | नरसिंह | भवन | पारि. व्यवस्था | रुपकुमार सोनी | ज्योति सोनी |
| 10 | 383/16-02-2026 | शास्त्री | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | घनश्याम रैकवार | आशीष रैकवार वगैरह |
| 11 | 384/16-02-2026 | शंकर | भवन | पंजी. बैनामा | विनोद कुमार पारोची | पूर्णिमा मेहतर |
| 12 | 385/16-02-2026 | मुशरान | प्लाट | पंजी. बैनामा | कुमकुम वाधवानी | प्रहलाद पटेल |
| 13 | 386/18-02-2026 | रानी अवन्ति | प्लाट | पंजी. बैनामा | गुलाबचंद बुलवानी | मानसिंह यादव |
| 14 | 387/18-02-2026 | पटैल | भवन | पंजी. दानपत्र | सैय्यद फजल यजंदा | सैय्यद फैजान यजंदा |
| 15 | 388/18-02-2026 | मुशरान | भवन | पंजी. बैनामा | पूजा चावला | कु. शीला पासी |
| 16 | सुभाष पार्क के पास | सुभाष वार्ड | दुकान (गुमठी) नं. 3 | मृत्यु प्रमाणपत्र | अनिलकुमार दुबे | विजयकुमार दुबे, श्रीमति पूजा |

मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद नरसिंहपुर


## पॉलीथिन के एकल उपयोग को कहें ना अभियान का आयोजन

**दमोह।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में ईको क्लब के अंतर्गत पॉलीथिन के एकल उपयोग को ना कहो, अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण हितैषी जीवन शैली अपनाना है। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. पीके जैन के मार्गदर्शन एवं ईको क्लब प्रभारी डॉ मीरा माधुरी महंत के दिशा निर्देश में वनस्पति शास्त्र विभाग में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. नंदराम सुमन एचओडी वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा ग्लोबल वार्मिंग से हो रहे नुकसान और ऋतु चक्रण से पर्यावरण पर पड़ रहे प्रभाव की ओर ध्यानाकर्षण किए गए, डॉ. ऋषिभा दीक्षित द्वारा ईको क्लब के विद्यार्थियों को हरित शपथ दिलाई गई और पर्यावरण को सुरक्षित व संरक्षित करने हेतु प्रेरित किया गया। सुश्री दीपा पाण्डेय द्वारा छात्र छात्राओं का योगदान, साथ ही बताया कि पर्यावरण के प्रदूषित होने से मानव भयंकर बीमारी का शिकार हो रहे हैं, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना अति आवश्यक है।

# पथरिया में भी कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

### अमेरिका भारत किसान समझौते का विरोध

**पथरिया (स्वतंत्र मत)।** पथरिया नगर में आज सुबह से ही अफरा-तफरी का माहौल मचा हुआ था। सुबह 11 बजे से पथरिया नगर का समस्त पुलिस बल नगर की मुख्य सड़कों पर बज्र सहित तैनात दिखा एवं पथरिया एसडीएम निकेत चौरसिया और नायब तहसीलदार दीपमाला भी मौके पर मौजूद रहे। तकरीबन 2 घंटे बाद पथरिया कांग्रेस कमेटी द्वारा पथरिया नगर के हृदय स्थल संजय चौराहे पर प्रदर्शन किया। दरअसल यह प्रदर्शन कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को औकात में रहो वाली बात और अमेरिका भारत किसान समझौते को लेकर हुआ। प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रधानमंत्री के पुतले को जलाकर प्रदर्शन करना चाहा परंतु मौके पर पुलिस बल द्वारा ऐसा करने से रोक दिया गया यह प्रदर्शन लगभग 10 से 15 मिनट तक चला जिसमें कांग्रेस के लोगों और पुलिस बल दोनों के बीच झूमा झपटी हुई और कांग्रेस पार्टी के लोगों के हाथ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला छीन लिया गया। वहीं पथरिया के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने कहा कि कैलाश विजयवर्गीय अपने आपत्तिजनक वक्तव्य के लिए माफी मांगे जिस प्रकार उन्होंने औकात जैंसे शब्दों का भरी सभा में उपयोग किया है। वह अपने आप में एक शर्मसार कर देने वाली घटना है।

इसके पहले भी इंदौर कांड के दौरान इनके द्वारा एक पत्रकार को आपत्तिजनक बात कही गई थी। कैलाश एक वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी है। यह सत्ता के नशे में इतने मशगूल है। की यह किसी से भी कुछ भी कह रहे है और इनकी सत्ता होने से इनपर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही। वहीं लक्ष्मण सिंह द्वारा कार्यवाही के रूप में कैलाश विजयवर्गीय को विधानसभा से बर्खास्त करने की मांग की गई ।

## तीन मंत्रियों सहित प्रदेश सरकार का पुतला फूंका

**हटा (स्वतंत्र मत)।** नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में दमोह नाके पर प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार तथा तीन मंत्रियों का नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल और आदिमजाति कल्याण मंत्री विजय शाह का पुतला दहन कर नारेबाजी की। नगर कांग्रेस अध्यक्ष दीपेश पटेरिया ने बताया कि इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में कथित रूप से प्रदूषित पानी के उपयोग से 30 से अधिक लोगों की मौत हो जाने का मामला बेहद गंभीर है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घटना के बावजूद जिम्मेदार मंत्री अब भी अपने पद पर बने हुए हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जब तक जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई नहीं की जाती तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। कांग्रेस ने मंत्री विजय शाह पर भी टिप्पणी संबंधी विवाद के बावजूद कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद दमोह (म.प्र.)

क्र.न.पा./2026/3811 दमोह, दिनांक 19/2/2026

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली मे पंजीकृत ठेकेदारों से अधोलिखित विवरण अनुसार दर पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर नं. | कार्य का नाम एवं विवरण | अनुमानित लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अमानत राशि | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_484085_1 | बजरिया 04 मे कोरी समाज के सामुदायिक भवन का मरम्मत कार्य। (विधायक निधि) (तृतीय निविदा ) | Rs. 1.27 लाख | 1000/- 2600/- रु. | 7/3/2026 |
| 2. | 2026_UAD_484086_1 | बजरिया 03 मे बडेपुरा मर धूनी वाले दद्दा जी की कुटी के पास सार्वजनिक भवन निर्माण कार्य । (विधायक निधि)(तृतीय निविदा ) | Rs. 2.53 लाख | 2000/- 2600/- रु. | 7/3/2026 |
| 3. | 2026_UAD_484089_1 | फुटेरा 01 मे श्री सूर्य विजय चक्र अखाड़ा के पास सार्वजनिक कक्ष निर्माण कार्य । (विधायक निधि)(तृतीय निविदा) | Rs. 1.59 लाख | 1000/- 3200/- रु. | 7/3/2026 |
| 4. | 2026_UAD_484093_1 | बजरिया 02 मे चक्रवर्ती समाज के सामुदायिक भवन मे शौचालय एवं पेवर ब्लॉक कार्य । (विधायक निधि) (तृतीय निविदा) | Rs. 1.36 लाख | 1000/- 2800/- रु. | 7/3/2026 |

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद दमोह



**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन नामिनी नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित धनवंतरी नगर जबलपुर स्थित भवन क्रमांक Jr.HIG Duplex - 04 श्रीमती कमला अग्निहोत्री पति श्री राम कुमार अग्निहोत्री एवं श्री राम कुमार अग्निहोत्री पिता स्व श्री महंत प्रेमदास अग्निहोत्री को संयुक्त रूप से आंवटित है। आवंटी श्री राम कुमार अग्निहोत्री पिता स्व श्री महंत प्रेमदास अग्निहोत्री का निधन दिनांक 21.05.2021 को हो गया है सह आवंटी श्रीमती कमला अग्निहोत्री पति स्व. श्री राम कुमार अग्निहोत्री के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के आधार पर उनके नाम से साथ उनके पुत्र श्री अतुल कुमार अग्निहोत्री पिता स्व. श्री राम कुमार अग्निहोत्री के पक्ष में नामांतरण करने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथपत्र अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन/ दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं, उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त भवन नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**



**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार श्री मदनगोपाल यादव पिता स्व0 श्री हल्केराम यादव, निवासी- म0न0 593, आकांक्षा हास्पिटल के पास, घमापुर चौक, महर्षि अरविंद वार्ड, जबलपुर, म0प्र0 वालों की ओर से अधिकृत होकर उनके निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ, कि मेरे पक्षकार एवं उनके पडोस में निवासरत् उनके नातेदार श्रीमती आशा यादव एवं अन्य के मध्य आवासीय पुश्तैनी सम्पत्ति को लेकर एक सिविल वाद माननीय व्यवहार न्यायालय, जबलपुर में प्रचलित एवं विचारणीय है, जिसमें मेरे पक्षकार वादी है एवं श्रीमती आशा यादव व अन्य प्रतिवादीगण के रूप में निहित है, जिसका प्रकरण क्रमांक RCSA/79/2025 है, के संबंध में ज्ञात हुआ है कि श्रीमती आशा यादव व अन्य द्वारा न्यायालय में विचाराधीन, संपत्ति को बेचने का प्रयास कर रहें है, तत्संबंध में कृप्या कोई भी व्यक्ति, बैंक संस्था, आदि प्रश्नाधीन संम्पत्ति के संबंध में कोई भी लेन-देन न करें, अन्यथा इसकी जिम्मेवारी उनकी स्वयं की होगी।

**पी.बालाकृष्ण**
**अधिवक्ता**
**मो.9479493411**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 20/2/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सरोजनी चौधरी पति श्री आर.के.चौधरी, प्रियंक, मयंक पिता स्व. श्री आर.के.चौधरी ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद बैनर्जी के भवन क्रमांक 1779/2T-F-2 संपत्ति के पिन क्रमांक 1000398887 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकबा व.फु. जिस पर निर्मित तृतीय तल 850 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज डॉ.आर.के.चौधरी पिता आर.एस.चौधरी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 20/2/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मोहनी सिंह पति श्री व्यंकट देव सिंह ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद बैनर्जी के भवन क्रमांक 1702 गोविंद भवन संपत्ति के पिन क्रमांक 1000400097 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित प्रथम तल 1087 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री बी.के.कठल पिता स्व. श्री एम.एल.कठल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

# सिहोरा में तनाव दूसरे दिन भी तैनात रहा भारी पुलिस बल

## लोगों ने एक दूसरे पर किया जमकर पथराव, अब तक दर्जनों गिरफ्तार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

सिहोरा के आजाद चौक में स्थित दुर्गा मंदिर और मस्जिद के बीच आरती-अजान को लेकर गुरूवार को हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। इस घटना के बाद मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और अब तक 49 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इधर शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में हिन्दूवादी संगठनों ने सिहोरा पहुंचकर जमकर प्रदर्शन किया। उन्होंने थाने का घेराव करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की।



### ये है पूरा मामला

दरअसल गुरूवार की रात आजाद चौक पर बने दुर्गा मंदिर में रात के समय आरती हो रही थी। इसी बीच मंदिर के सामने बीन मस्जिद में भी आज़ान हो रही थी। इसी बीच तभी एक युवक ने मंदिर की ग्रिल तोड़ दी। इससे हिंदू पक्ष के लोग भड़क गए। झगड़ा इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पथराव शुरू कर दिया। दुर्गा मंदिर समिति के सदस्य अंकेश गुप्ता ने आरोप लगाया कि भीड़ ने मंदिर में घुसने की कोशिश की और उन्हें अंदर से घसीटकर बाहर निकाला गया। उनके साथ मारपीट की गई। इसके बाद 20-25 मिनट तक पथराव चलता रहा, जिसमें मंदिर के कांच टूट गए और कई लोग घायल हुए। इस घटना की जानकारी लगते ही मौके पर भारी पुलिस बल पहुंचा गया। जिन्होंने उपद्रवियों को खदेड़ने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया।

### हिंदूवादी संगठनों ने किया प्रदर्शन

इस घटना के बाद शुक्रवार दोपहर हिंदू संगठनों ने सिहोरा थाने का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने मंदिर के सामने मस्जिद तोड़ने और नमाज पर रोक लगाने की मांग की। कई लोग सड़क पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ करते रहे। बस स्टैंड क्षेत्र में कुछ ठेले भी पलटे गए। घटना की सूचना मिलते ही डीआईजी अतुल सिंह, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और एसपी संपत उपाध्याय मौके पर पहुंचे। खितौला, गोसलपुर, पनागर समेत 12 से अधिक थानों का पुलिस बल तैनात किया गया। इलाके में फ्लैग मार्च निकाला गया। बतां दें कि आजाद चौक क्षेत्र को पहले से ही अतिसंवेदनशील माना जाता रहा है। यहां दुर्गा मंदिर और मस्जिद आमने-सामने हैं। आए दिन विवाद की स्थिति बनती रही है। बहरहाल पुसिल ने इस मामले में अब तक लगभग 49 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया गया है।

# टैक्स चोरी के वाहनों को काटकर बनाया जा रहा था कबाड़

## क्राइम ब्रांच और आधारताल थाने की संयुक्त कार्यवाही

## 50 लाख का माल बरामद

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



बिना वैध अनुमति ट्रक-कार काटकर स्क्रैप बेचने का अवैध कारोबार करने वाले गैराज मालिक पर क्राइम ब्रांच और आधारताल थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्यवाही की है। छापेमारी कर गैराज से ट्रक, कार, कटे स्क्रैप पार्ट्स और ऑक्सीजन सिलेंडर समेत करीब 50 लाख रुपए का सामान जब्त किया। आरोपी मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक वह टैक्स चोरी वाली गाड़ियों को भी बिना अनुमति काटता था। जानकारी के मुताबिक क्राइम ब्रांच को सुबह सूचना मिली कि आधारताल थाना क्षेत्र के खजरी खिरिया स्थित एक गैराज में आतिफ अली (निवासी छोटी ओमती) अवैध रूप से ट्रक और कार काटकर स्क्रैप बनाने की तैयारी कर रहा है। सूचना पर क्राइम ब्रांच और आधारताल थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश दी। जांच में कई गाड़ियों के स्क्रैप और इंजन मिले।

***नहीं मिले कोई भी दस्तावेज***- पुलिस ने जब इन वाहनों के दस्तावेज और कटिंग की अनुमति या लाइसेंस के बारे में पूछा तो आरोपी कोई वैध अनुमति या लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने मौके पर गैराज मालिक आतिफ अली के कब्जे से आधा कटा ट्रक सहित कई वाहन, इंजन अन्य सामन बरामद किए है। बरामद सामग्री की कुल कीमत करीब 50 लाख रुपए आंकी गई है।

जांच में सामने आया कि आतिफ अली अन्य लोगों के साथ मिलकर बिना वैध अनुमति वाहनों को काटकर स्क्रैप बना रहा था। साथ ही वाहनों का रजिस्ट्रेशन निरस्त कराए बिना टैक्स भी जमा नहीं किया गया था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कपड़ा व्यापारी के घर लाखों की चोरी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

अधारताल थाने में शेख शाहवान मंसूरी उम्र 42 वर्ष निवासी आयशा नगर अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह कपड़े का व्यापार करता है। विगत दिनों पहले वह परिवार सहित अपने पेतृक गांव कुड़ारी उमरिया गया था । इसी बीच पड़ौसी ने फोन पर घर में चोरी होने की सूचना दी। उसने वापस आकर देखा तो घर के गेट का ताला टूटा हुआ था अंदर जाकर देखा दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर रखी आलमारी का लॉक टूटा था। आलमारी में रखे नगदी 1 लाख 50 हजार रूपये गायब थे, पलंग को चैक किया जिसमें रखे सोने का 1 हार, झुमकी, कंगन, मंगलसूत्र, मनचली, अंगूठी एवं चांदी की करधन, पायल, बिछिया नहीं थे। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

# मंदिरों से एकत्रित होने वाले फूलों से नगर निगम तैयार कर रहा गुलाल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025-26 के अंतर्गत नगर निगम ने स्वच्छता और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और बड़ा कदम बढ़ाया है। 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को साकार करते हुए निगम अब मंदिरों से निकलने वाले श्रद्धा के फूलों (वेस्ट फ्लॉवर्स) को फेंकने के बजाय उनसे शुद्ध और स्वदेशी गुलाल तैयार कर रहा है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बताया कि इस बार की होली में रासायनिक रंगों के बजाय, शहरवासी मंदिरों के गुलाब और गेंदे से बने प्राकृतिक गुलाल से



सराबोर होंगे। निगमायुक्त ने बल्देबाग स्थित स्वदेशी प्लांट का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने फूलों से गुलाल बनाने की प्रक्रिया का अवलोकन किया और टीम को निर्देश दिए कि आगामी होली के त्योहार को देखते हुए तैयारियों में तेजी लाई जाए। उन्होंने जोर दिया कि गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न हो ताकि नागरिकों को बेहतरीन और त्वचा के लिए सुरक्षित गुलाल मिल सके। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि शहर के विभिन्न मंदिरों से प्रतिदिन एकत्रित होने वाले फूलों का सदुपयोग हो रहा है। उन्होंने कहा कि रसायनों से मुक्त, पूरी तरह से प्राकृतिक और हर्बल गुलाल का निर्माण किया जा रहा है।

# एमपी ट्रांसको में नवागत अभियंताओं से एमडी ने किया संवाद

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में नवागत सहायक अभियंताओं के साथ मुख्यालय शक्तिभवन में परिचयात्मक संवाद आयोजित किया गया। प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने कहा कि प्रत्येक चुनौती के सामने कंपनी की उत्कृष्टता बनाए रखना ही सभी अधिकारियों का प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कठिन चयन प्रक्रिया से यहां तक पहुंचना केवल रोजगार नहीं, बल्कि संस्था की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी भी है। हाल ही में एमपी ट्रांसको में चयनित 42 अभियंताओं, जिनमें 17 महिला अभियंता शामिल हैं, को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रशिक्षण अवधि को कार्यालयीन जीवन का सबसे महत्वपूर्ण चरण बताया और फील्ड प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने का आह्वान किया। श्री तिवारी ने कहा कि सहायक अभियंता संवर्ग कंपनी में सर्वोच्च पद तक पहुंच सकता है, अत: सभी पूरे मनोयोग से दायित्व निभाएं। उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र में प्रदेश की अग्रणी भूमिका का उल्लेख करते हुए सामूहिक प्रयासों को सफलता का आधार बताया। कार्यक्रम में सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# 315 परीक्षा केंद्रों में शुरू हुई कक्षा 5वीं-8वीं की परीक्षाएं



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार जिले में कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा सुचारू रूप से 63 जन शिक्षा केंद्र अंतर्गत 315 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जा रही हैं। जिले के 2485 शासकीय एवं मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों के साथ डाईस कोड प्राप्त मदरसों में अध्यनरत कक्षा पांचवी के 34128 तथा कक्षा आठवीं के 31005 विद्यार्थी अर्थात कुल 65133 विद्यार्थी परीक्षा में सहभागिता कर रहे हैं। शुक्रवार 20 फरवरी को परीक्षा के प्रथम दिवस प्रथम भाषा विषय का पेपर संपन्न हुआ। जिला शिक्षा केंद्र से डीपीसी योगेश शर्मा, एपीसी राजेश तिवारी, बीएसी अजय रजक ने सरस्वती शिक्षा मंदिर विजयनगर, सेपियंट हाइट इंटरनेशनल स्कूल, एमडीबंगाली स्कूल, अंजुमन इस्लामिया स्कूल माढ़ोताल परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। सभी परीक्षा केंद्रों में केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक सभी अपने निर्धारित दायित्व निर्वहन कर रहे हैं। परीक्षा दिवस को ही जनशिक्षा केंद्रों से परीक्षा केंद्र तक प्रश्न पत्रों का वितरण किया जा है। परीक्षा के सफल आयोजन हेतु जिला शिक्षा केंद्र समस्त स्टाफ द्वारा, जनशिक्षा केंद्र प्रभारी, बीआरसी, बीएसी, जनशिक्षकों के द्वारा सतत मॉनिटरिंग की गई। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के प्रावधान अनुसार नि:शक्त विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय और लेखक की सुविधा प्रदान की गई।

# वलसाड-दानापुर के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन, जबलपुर में होगा ठहराव

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रेलवे द्वारा आगामी त्यौहारों होली पर यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनें



चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में पश्चिम रेलवे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 09025/09026 वलसाड-दानापुर-वलसाड साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल से होकर अपने गंतब्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 09025 वलसाड से दानापुर स्पेशल ट्रेन दिनांक 23 फरवरी से 30 मार्च 2026 तक प्रत्येक सोमवार को वलसाड स्टेशन से सुबह 08.40 बजे प्रस्थान कर इटारसी रात 20.00 बजे, जबलपुर 23.40 बजे, पहुंचकर अगले दिन कटनी 01.05 बजे, सतना 02.20 बजे पहुंचकर मार्ग से होते हुए दोपहर 12 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09026 दानापुर से वलसाड स्पेशल ट्रेन दिनांक 24 फरवरी से 31 मार्च तक प्रत्येक मंगलवार को दानापुर स्टेशन से दोपहर 14.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सतना 01.30 बजे, कटनी 04.20 बजे, जबलपुर 06 बजे, इटारसी 10 बजे पहुंचकर मार्ग से होते हुए रात 21.30 बजे वलसाड स्टेशन पहुंचेगी। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में भेस्तान, नंदुरबार, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी।




# हितकारिणी महाविद्यालय देवताल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने विद्यार्थियों को किया जागरूक

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शुक्रवार को सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर हितकारिणी महाविद्यालय, देवताल गढ़ा में विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. निलेश पांडे द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को नि:शुल्क विधिक सहायता, महिला एवं बाल अधिकार, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार तथा लोक अदालत की प्रक्रिया के संबंध में जागरूक करना रहा। अपने उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. पांडे ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, महिलाएं, बच्चे, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग तथा वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही उपस्थित नागरिकों को हेल्पलाइन सेवाओं एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क करने की प्रक्रिया की जानकारी भी प्रदान की गई। इस अवसर पर विधिक अधिकारी बीडी दीक्षित ने घरेलू हिंसा, संपत्ति विवाद, श्रम कानून एवं साइबर अपराध जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने आगामी लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु नागरिकों से सहयोग की अपील भी की।

## विद्यार्थियों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने प्रश्नोत्तर सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी जिज्ञासाएं रखीं, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा तत्क्षण किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. पुष्पा शुक्ला ने किया तथा आभार प्रदर्शन उप प्राचार्य डॉ. ममता पाठक द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में डॉ. संगीता शुक्ला, डॉ. वर्षा दुबे, डॉ. मीनाबेन, सरिता शर्मा, अंकिता चंसोरिया, मोनिका पांडे, कुमारी श्रद्धा श्रीवास, कु. सौम्या शुक्ला, संदीप परिहार सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वंशजों की अहम बैठक कल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शहर जिला के समस्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वंशजों. उत्तराधिकारियों, परिवारजनों की कल 22 फरवरी रविवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कार्यालय गांधी भवन टाउन हाल में दोपहर 2 बजे अति आवश्यक बैठक आयोजित की गई है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिजन, वंशज, उत्तराधिकारी, संगठन के मनोज नामदेव, राजेन्द्र रज्जू सराफ, केशव प्रसाद चौरसिया, नारायण शर्मा, किरण गठोरिया, प्रीति चौधरी आदि ने बताया कि इस बैठक में महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा व आगामी रूपरेखा का एजेंडा नवीन सदस्यों की सूची तैयार की जायेगी एवं केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार से यह मांग उठाई जायेगी। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वंशज परिजनों को भी शासन द्वारा जो सेनानिजनों को केन्द्र सरकार, प्रदेश सरकार सुख सुविधायें प्रदान करते थे वह सारी सुख सुविधा सेनानि परिजनों को भी मिले इसका एजेंडा तैयार कर संगठन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अजय नारायण सितलानी को भोपाल प्रदेश मुख्यालय को भेजी जाना है। समस्त स्वतंत्रता सेनानियों परिजनों सदस्यों से इस बैठक में संबंधित दस्तावेज जमा कराकर संगठन प्रकोष्ठ में अपने नाम का पंजीयन कराने की अपील की गई है।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**